RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 193
नई दिल्ली, शनिवार, 20 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

सीबीआई के समक्ष पेश होंगे अभिषेक बनर्जी
राष्ट्रीय-11

चलन से बाहर होंगे 2000 के नोट

- 23 मई से 30 सितंबर तक बैंकों में बदले जा सकते हैं आरबीआई लेगा वापस
- हालांकि एक बार में सिर्फ 20,000 रुपये मूल्य के नोट ही बदले जाएंगे

एजेंसी। मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2,000 रुपए के नोट को चलन से बाहर करने की शुक्रवार को घोषणा की। हालांकि इस मूल्य के नोट बैंकों में जाकर 30 सितंबर तक जमा या बदले जा सकेंगे। आरबीआई ने शाम को जारी एक बयान में कहा कि अभी चलन में मौजूद 2,000 रुपए के नोट 30 सितंबर तक वैध मुद्रा बने रहेंगे। इसके साथ ही आरबीआई ने बैंकों से 2,000 रुपए का नोट देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने को कहा है।

उसने बैंकों से 30 सितंबर तक ये नोट जमा करने एवं बदलने की सुविधा देने को कहा है। बैंकों में जाकर 23 मई से 2,000 रुपए के नोट बदले एवं जमा किए जा सकेंगे। हालांकि एक बार में सिर्फ 20,000 रुपए मूल्य के नोट ही बदले जाएंगे। बहरहाल आरबीआई ने यह साफ नहीं किया है कि कोई व्यक्ति अधिकतम कितने मूल्य के 2,000 रुपए के नोट बैंकों में जमा कर सकता है। लेकिन उसने एक बार में अधिकतम 10 नोट ही बदले जाने की बात कही है। आरबीआई का यह कदम नवंबर, 2016 के उस अप्रत्याशित ऐलान से थोड़ा अलग है जिसमें घोषणा की आधी रात से ही 500 एवं 1,000 रुपए के तत्कालीन नोट को चलन से बाहर कर दिया गया था। उसी समय आरबीआई ने 2,000 रुपए के नोट जारी किए थे। हालांकि केंद्रीय बैंक ने यह नहीं बताया है कि 30 सितंबर की समयसीमा खत्म होने के बाद लोगों के पास बचे रह गए 2,000 रुपए के नोट की क्या स्थिति होगी।

सूत्रों के मुताबिक, समयसीमा खत्म होने के बाद भी अगर लोगों के पास ये नोट मौजूद रहते हैं तो उन पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। वित्त सचिव टी वी सोमनाथन ने इस फैसले की घोषणा के बाद एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में कहा कि यह फैसला नवंबर 2016 में की गई नोटबंदी से अलग है और इसका अर्थव्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने 30 सितंबर तक जमा नहीं किए जाने वाले नोट के बारे में पूछे जाने पर कहा कि बैंकों के पास इससे निपटने की समुचित व्यवस्था होगी। वहीं पूर्व वित्त सचिव एससी गर्ग ने कहा कि आरबीआई के इस कदम का मकसद उच्च मूल्य वाले नोट पर निर्भरता को कम करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने का है। उन्होंने कहा कि 2,000 रुपए के आधे नोट पहले ही वित्तीय व्यवस्था से बाहर हो चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने यह कदम ऊंचे मूल्य वाले नोट का इस्तेमाल काला धन जमा करने में किए जाने संबंधी चिंताओं के बीच उठाया है। आरबीआई ने 2,000 रुपए के नए नोट छापना वित्त वर्ष 2018-19 में ही बंद कर दिया था और धीरे-धीरे उनका चलन काफी कम हो चुका है। रिजर्व (शेष पेज 9)

नोटबंदी का जिन्न फिर बाहर आया: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 2,000 रुपए के नोट को सितंबर, 2023 के बाद चलन से बाहर करने की घोषणा किए जाने के बाद शुक्रवार को सरकार पर निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि नोटबंदी वाला जिन्न फिर से लोगों को परेशान करने के लिए बाहर आ गया है तथा सरकार को ऐसे कदम के मकसद के बारे में बताना चाहिए। मुख्य विपक्षी दल ने यह आरोप भी लगाया कि सरकार अपना जन विरोधी और गरीब विरोधी एजेंडा जारी रखे हुए है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, स्वयंभू विश्वगुरु की चिरपरिचित शैली। पहले करो, फिर सोचो। आठ नवंबर, 2016 को तुगलकी फरमान (नोटबंदी) के बाद बड़े धूमधाम से 2000 रुपए का नोट जारी किया गया था। अब इसे वापस लिया जा रहा है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, आठ नवंबर, 2016 का जिन्न (शेष पेज 9)

दिल्ली सरकार के अधिकारों पर केंद्र ले आया अध्यादेश

- ट्रांसफर पोस्टिंग पर अकेले मुख्यमंत्री नहीं करेंगे फैसला, एलजी फिर हुए मजबूत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के मामले में केंद्र सरकार शुक्रवार को अध्यादेश ले आई है। नए अध्यादेश के तहत राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जो अधिकारियों की तैनाती और तबादलों का काम देखेगा। कई साल से लंबित मामले में अंतिम फैसला सुनाते हुए हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने नौकरशाहों की तैनाती और तबादलों का अधिकार दिल्ली सरकार को दे दिया था।

इसके बाद केंद्र द्वारा यह अध्यादेश लाया गया है। ताजा अध्यादेश में प्रावधान किया गया है कि राजधानी में ट्रांसफर-पोस्टिंग और विजिलेंस का काम राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण देखेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के पदेन प्रमुख होंगे और दिल्ली के प्रधान गृह सचिव पदेन सचिव होंगे। इसके अलावा, दिल्ली के मुख्य सचिव, प्रधान गृह सचिव प्राधिकरण के सचिव होंगे।

इस अध्यादेश के अनुसार दिल्ली में अब ट्रांसफर-पोस्टिंग का फैसला अकेले मुख्यमंत्री नहीं ले सकेंगे। बहुमत के आधार पर प्राधिकरण फैसला लेगा और आखिरी फैसला उपराज्यपाल का मान्य होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जहां एलजी की शक्तियां दिल्ली में कम हो गई थीं, इस अध्यादेश ने एक बार फिर उन्हें ताकत दे दी है। इस ऑर्डिनेंस के जरिये केंद्र सरकार ने एक प्रकार से दिल्ली में उपराज्?यपाल के कामकाज पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। इस अध्यादेश के जरिए कोर्ट के फैसले को केंद्र सरकार ने पलट दिया है। दिल्ली में एलजी की शक्ति को दोबारा बहाल किया गया है।

दिल्ली सरकार को पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग सहित सर्विस मामलों में कार्यकारी शक्ति दी थी। इसी के साथ कई वर्षों से चली आ रही अधिकारों की लड़ाई खत्म हो गई थी। केंद्र सरकार के ताजा कदम से खींतान फिर बढ़ सकती है।

जांच में सेबी को नहीं मिला कोई सबूत: समिति

अडाणी मामला

- सुप्रीम कोर्ट की विशेषज्ञ समिति ने कहा, नियामकीय विफलता नहीं दिखी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय की एक विशेषज्ञ समिति ने कहा है कि अडाणी समूह के शेयरों के भाव में हेराफेरी का उसे कोई सबूत नहीं मिला है। इसके साथ ही अडाणी समूह की कंपनियों में विदेशी कंपनियों के निवेश में हुए कथित उल्लंघन की अलग से हुई सेबी की जांच में कुछ नहीं मिला है।

समिति के इस निष्कर्ष को गौतम अडाणी की अगुवाई वाले समूह के लिए एक बड़ी राहत के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि अडाणी मामले की जांच के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने कहा है कि अमेरिका की वित्तीय शोध और निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से पहले अडाणी समूह के शेयरों में शॉर्ट पोजीशन (भाव गिरने पर मुनाफा कमाना) बनाने का सबूत मिला है। समिति ने कहा है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडाणी समूह पर शेयरों के भाव में हेराफेरी करने और धनशोधन के आरोप लगाए जाने के बाद इन शेयरों के भाव में भारी गिरावट आने पर इन शेयर सौदों में मुनाफा कमाया गया। विशेषज्ञ समिति ने वित्तीय अपराधों की (शेष पेज 9)

राहुल का भाषण लिखने वालों को अब कुछ नया करना होगा: भाजपा

नई दिल्ली। अडाणी मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता का भाषण लिखने वालों को उनकी झूठ मशीन को बनाए रखने के लिए अब कुछ और विचित्र करना होगा।

भाजपा नेता अमित मालवीय ने जहां गांधी पर निशाना साधा, वहीं शीर्ष अदालत में अडाणी समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दावा किया कि समिति का निष्कर्ष पूरी तरह से कंपनी के पक्ष में है। रोहतगी ने संवाददाताओं से कहा कि समिति ने पाया कि शेयर की कीमतों में कोई हेरफेर नहीं हुआ है और चिंता करने का कोई वास्तविक कारण नहीं है।

भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख मालवीय ने कहा कि सरकार को निशाना बनाने का राहुल गांधी का एक और अभियान विफल हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले राफेल सौदे को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ चौकीदार चोर है अभियान चलाकर भी उन्हें विफलता ही हाथ लगी थी।

सिद्धारमैया के शपथ समारोह में शामिल होंगे प्रमुख विपक्षी नेता

- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, सोनिया, राहुल, प्रियंका समेत कांग्रेस शासित राज्यों कई मुख्यमंत्रियों और नेताओं को भी निमंत्रण
- मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री के साथ ही कुछ विधायक भी मंत्री के तौर पर लेंगे शपथ

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरु

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया शनिवार को दूसरी बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। उनके साथ डीके. शिवकुमार उपमुख्यमंत्री बनाए जा रहे हैं।

बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में दोपहर साढ़े 12 बजे आयोजित होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री के साथ ही कुछ विधायक भी मंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। देश में 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबले के लिए एकता के प्रयासों के बीच यह आयोजन विपक्षी दलों के लिए शक्ति (शेष पेज 9)

पार्टी के शीर्ष नेताओं संग मंत्रिमंडल गठन पर चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनने जा रहे सिद्धारमैया एवं डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर उन्हें शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ मंत्रिमंडल के गठन के संदर्भ में भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रभारी रणदीप सुरजेवाला के साथ गहन मंथन किया। सिद्धारमैया और शिवकुमार ने 10 जनपथ पहुंचकर राहुल गांधी और प्रियंका (शेष पेज 9)

भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध: प्रधानमंत्री

- कहा- भारत पड़ोसियों से सामान्य संबंध चाहता लेकिन यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे आतंकवाद और शत्रुता मुक्त होकर अनुकूल माहौल बनाए
- जी7, क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने प्रधानमंत्री हिरोशिमा पहुंचे

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत-चीन संबंधों का भविष्य केवल परस्पर सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित हो सकता है।

पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन गतिरोध से जुड़े सवालों पर जापानी प्रकाशन निक्की एशिया के साथ एक साक्षात्कार में मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि पड़ोसी मुल्कों के साथ सामान्य द्विपक्षीय रिश्तों के लिए सीमा पर शांति आवश्यक है। उन्होंने कहा, भारत अपनी (शेष पेज 9)

मोदी-जेलेंस्की के बीच द्विपक्षीय मुलाकात संभव

नई दिल्ली। भारत और यूक्रेन के वरिष्ठ राजनयिक जापान के हिरोशिमा में जी7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच द्विपक्षीय मुलाकात की संभावनाएं तलाश रहे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अगर मोदी और जेलेंस्की हिरोशिमा में मिलते हैं, तो यह पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद दोनों नेताओं की पहली मुलाकात होगी। अधिकारियों ने कहा कि शनिवार को मोदी और जेलेंस्की के बीच बैठक होने की संभावना है, लेकिन इस संबंध में अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है।

क्विक न्यूज

जम्मू-कश्मीर में जी-20 बैठक में शामिल नहीं होगा चीन

बीजिंग। चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह जम्मू कश्मीर में अगले सप्ताह होने वाली जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक में शामिल नहीं होगा। चीन ने कहा कि वह इस तरह की बैठक का विवादित क्षेत्र में आयोजन का दृढ़ता से विरोध करता है। चीन पाकिस्तान का करीबी सहयोगी है। भारत 22 मई से 24 मई तक जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में तीसरी जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक की मेजबानी करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल पर कहा कि चीन विवादित क्षेत्र में किसी भी तरह की जी-20 बैठक आयोजित करने का दृढ़ता से विरोध करता है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी बैठकों में शामिल नहीं होंगे। पाकिस्तान और चीन ने पूर्व में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के बारे में अवांछित टिप्पणियां की है। भारत और चीन के बीच तीन साल से पूर्वी लद्दाख में गतिरोध है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा था कि श्रीनगर में जी-20 बैठक जम्मू कश्मीर के लिए अपनी वास्तविक क्षमता दिखाने का एक बड़ा अवसर है।

न्यायालय ने आनंद मोहन को मिली छूट से जुड़े सारे दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को बिहार सरकार को निर्देश दिया कि वह गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में दोषी पूर्व सांसद आनंद मोहन को दी गई छूट से जुड़े सारे दस्तावेज पेश करे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने बिहार सरकार की ओर से पेश वकील मनीष कुमार से कहा कि मामले में आगे कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा।

पीठ ने उन्हें पूर्व सांसद आनंद मोहन को दी गई छूट से जुड़े सारे दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए। न्यायालय ने आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ जी कृष्णैया की पत्नी की ओर से दाखिल याचिका को आठ अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। प्रारंभ में, कुमार ने याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए कुछ वक्त की मोहलत मांगी थीं। कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि राज्य सरकार ने पश्चगामी ढंग से नीति में बदलाव किया और आनंद मोहन को रिहा कर दिया।

लूथरा ने पीठ से अनुरोध किया कि वह राज्य को आनंद मोहन के आपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े सारे रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दे। साथ ही उन्होंने मामले की सुनवाई अगस्त में करने का भी अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार तथा आनंद मोहन के वकील उसके समक्ष पेश हुए है। पीठ ने साथ ही कहा कि आगे कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा। पीठ ने कहा, प्रतिवादी-4 (आनंद मोहन) को मिली छूट से जुड़े वास्तविक दस्तावेज अदालत में पेश किए जाएं....। पीठ ने यह भी कहा कि आपराधिक पृष्ठिभूमि से जुड़े सभी रिकार्ड भी उसके समक्ष पेश किए जाएं। अधिवक्ता शोएब आलम एक हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश हुए और उन्होंने इस मामले में अदालत को सहयोग देने की अनुमति मांगी।

पीठ ने कहा, मामले का राजनीतिकरण नहीं करिए। हम विशुद्ध कानूनी मुद्दे पर हैं और इसमें किसी हस्तक्षेप की इजाजत नहीं देंगे। अगर हमें लगेगा कि जरूरत है तो हम बार में सभी संबंद्ध लोगों को मामले में सहयोग करने की इजाजत देंगे। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने जी कृष्णैया की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आनंद मोहन को समय से पहले रिहा करने के (शेष पेज 9)

नौसेना ने ढूंढा चीनी मछुआरों का डूबा हुआ पोत

भारतीय नौसेना के टोही विमान पी-8आई ने प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मिशन में पाई कामयाबी

- लापता हुए चीनी जहाज में 17 चीनी नाविक, 17 इंडोनेशियाई समुद्री और पांच फिलीपीन नाविक थे सवार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर में मछली पकड़ने वाले चीनी जहाज का पता लगा लिया है। इस बारे में नौसेना ने चीनी युद्धपोतों को जानकारी दे दी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय नौसेना के लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान पी-8आई ने गुरुवार को चालक दल के 39 सदस्यों को ले जा रहे चीनी पोत को ढूंढने में सफलता पाई।

भारतीय विमान ने मछली पकड़ने वाले पोत लू पेंग युआन यू 017 के जीवनरक्षक जहाज को भी देखा और उसे इसकी ओर जाने के लिए निर्देशित किया। हिंद महासागर क्षेत्र में मछली पकड़ने वाला चीनी जहाज लापता हो गया था। भारत बुधवार को इस जहाज का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर शुरू किए गए खोज और बचाव मिशन में शामिल हो गया था। इस मिशन में भारतीय नौसेना ने भारत से लगभग 900 समुद्री मील की दूरी पर अपने पी-8आई लंबी दूरी के समुद्री हवाई टोही विमान को तैनात किया था। मंगलवार को 39 चालक दल के सदस्यों के साथ चीनी मछली पकड़ने के जहाज लू पेंग युआन यू 028 के डूबने के संबंध में चीन के अनुरोध के बाद यह मानवीय कार्रवाई शुरू की गई थी। नौसेना ने शुक्रवार को यहां कहा कि चालक दल में चीन, इंडोनेशिया और फिलीपींस के नागरिक शामिल थे। भारतीय नौसेना के पी-8आई विमान ने प्रतिकूल मौसम के बावजूद मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं संभवत: डूबे हुए पोत से संबंधित कई वस्तुओं का पता लगाया।

जहां यह जहाज डूबा था, उसके आसपास पीएलए (एन) जहाजों के अनुरोध पर भारतीय विमान ने अपने खोज और बचाव उपकरण तैनात कर दिए थे। समुद्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विश्वसनीय और जिम्मेदार भागीदार के रूप में भारत ने घटना स्थल पर शानदार समन्वय स्थापित किया और पीएलए (एन) युद्धपोतों को वहां जाने के लिए निर्देशित किया। नेवी ने कहा कि वह इस जहाज के लिए अतिरिक्त सहायता मुहैया कराने को तैयार है। चीन की सरकारी मीडिया ने बताया कि रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि लापता चालक दल के सदस्यों की तलाश के दौरान दो शव मिले हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, (शेष पेज 9)

ग्रेनो में कल लगेगा खिलाड़ियों का जमावड़ा मेहमानों के स्वागत की तैयारी में जुटा प्रशासन

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 : शहर में 22 मई तक पहुंच जाएंगे सभी खिलाड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में आगामी 25 मई से 4 जून तक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन किया जाएगा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का ग्रेटर नोएडा आने का सिलसिला 21 मई से शुरू हो जाएगा। 22 मई तक सभी खिलाड़ी पहुंचे जाएंगे। उनके ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। उधर दोनों स्टेडियम में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह आयोजन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय और शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में किया जाएगा। जिसमें 1200 से ज्यादा खिलाड़ी भाग लेंगे और हजारों

नोएडा में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तैयारी की समीक्षा करते जिलाधिकारी।

वॉलंटियर्स शामिल होंगे।

23 मई को कबड्डी प्रतियोगिता के साथ जिले में इन खेलों का शुभारंभ होगा। जो दो जून तक चलेंगे। बैठक में खेल गौतमबुद्ध नगर को खेलो इंडिया में छह प्रतियोगिताओं की मेजबानी मिली है। इस आयोजन में करीब 1200 खिलाड़ी, कोच, वैलेंटियर और मैनेजर आदि भाग लेंगे। इनके रहने

- 25 मई से 3 जून तक चलने वाले खेलों की तैयारियां अंतिम दौर में

की व्यवस्था गौतमबुद्ध नगर विश्वविद्यालय सहित कई जगह पर की गई है। डीएम मनीष वर्मा ने बताया कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी यूपी कर रहा है।

25 मई से शुरू होकर तीन जून तक चलने वाले गेम्स की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। जिले में होने जा रहे खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी को शामिल होने के लिए आमंत्रण भेजा गया है। विश्वविद्यालय में वेटलिफ्टिंग और बास्केटबॉल का टूर्नामेंट आयोजित होगा।

जबकि शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्विमिंग, बॉक्सिंग और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। शूटिंग प्रतियोगिता दिल्ली के एक स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। खेलो इंडिया की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पुलिस विभाग और खेल विभाग ने कार्ययोजना तैयार कर लिया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देश के किसी भी खिलाड़ी को कोई असुविधा नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

पड़ोसी ने घर में घुसकर की चोरी, विरोध करने पर दुष्कर्म का प्रयास

नोएडा। थाना जारचा क्षेत्र के ग्राम छोलस में एक व्यक्ति ने पड़ोसी के घर में घुसकर चोरी की और युवती के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ज्ञान सिंह ने बताया कि छोलस गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह काम करने के लिए भट्ठे पर गए थे। घर पर उनकी बेटी अकेली थी। इसी बीच उनके पड़ोस में रहने वाला सरताज नामक युवक उनके घर में घुस गया।

आरोप है कि आरोपी ने सामान चोरी कर लिया और उनकी बेटी के साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध उसने साथ रेप का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने लड़की का गला दबाने का प्रयास किया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संक्षिप्त समाचार

नोएडा में तंबाकू बेचने के लिए अब लाइसेंस जरूरी

नोएडा। अब किसी भी गली-नुक्कड़ पर कोई तंबाकू या इससे बने उत्पाद नहीं बेच पाएगा। अब नोएडा और ग्रेटर नोएडा में तंबाकू बेचने वालों को लाइसेंस लेना होगा। इसको लेकर गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने नोएडा प्राधिकरण को पत्र भेजा है। यह लाइसेंस नोएडा प्राधिकरण की तरफ से जारी हो सकते हैं। इतना ही नहीं अगर कोई व्यक्ति तंबाकू या गुटका बेचेगा, उसको चॉकलेट या टॉफी बेचने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा कॉलेज और स्कूल से करीब 100 मीटर के इलाके में तंबाकू की दुकान या खोका नहीं होगा। गौतमबुद्ध नगर में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की सलाहकार श्वेता खुराना ने बताया कि तंबाकू बेचने वालों को लाइसेंस पंजीकृत करने के लिए नोएडा प्राधिकरण को लेटर भेजा है।

गार्ड के साथ मारपीट करने वाले गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में हाईराइज सोसाइटी हो या नामी मॉल्स अक्सर आए दिन लोगों और गार्ड्स के बीच मारपीट करते हुए का वीडियो सोशल मीडिया पर दिखाई देता है। शहर में एक बार फिर गार्ड को पीटने का मामला सामने आया है। यह पूरा मामला सेक्टर.70 के आशियाना होम्स सोसाइटी का है। जहां दो युवकों ने गार्ड के रूम में घुसकर उसके साथ मारपीट की है। मारपीट करते हुए का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिख रहा है कि गार्ड सोफे पर लेटा हुआ है। उसके पास 2 लोग आते है और मारपीट करने लगते है। करीब 50 सेकेंड तक गार्ड के साथ दोनों लोग मारपीट करते है।

मोदीनगर में ग्रामीणों ने देखा तेंदुए जैसा जानवर

गाजियाबाद। मोदीनगर में भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव चूड़ियाला के जंगल में गुरुवार की रात तेंदुआ जैसा जानवर होने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और वन विभाग की टीम गांव में पहुंची। ग्रामीणों से बातचीत कर अंधेरे में तेंदुए की जंगल में तलाश की गई, लेकिन ऐसा कोई सुराग नहीं मिला। चूड़ियाला गांव निवासी मुकेश, अर्जुन और कालू बुग्गी में से गुरुवार की रात आठ बजे के आसपास खेत जा रहे थे। उनके पीछे.पीछे एक कुत्ता आ रहा था। जंगल में पहुंचते ही उन्होंने पीछे मुड़कर देखा तो कुत्ता गायब था। युवकों के अनुसार, तेंदुए के जैसे पंजे बन हुए थे। यह देख तीनों ग्रामीण घबरा गए और उन्होंने गांव में पहुंचकर तेंदुआ जैसा जानवर होने का शोर मचा दिया।

जिला अस्पताल में बनाया गया साउंड प्रूफ कमरा

नोएडा। राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल में सेकेंड फ्लोर पर साउंड प्रूफ रूम बनाया जा रहा है। साउंड प्रूफरूम में ऑडियोमेट्री मशीन लगाई जा रही है। इस मशीन के जरिए बहरापन की जांच की जाएगी ताकि समय से बहरापन का चिकित्सकीय प्रबंधन किया जा सके। ये जानकारी सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने दी। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा आर पी सिंह ने बताया कि कान में लंबे समय तक संक्रमण बना रहना बहरेपन का सबसे आम कारण है। इसके अलावा उम्र बढ़ने के साथ भी सुनने की क्षमता का नुकसान होती है। अन्य कारणों में तेज आवाज, कान में चोट लगने से भी बहरापन हो सकता है।

सेक्टर-32 में 21 घंटे से धधक रहा कूड़े का ढेर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-32ए के खाली मैदान में 21 घंटे से आग लगी हुई है। यहां बनी वेव बिल्डर की इमारत भी धुआं के आगोश में आ चुकी है। इस फील्ड के चारों और पॉश सेक्टर है। जिसमें करीब दो लाख की आबादी और एक अस्पताल भी है।

चीफफायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि आग एक तरफ नहीं है। वो फैली हुई है इसे बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकांश स्थान पर काबू पा लिया गया है। पत्ते और लकड़ी होने की वजह से हवा के साथ ये तेजी से आग पकड़ रही है। जल्द ही पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा। इसमें कोई जन नुकसान की

नोएडा के सेक्टर 32 में कूड़े के ढेर में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

जानकारी नहीं है। दरअसल नोएडा के सेक्टर.32ए का 1.8 लाख वर्गमीटर का ये हिस्सा है। इस जमीन पर अभी कोई योजना नहीं है। इसलिए जमीन को समतल करने के लिए यहां उद्यानिक कचरा फेंका जा रहा था। तेज गर्मी के चलते गुरुवार रात को इसमें आग लगी। जानकारी मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियां पहुंची। उन्होंने आग पर काबू पाने का प्रयास

- 20 से ज्यादा दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं, 100 मीटर ऊपर तक फैला धुआं

किया। दोपहर 12 बजे मौके पर करीब 20 फायर टेंडर और तीन दर्जन से ज्यादा दमकल कर्मी आग बुझाने का प्रयास कर है। ये सभी अलग.अलग दिशा से आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे है। इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण के टैंकर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। सीएफओ ने बताया कि बड़ी कंपनियां जेपी, हल्दीराम के प्राइवेट फायर टेंडर भी मंगाए गए है।

कपिल सिंह बने यमुना अथॉरिटी के एसीईओ, मोनिका पहुंचीं बहराइच

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 बड़े आईएएस अफसरों के तबादले किए जिसमें मोनिका रानी की जगह आईएएस कपिल सिंह को यमुना प्राधिकरण का एसीईओ बनाया है। कपिल सिंह का ट्रांसफर लखनऊ से सीधे यमुना प्राधिकरण में हुआ है। वह लखनऊ में राज्य पोषण मिशन विभाग में निदेशक पद पर थे।

राज्य सरकार से मिली जानकारी के मुताबिक देवीपाटन मंडल के मंडल आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा नियुक्त किए गए हैं। दिनेश चंद्र को सहारनपुर का जिलाधिकारी बनाया

- लखनऊ में राज्य पोषण मिशन विभाग में निदेशक पद पर थे कपिल सिंह

गया है। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोनिका रानी का तबादला बहराइच डीएम के तौर पर किया गया है। सीनियर आईएएस अफसर सुधीर बोबडे को राज्यपाल का अपर मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा लोकेश राम को बस्ती का मंडलायुक्त बनाया गया है।

निर्माणाधीन भवन में चोट लगने से श्रमिक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में थाना बीटा-2 क्षेत्र के नवादा गांव में भवन निर्माण का काम करते समय 35 वर्षीय युवक चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना बीटा-2 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक की पहचान सेनचर्या टुटु (उम्र 35 वर्ष) के रूप में हुई है जो बिहार के कटिहार जनपद का मूल निवासी था।

उन्होंने बताया कि सेनचर्या एक निर्माणाधीन भवन में काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि निर्माण का काम करते समय उसे चोट लग गई जिसके बाद उपचार के लिए उसे जिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बृहस्पतिवार को उसे मृत घोषित कर दिया।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार एक की मौत और 2 घायल

नोएडा। नोएडा एक्सप्रेसवे पर बीती रात को एक कार आगे चल रही ट्रैक्टर.ट्रॉली से टकरा गई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि रोशन झा 32 वर्ष, शादाब 28 वर्ष और इरफान 30 वर्ष इंटीरियर का काम करते है। ये लोग आगरा से बीती रात को नोएडा एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पंचशील इंटर कॉलेज के पास इनकी कार आगे चल रही एक ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से जा टकराई।

चलती अर्टिगा में आग, बाल-बाल बचे 5 लोग

- रात दो बजे सेक्टर 37 में अज्ञात कारणों से हुआ हादसा, दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में बृहस्पतिवार रात दो बजे के करीब एक चलती कार में आग लग गई जिसके कारण उसमें सवार पांच लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए कहा कि

नोएडा के सेक्टर 37 के पास आग के शोलों से घिरी कार।

घटना सेक्टर-39 थाना क्षेत्र की है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कार चालक अरबाज ने शुक्रवार सुबह थाना सेक्टर-39 पुलिस को घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि रात करीब दो बजे सेक्टर-37 के पास चालक अरबाज अर्टिगा कार से जा रहा था, तभी अज्ञात कारणों से कार में आग लग गई। उन्होंने बताया कि कार में सवार पांच लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

रजवाहे में मिले शव की हुई शिनाख्त, लूट के बाद हत्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव भदौला रजवाहे में मिले शव की शिनाख्त गांव फजलगढ़ निवासी राहुल कुमार 26 वर्ष के रुप में हुई थी। परिजनों का आरोप है कि दो दोस्तों ने 85 हजार रुपये लूटने के बाद हत्या की है। मृतक पैसे लेकर ईट भट्टे पर पेशगी देने की बात कहकर गया था।

गांव भदौला में ईशापुर की और जाने वाले मार्ग स्थित रजवाहे में गुरुवार सुबह एक युवक का शव पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरु कर दिए। देर रात शव की शिनाख्त राहुल कुमार 26 वर्ष पुत्र बह्मानंद के रुप में हुई। मृतक युवक अपने माता पिता के साथ रहता था। परिजनों ने बताया कि राहुल कुमार गाजियाबाद एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में मिनी ट्रक चलाने का काम करता था। मकान बनाने के लिए एक सप्ताह पहले ही वह नौकरी छोड़कर गांव फजलगढ़ में आया था। पिता बह्मांनद ने बताया कि मकान निर्माण कार्य चल रहा है।

दहेज के लिए विवाहिता को दिया तीन तलाक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मोदीनगर में भोजपुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं ससुर के साथ हलाला कराने का आरोप महिला द्वारा लगाया है। महिला को चार बच्चों के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पुलिस कमिशनर के आदेश पर भोजपुर पुलिस ने पति सहित छह के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

निवाड़ी थानाक्षेत्र की एक गांव निवासी महिला की शादी 27 मार्च 2014 को भोजपुर थानाक्षेत्र के एक

- महिला ने ससुर के साथ हलाला कराने का भी लगाया आरोप

गांव के उमर मोहम्मद से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही महिला को कम दहेज लाने पर प्रताड़ित किए जाने लगा। महिला का आरोप है कि दहेज में दस लाख रुपये व बुलेट की मांग की जा रही थी। मांग पूरी ना होने पर महिला को बेहरमी से पीटा जाता था। महिला का आरोप है कि पति ने एक विधवा से दूसरी शादी भी बिना बताए कर ली। दो मई को अचानक पति मेरे पास आया और तीन बार तलाक कह दिया। तीन तलाक देने पर महिला हक्की बक्की रह गई और बेहोश होकर नीचे गिर गई।

महिला अपने पति के सामने काफी गिड़गिडायी और तलाक ना देने की मिन्नत की। इस पर पति ने कहा कि अब तो तीन तलाक दे दिया और फिर शादी करने के लिए हलाला करना होगा। इसके बाद उसने मेरे ससुर के साथ ही हलाला करा दिया। ससुर के साथ हलाला कराने के बाद भी दोबारा शादी नहीं की और चार बच्चों के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया।

अतिक्रमण हटाने पहुंचे नोएडा प्राधिकरण के कर्मी पर हमला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण हर दिन बुलडोजर लेकर शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। सड़क किनारे कब्जा कर रखें दुकानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है।

अथॉरिटी का एक्शन शुक्रवार को भी जारी रहा। इस दौरान प्राधिकरण की टीम पर रेहड़ी वाले ने उस वक्त हमला कर दिया, जब बुलडोजर से वह उन्हें हटा रहे थे। समोसे तल रहे ठेली वाले ने खोलता हुआ तेल और गर्म चटनी प्राधिकरण की टीम पर फेंक दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वर्क सर्किल 3 के मैनेजर एके जैन ने बताया कि यह मामला सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन के नजदीक का है। जहां अतिक्रमण को अथॉरिटी को लगातार शिकायतें मिल रही थी। वर्क सर्किल 3 के जेई और अन्य स्टाफ जब सेक्टर.51 से अतिक्रमण करने वाले वेंडर को हटा रहा थे। तभी एक ठेलीं वाले ने उन्हें गर्म चटनी डालकर जलाने की कोशिश की। प्राधिकरण की ओर से अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई की जाती है।

एसटीएफ ने पकड़ा फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लगातार दूसरे दिन एसटीएफ ने नोएडा में फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज पकड़ा है। एसटीएफ ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों ही इंटरनेट के जरिए वीओआईपी कॉल को लोकल नेटवर्क पर बदलकर बातचीत करवाते थे। इस तरह के फर्जी एक्सचेंज से रंगदारी, धमकी और कई प्रकार की कॉल भी होती थी।

इनकी पहचान अंश कुमार सक्सेना और कन्हैया कुमार हुई है। इनके पास से छ आईफोन, एक आईफोन.14 प्रो, एक एक्सयूबी.300, आईफोन.7, आईफोन.13 प्रो, 9

- एसटीएफ ने दो को किया गिरफ्तार, ये इंटरनेट से वीओआईपी कॉल को लोकल नेटवर्क पर बदलकर करवाते थे बातचीत

आईसीआईसीआई की चेकबुक के अलावा टेलीफोन एक्सचेंज का सामान मिला है। इन दोनों को एसटीएफ नोएडा फेज-1 पुलिस ने संयुक्त रूप से ए-44 बीडीएस वर्क इथोपिया थाना फेज.1 क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

एसटीएफ ने बताया कि काफी दिनों से इस तरह की शिकायत मिल रही थी कि इंटरनेशनल कॉल को देश के गेटवे से बाइपास कर इंटरनेट के जरिए लोकल बनाकर बातचीत कराई जा रही है। इसको लेकर उप निरीक्षक अक्षय पीके त्यागी और उप निरीक्षक अवध नारायण चौधरी को सूचना मिली कि मेहतो बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा एसआईपी प्राप्त करके सेक्टर-20 ए-44 बी-5 के बेसमेंट में अवैध रूप से टेलीफोन एक्सचेंज चलाया जा रहा है। एसटीएफ की टीम ने दूरसंचार व पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया।

शिव नाडर यूनिवर्सिटी हत्याकांड : वीडियो बनाकर बताया, क्यों उठा रहा घातक कदम

छात्रा की हत्या कर आत्महत्या करने वाले छात्र ने वीडियो में कहा- वह मुझे छोड़ किसी और से निभा रही थी दोस्ती

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा की शिव नाडर यूनिवर्सिटी में गुरुवार दोपहर छात्रा का मर्डर करके सुसाइड करने वाले छात्र का वीडियो सामने आया है। छात्र अनुज के अकाउंट से मिले 23 मिनट के वीडियो में वह कह रहा है कि उसे छात्रा नेहा को उसके किए की सजा भुगतनी होगी।

अनुज के अकाउंट से मिले वीडियो में वह कह रहा है, जो मैं करने जा रहा हूं, उसको जस्टीफाइ नहीं कर सकते हैं। मैं बहुत अच्छा लड़का हूं। किसी से झगड़ता नहीं था। नेशनल लेवल का प्लेयर था। फिर मैं कॉलेज आया। यहां मुझे एक लड़की

शिव नाडर यूनिवर्सिटी में घटना स्थल पर जांच करती पुलिस। फाइल फोटो

मिली, नेहा चौरसिया। मेरे साथ थी। उसने मेरी लाइफ बदल दी। मेरी बहन को पति ने जिंदा जला दिया था और चाचा की हार्ट अटैक की वजह से मौत हो गई। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी पत्नी किसी और के साथ चली गई थी। ये लोग मेरे बहुत क्लोज थे। मैं मेंटल ट्रामा से गुजर चुका था। लेकिन मैं उबर आया था।

फिर नेहा आ गई। उसने दिखाया कि वो बहुत अच्छी लड़की है। उसकी लाइफमें एक लड़का था अंशू।

- अनुज के अकाउंट से मिले 23 मिनट के वीडियो में खोले कई राज
- कहा, प्रेमिका नेहा को उसके किए की सजा भुगतनी होगी

उससे मैंने ही पीछा छुड़वाया। फिर नेहा को मैं अच्छा लगने लगा। उसने मुझे प्रपोज किया। मैंने मना भी किया था। फिर मैंने उसका प्रपोजल एक्सेप्ट किया। कुछ समय ठीक चला। लेकिन ऐसा कुछ था नहीं। जब मेरे अंकल की डेथ हुई, मैं घर गया हुआ था।

उसने धोखा देना शुरू किया। वो भी एक कॉलेज वर्कर के लिए। मेरे सोने के बाद वो उससे मिलने के लिए जाती थी। आप वीडियो चेक करवा सकते हैं। मुझसे मिलने आती थी, तो मोबाइल चेट डिलीट करके आती थी। अनुज ने वीडियो में कहा कि ब्रेकअप के बाद वह पूरी तरह से बिखर गया है।

नेहा ने उसे बताया कि बहुत डिप्रेशन में है, इस वजह से रिश्ते में दूरी बनाना चाहती है। लेकिन वह ब्रेकअप के बाद किसी और से दोस्ती निभाने लगी थी। वीडियो मैसेज के आखिर में अनुज यह भी कहता है कि उसे ब्रेन कैंसर है और उसके तीसरे स्टेज में उसके पास ज्यादा जिंदा रहने का वक्त नहीं बचा है।

अनुज कहता है कि नेहा मेरी जिंदगी में आई और पूरी तरह से बदल कर रख दिया। इसी वीडियो के बाद में के हिस्से में वह कहता है कि उसे अपनी सजा भुगतनी पड़ेगी। वह कहता है कि अगर मेरी ब्रेन कैंसर की सर्जरी नहीं हुई, तो ज्यादा से ज्यादा 2 साल और जिंदा रहने का वक्त है। होनहार छात्र अनुज इस वीडियो में अपने किए के लिए माफी मांगता है और मां-बाप के लिए एक अच्छा बेटा नहीं साबित हो पाने के लिए भी माफ करने की बात कहता नजर आता है।

शिकायतों का निस्तारण नहीं हुआ तो प्रभावित होगी रैंकिंग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

फरियादियों की शिकायतों का समय से निस्तारण न करना अब अधिकारियों को भारी पड़ सकता है। इसका सीधा असर जिले की रैंकिंग पर पड़ेगा। यानि जिले की रैंकिंग शिकायतों के निस्तारण पर भी आधारित होगी।

ऐसे में आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से आने वाली शिकायतों को अधिकारियों को समय से निस्तारित करना होगा। अभी हाल ही में डीएम आरके सिंह ने भी कई विभागीय अधिकारियों को आईजीआरएस पर दर्ज शिकायतों का समय से निबटारा न करने पर फटकार लगाई थी। हालांकि, मंडल में अभी भी जिला गाजियाबाद आईजीआरएस पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में सबसे आगे हैं। अगर आगे भी यह स्थिति बनाए रखनी है तो समय से शिकायतों को न सिर्फ सुना जाए, बल्कि उनका निस्तारण भी किया जाए। एक महीने से अधिक लम्बित शिकायतों की संख्या को लेकर जिले को रैंकिंग जारी की जाएगी। अधिक शिकायत लम्बित होने पर जिले की रैंकिंग पिछड़ जाएगी।

यानि, अब जिले के अधिकारियों को हर शिकायत का प्राथमकिता के आधार पर उसका ध्यान रखना होगा। साथ ही लम्बित शिकायतों को निस्तारित भी किया जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

तबादले पर एलजी और सरकार में फिर रार

उपराज्यपाल ने कहा अधिकारियों को धमका रही आप सरकार, सीएम को पत्र लिखकर सौरभ भारद्वाज की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच रार थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामले में एलजी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पांच पन्नों का पत्र लिखकर उनके मंत्री सौरभ भारद्वाज की शिकायत की है। वहीं उपराज्यपाल ने सीएम के प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए प्रमुख सचिव ईएंडएफ और विकास एके सिंह को सेवा विभाग के अतिरिक्त चार्ज के लिए मंजूरी दे दी है।

एलजी ने अपनी शिकायत में कहा है कि भारद्वाज की तरफ से अधिकारियों को नियमों का उल्लंघन करके और संवैधानिक तरीकों से अलग जाकर अधिकारियों को डराया जा रहा है। उन्होंने आशीष मोरे की शिकायत का हवाला भी दिया है।

सिविल लाइंस स्थित उपराज्यपाल सचिवालय के बाहर आप सरकार के मंत्रियों ने धरना दिया। फोटो : रंजन डिमरी

साथ ही आरोप लगाया है कि भारद्वाज ने आशीष मोरे के साथ गलत व्यवहार किया और उन्हें धमकी भी दी। उपराज्यपाल ने अपने पत्र में सौरभ भारद्वाज पर कई और संगीन आरोप भी लगाए हैं।

एलजी ने मोरे का जिक्र करते हुए कहा कि एक महिला आईएएस ऑफिसर के सामने भारद्वाज के आशीष मोरे को धमकाया। सरकार अधिकारियों का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने कहा कि, बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी आती है। उम्मीद है आप भी इस बात को समझेंगे कि कोई भी अदालत किसी भी सरकार द्वारा असंवैधानिक और गैरकानूनी चीजों को बढ़ावा नहीं देगी।

इस बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल के पत्र के जवाब में दिल्ली के लोग कई वर्षों से न्याय की राह देख रहे थे। कई वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद दिल्ली वालों को उच्चतम न्यायालय से न्याय मिला है। पत्र में केजरीवाल ने कहा कि उन्हें कार्य करने हैं। सीएम ने कहा कि सौरभ इतना शांत और सौम्य स्वभाव का व्यक्ति है। लेकिन अगर उसने किसी को कुछ कहा भी, तो वह आपका छोटा भाई है। उसे बुलाकर डाँट लीजिए।

इस बीच सरकार के मंत्रियों ने राजनिवास के बाहर डेरा डाल दिया। इसके बाद एलजी ने गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन को सचिवालय के अंदर बातचीत के लिए बुला लिया। सीएम केजरीवाल ने एलजी से मुलाकात की और फाइल मंजूर करने की मांग की।

मोरे ने मंत्री पर लगाया आरोप, मांगी सुरक्षा

नौकरशाहों और दिल्ली सरकार में बढ़ते मतभेद के बीच आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा हटाए गए सेवा सचिव आशीष मोरे ने आरोप लगाया है कि मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उनसे व्यक्तिगत प्रतिशोध लिया है और उन्हें बर्बाद करने की धमकी दी है। आरोपों का जवाब देते हुए भारद्वाज ने कहा कि मोरे का आचरण रिकॉर्ड पर है। मोरे ने दिल्ली के मुख्य सचिव को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें दावा किया गया है कि भारद्वाज ने उन्हें धमकी देते हुए कहा, वह उनका जीवन बर्बाद कर देंगे। उन्होंने गंभीर खतरे को देखते हुए सुरक्षा मांगी है।

मोती नगर फ्लाईओवर अक्टूबर में बनकर होगा तैयार : आतिशी

● पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने पंजाबी बाग व राजा गार्डन के बीच बन रहे 2 नए फ्लाई ओवर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

मोती नगर फ्लाई ओवर के काम का निरीक्षण करतीं पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार बाहरी रिंग रोड पर पंजाबी बाग व राजा गार्डन और मोतीन नगर दो नए फ्लाई ओवर का निर्माण करा रही है। इसके चलते व्यस्त समय में राजौरी गार्डन से पंजाबी बाग में जबरदस्त जाम लगा रहा है। लोक निर्माण विभाग की मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को दोनों फ्लाई ओवर का निरीक्षण किया और ऐलान किया कि यहां ट्रैफिक की समस्या इसलिए मोतीनगर फ्लाइओवर के निर्माण की रफ्तार बढ़ाकर इसे दिसम्बर के बजाए अक्टूबर में पूरा किया जाए। इसका 50 फीसदी काम पूरा हो गया है।

इस परियोजना के तहत मोतीनगर में 3 लेन व ईएसआई मेट्रो स्टेशन से क्लब रोड के बीच 6 लेन के नए फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा पैदल यात्रियों के लिए पूरे स्ट्रेच पर बनाये जा रहे है 2 नए सब-वे व एक फुटओवर ब्रिज। फ्लाईओवर के बनने से सालभर में 1.60 लाख टन कार्बन गैस का उत्सर्जन कम होगा। सालाना 18 लाख लीटर ईंधन की बचत के साथ प्रतिवर्ष जनता के 200 करोड़ बचेगा।

किसानों की बैठक कल, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदर्शनकारी पहलवानों के समर्थन में किसानों की पंचायत रविवार को होगी। इस बहुप्रतीक्षित बैठक के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर और राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच की जाएगी और सीमावर्ती इलाकों में पिकेट बढ़ाए जाएंगे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि जंतर-मंतर और उसके आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे और प्रदर्शन स्थल पर पहले से ही बहुस्तरीय अवरोधक लगा दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे के जरिए 24 घंटे स्थिति पर नजर रखी जाएगी।

जंतर-मंतर पर पहलवानों को समर्थन देने पहुंचे कांगेस नेता सचिन पायलट।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि दिल्ली के सीमावर्ती इलाकों में भी पिकेट लगाकर जांच बढ़ाई जाएगी। जरूरत पड़ी तो अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे और दिल्ली की सीमाओं पर भी गश्त बढ़ाई जाएगी।

प्रदर्शनकारी पहलवानों को सलाह देने वाली 31 सदस्यीय समिति ने सात मई को कहा था कि अगर डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को 21 मई तक गिरफ्तार नहीं किया जाता है, तो वह एक महत्वपूर्ण निर्णय लेगी।

पहलवानों की जायज मांगें पूरी हों : सचिन पायलट

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि प्रदर्शनकारी पहलवानों की जायज मांग जल्द से जल्द पूरी करके देश के कानून के दायरे में निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट सहित प्रदर्शनकारी पहलवानों के समर्थन में पायलट सुबह जंतर मंतर पहुंचे थे।

अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस होगा नया संसद भवन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नए संसद भवन में लोकसभा को राष्ट्रीय पक्षी मयूर के आकार वहीं राज्यसभा को राष्ट्रीय पुष्प कमल के आकार और भूकंप रोधी डिजाइन में तैयार किया गया है तथा इनमें सदस्यों की प्रत्येक सीट डिजिटल प्रणाली और टच स्क्रीन से सुसज्जित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को संसद के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे।

लोकसभा तथा राज्यसभा ने पांच अगस्त, 2019 को सरकार से संसद के नए भवन के निर्माण के लिए आग्रह किया था। इसके बाद 10 दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का शिलान्यास किया गया था।

अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त संसद के चार मंजिला नए भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। करीब 64,500 वर्ग मीटर फैले नए संसद भवन में भूकंप सुरक्षा के पर्याप्त उपायों किए गए हैं और यह वर्षा जल संचयन और जल पुन: चक्रण प्रणाली से लैस है।

लोकसभा सचिवालय द्वारा संसद भवन पर तैयार की गई पुस्तिका के अनुसार नए संसद भवन के लोकसभा कक्ष में 888 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था होगी और राज्यसभा में 384 सदस्य बैठ सकेंगे।

संक्षिप्त समाचार

तिब्बिया कॉलेज में हृदय रोगों के प्रति किया जागरूक

नई दिल्ली। तिब्बिया आयुर्वेद एवं यूनानी कॉलेज व हॉस्पिटल करोल बाग में ओम हेल्प फाउंडेशन के सौजन्य से हृदय रोगों के बारे में गेस्ट लेक्चर कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सर गंगा राम हॉस्पिटल में कार्यरत वरिष्ठ हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ कविता त्यागी ने पीजी स्टूडेंट व डॉक्टर स्टाफ को हृदय रोगों के लक्षण और बचाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ईसीजी से हृदय रोगों की पहचान करने और सीपीआर देकर मरीज की हार्ट अटैक से जान बचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मरीजों से बीपी व ब्लड शुगर के साथ लिपिड प्रोफाइल की नियमित जांच कराने की सलाह दी। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल मोहम्मद जबीर चिकित्सा अधीक्षक मनोज कुमार मनीष कुमार जोशी अमित कुमार नवीन सिंह राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

दिल्ली में लगाई जाएंगी कबाड़ से बनीं मूर्तियां

नई दिल्ली। सितंबर में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली के उद्यानों और चौराहों पर बेकार और कबाड़ से बनी मूर्तियां लगाई जाएंगी। दिल्ली नगर निगम के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नगर निकाय की जुलाई के अंत तक ऐसी मूर्तियों की स्थापना का काम पूरा करने की योजना है और जल्द ही इसके लिए निविदा आमंत्रित की जाएंगी।अधिकारी ने कहा,"योजना का उद्देश्य पुरानी मेज, टाइपराइटर, ऑटोमोबाइल के पुर्जों और बिजली के खंभे आदि की बेकार सामग्री का उपयोग करके सुंदर मूर्तियां बनाना है।

काली मंदिर को गिराने से रोकने की याचिका खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मायापुरी चौक पर सुगम यातायात में बाधक बने 55 साल पुराने काली मंदिर को तोड़े जाने के मामले में एकल न्यायाधीश के फैसले को चुनौती देने वाली अपील शुक्रवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की खंडपीठ ने मूर्तियों और अन्य धार्मिक वस्तुओं को मंदिर से अन्य मंदिरों में स्थानांतरित करने के लिए समय बढ़ाने से भी इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि अब और समय नहीं मिलेगा। खेद के साथ हम इसे खारिज कर रहे हैं। पीठ ने मंदिर के पुजारी दुर्गा पी मिश्रा की अपील पर यह आदेश पारित किया, जिन्होंने एकल न्यायाधीश के 11 मई के आदेश को चुनौती दी थी।

आंबेडकर विवि में शुरू होगा चार साल बीएड पाठ्यक्रम

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) ने बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय को 2023-24 से चार साल का एकीकृत बीएड पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति दे दी है। कुलपति अनु सिंह लाथेर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय राजधानी में पहला संस्थान है जिसे चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) की पेशकश करने की अनुमति दी गई है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत एनसीटीई का एक प्रमुख कार्यक्रम है। विश्वविद्यालय इस शैक्षणिक वर्ष में एकीकृत कार्यक्रमों की 100 सीटों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करेगा। लाथेर ने मीडिया से बातचीत में बताया कि कक्षाएं आंबेडकर विश्वविद्यालय के दिल्ली के लोधी रोड स्थित परिसर में आयोजित की जाएंगी। विवि को सत्र 2023-24 से चार साल के एकीकृत बीएड कार्यक्रम के लिए एनसीटीई से अनुमति मिल गई है।

व्यापारी से दो करोड़ रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में एक बिल्डर से दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान भूपेंद्र के रूप मे हुई है। हाल ही में उसके हृदय की सर्जरी हुई थी और वह पिछले तीन साल से कर्ज में डूबा हुआ था। वह मेडिकल बिलों का भुगतान करने के लिए धन की जरूरत थी इसलिए उसने बिल्डर को निशाना बनाया।

पुलिस के अनुसार, बिल्डर ने 10 मई को थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि उसके फोन पर जान से मारने की धमकी वाला एक संदेश प्राप्त हुआ और संदेश में उसे शाम चार बजे तक दो करोड़ रुपए का भुगतान करने को कहा गया है। तहरीर के अनुसार, शाम करीब 5.05 बजे उसे एक और संदेश मिला, जिसमें कहा गया था कि उसने पहले संदेश का जवाब नहीं दिया, ऐसे में भविष्य के परिणामों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्तचंदन चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान जिस मोबाइल नंबर से बिल्डर को संदेश भेजा गया था वह बंद पाया गया। सर्विलांस की मदद से आरोपी के महरौली में होने का पता चला और उसे रंगदारी वसूलने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

● औद्योगिक इकाइयों के निरीक्षण के लिए डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 33 टीमों का किया गया गठन : राय

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने वाली इकाईयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इस मुद्दे पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को औद्योगिक प्रदूषण से निपटने के लिए समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया है कि औद्योगिक इकाईयों के निरीक्षण के लिए डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 33 टीमों का गठन किया गया है। औद्योगिक अपशिष्ट की डंपिंग की निगरानी के लिए 3 विभागों की 472 कर्मियों की 141 पेट्रोलिंग टीम दिन में और 397 कर्मियों की 108 पेट्रोलिंग टीम रात में गश्त करने का निर्णय लिया गया है। दिल्ली की 1721 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया हैं।

औद्योगिक प्रदूषण से निपटने को पर्यावरण विभाग की बैठक लेते मंत्री गोपाल राय।

गोपाल राय ने बताया कि गर्मियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 1 मई को 14 फोकस प्वाइंट पर आधारित समर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी।

वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए समर एक्शन प्लान के तहत औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी और उसके अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शुरू हो गया है। गश्त करने वाली सभी टीमें औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी रखने और उनके द्वारा प्रदूषण को रोकने के लिए त्वरित कदम उठाने का कार्य करेगी। जिसकी रिपोर्ट समय समय पर पर्यावरण विभाग को भेजी जाएंगी।

सिसोदिया ने शिक्षा पर जोर देने को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● समाज के वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा को नजरअंदाज करने को परिणामों पर गौर करने का किया अनुरोध

शराब घोटाले के आरोपों में जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नया पत्र लिखा है। पत्र में कविता के जरिए शिक्षा का महत्व बताते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने इसमें किसी का नाम नहीं लिया है, लेकिन उन्हीं शब्दों का इस्तेमाल किया गया है जिनके जरिए आम आदमी पार्टी और उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमले करते हैं। केजरीवाल ने इसे ट्वीटर पर जारी किया जिसमें शीर्षक लिखा है। जेल से सिसोदिया की चिट्ठी देश के नाम।

मनीष सिसोदिया ने अपने पत्र में हर बच्चे को उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि पर ध्यान दिए बगैर समान अवसर उपलब्ध कराने तथा शिक्षा तक पहुंच की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समाज के वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा को नजरअंदाज करने के परिणामों पर गौर करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गरीब वर्ग को शिक्षा से वंचित करना न केवल असमानता कायम रखता है बल्कि यह नफरत और घृणा भी फैलाता है। अगर हर गरीब को मिली किताब, तो नफरत की आंधी कौन फैलाएगा। सबके हाथों को मिल गया काम तो सड़कों पर तलवार कौन लहराएगा। उन्होंने पूछा, अगर हर किसी को मिल गई अच्छी शिक्षा तो इनका व्हाट्सऐप विश्वविद्यालय बंद हो जाएगा।

बुजुर्गों की अपीलों पर एक माह में लें निर्णय: हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक कल्याण कानून के तहत बुजुर्गों की शिकायतों पर अपीलीय न्यायाधिकरण एक महीने के भीतर फैसला लें।

न्यायमूर्ति तुषार राव गेदेला ने कहा कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 में यह सुनिश्चित करने के लिए अधिनियमित किया गया था कि वरिष्ठ नागरिक व उम्रदराज माता-पिता अनावश्यक रूप से अपने आश्रय से वंचित न हों इसलिए एक माह में लिखित आदेश सुनाएंगे।

दो सप्ताह में डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति करने का आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) के अध्यक्ष की नियुक्ति दो सप्ताह में करने का आदेश देते हुए शुक्रवार को कहा कि एलजी को मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करना होता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने विद्युत अधिनियम की धारा 84 का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य विद्युत विनियामक आयोग के पद पर किसी मौजूदा या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की नियुक्ति करते वक्त उस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करना होगा, जिससे वह न्यायाधीश जुड़े हैं। पीठ ने कहा कि अगर संबंधित न्यायाधीश ने उस उच्च न्यायालय में सेवा नहीं दी है, जिसके अधिकार क्षेत्र में बिजली नियामक आयोग आता है, तो संबंधित मुख्य न्यायाधीश से नियुक्ति के लिए परामर्श की आवश्यकता नहीं है।

दारा शिकोह लाइब्रेरी बयां करेगी विभाजन की दास्तान

कला, संस्कृति व भाषा मंत्री आतिशी ने उद्घाटन कर जनता को समर्पित की सात गैलरियां

● कश्मीरी गेट के आम्बेडकर विश्वविद्यालय में स्थित लाइब्रेरी आम जनता के लिए खुली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

वर्ष 1947 के विभाजन पर देश का दूसरा संग्रहालय कश्मीरी गेट स्थित अम्बेडकर विश्वविद्यालय के दारा शिकोह लाइब्रेरी में आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। यह विभाजन की यादों से जुड़ा लोक संग्रहालय है, जिसने दिल्ली को नाटकीय रूप से बदल दिया था और इसके बाद राजधानी में कई कालोनियां स्थापित हुईं, जिसमें लाजपत नगर, सीआर पार्क व पंजाबी बाग जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

यहां रेल कोच (जैसी आजादी के दौरान थे), प्राचीन हवेलियों और शरणार्थी शिविरों की प्रतिकृतियों को बनाया गया है। पर्यटकों को उस समय का अनुभव देने के लिए विभाजन से जूझने वाले लोगों ने संग्रहालय को कपड़े, शरणार्थी शिविरों से सामान, किताबें, पत्र, बर्तन व ट्राफियां जैसे विभिन्न सामान दान किए हैं। इसमें सिंध को समर्पित एक विशेष गैलरी भी है।

संग्रहालय में वर्चुअल रियलिटी द्वारा भी सैलानियों को विभाजन से जुड़े पहलुओं को जान सकेंगे। इसमें एक गैलरी ऑफ होप जोड़ी गई है, जो दशकों बाद पाकिस्तान में अपनी प्राचीन संपत्तियों को फिर से देखने वाले लोगों की तस्वीरों और अनुभवों को प्रदर्शित की गई है। ये तस्वीरें विभाजन की विभीषिका झेलने वाले लोगों द्वारा संग्रहालय को दान की गई हैं। संग्रहालय में एक कैफेटेरिया और एक स्मारिका दुकान की सुविधाएं भी शामिल हैं। यह भारत में विभाजन पर दूसरा, दिल्ली में पहला संग्रहालय है।

कला, संस्कृति व भाषा मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में ऐतिहासिक इमारतें समय के साथ देश के विकास का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सरकार ने देश को बेहतर ढंग से समझने में मदद करने के लिए ऐतिहासिक इमारतों के जीर्णोद्धार को प्राथमिकता दी है।

संग्रहालय में 7 गैलरी

विभाजन और स्वतंत्रता की ओर, माइग्रेशन, रिफ्यूजी, रिबिल्डिंग होम, । इन दा माइंड ऑफ आर्टिस्ट, रिबिल्डिंग रिलेशन और गैलरी ऑफ होप एंड करेज।

विदेशियों ने डीसीडब्ल्यू के काम काज को समझा

● आस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल ने दोनों देशों में समान संस्थानों को मजबूत बनाने के लिए विनिमय कार्यक्रम शुरू करने पर चर्चा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लैंगिक समानता के लिए ऑस्ट्रेलियाई राजदूत स्टीफन कोपस कैंपबेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) द्वारा संचालित महिला हेल्पलाइन 181 के कार्यालय का दौरा किया।

प्रतिनिधिमंडल ने आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के साथ भारत और ऑस्ट्रेलिया में महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर बातचीत भी की। आयोग ने एक बयान में कहा कि अधिकारियों ने दोनों देशों में समान संस्थानों को मजबूत बनाने व विनिमय कार्यक्रम शुरू करने पर चर्चा की।

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को आस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ वार्ता करतीं डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष स्वाति मालीवाल।

दिल्ली महिला आयोग के मुताबिक 181 फोन नंबर संकटग्रस्त महिलाओं के लिए आयोग द्वारा संचालित और 24 घंटे काम करने वाला हेल्पलाइन है। इसके तहत, कॉल करने वाली महिलाओं की काउंसलिंग की जाती है और जरूरत पड़ने पर उनकी शिकायतों को दिल्ली पुलिस, अस्पतालों और आश्रय गृहों के पास भेजा जाता है। कैंपबेल के साथ टीम ने बृहस्पतिवार को हेल्पलाइन कार्यालय का दौरा किया और सदस्यों ने हेल्पलाइन पर कॉल करने वालों की काउंसलिंग भी देखी।

मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष ने किया लैंडफिल साइट का दौरा, दिए दिशा-निर्देश

अधिकारियों से कचरा प्रबंधन व लीचेट प्रबंधन जानकारी लेते हुए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के बंधवाड़ी स्थित कचरा लैंडफिल साइट पर लीचेट साफ करके निकाले पानी की गुणवत्ता देखते मानवाधिकार आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष दीप भाटिया।

मानवाधिकार आयोग हरियाणा के कार्यकारी अध्यक्ष दीप भाटिया ने शुक्रवार को गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर स्थित बंधवाड़ी लैंडफिल साइट का दौरा किया। वहीं पर उन्होंने अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने यहां लीचेट से निकाले गए पानी की गुणवत्ता भी देखी। उन्होंने अधिकारियों से कचरा प्रबंधन तथा लीचेट प्रबंधन की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त जितेन्द्र दहिया ने बताया कि दोनों शहरों से प्रतिदिन लगभग 2000 टन कचरा निकलता है। नगर निगम फरीदाबाद द्वारा नई फैसिलिटिज बनाई जा रही हैं, ताकि वहां के कचरे का निस्तारण वहीं पर किया जा सके। नगर निगम गुरुग्राम के अधिकारियों ने बताया कि नवम्बर 2022 में लैंडफिल साइट पर 32 लाख मिट्रिक टन कचरा असेस किया गया था। नवम्बर तथा दिसम्बर 2022 में 2.25 लाख मिट्रिक टन कचरे का ट्रीटमेंट किया गया। उन्होंने बताया कि जनवरी से मार्च 2023 तक 3.64 मिट्रिक टन कचरे को ट्रीट किया गया है। अब शेष बचे लगभग 26 लाख मिट्रीक टन कचरे का ट्रीटमेंट नवम्बर 2023 तक कर लिया जाएगा। लीगेसी वेस्ट के ट्रीटमेंट के लिए 5 एजेंसियां तेजी से कार्य कर रही हैं तथा 2 अन्य एजेंसियों को भी शामिल करने की दिशा में प्रक्रिया चल रही है।

नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र रोज निकलता है 1200 टन कचरा : नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र में प्रतिदिन 1200 फ्रेश कचरा निकलता है, जिसमें से 340 टन कचरे का निष्पादन स्थानीय स्तर पर ही किया जा रहा है। इसके लिए बेरीवाला बाग, कार्टरपुरी, सेक्टर-44, बादशाहपुर तथा दरबारीपुर में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी कार्य कर रही हैं। इसके अलावा 261 बल्क वेस्ट जनरेटर भी ऑनसाईट कचरा निष्पादित कर रहे हैं। लीचेट ट्रीटमेंट के बारे में बताया गया कि बंधवाड़ी में लीगेसी लीचेट को जीएमडीए के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों में भेजा गया है। प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले 400 केएलडी लीचेट के ट्रीटमेंट के लिए 550 केएलडी क्षमता के ट्रीटमेंट प्लांट व डीटीआरओ कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि 2 अन्य डीटीआरओ लगाना प्रक्रियाधीन है। कार्यकारी अध्यक्ष दीप भाटिया ने मौके पर आए ग्रामीणों से भी बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वन क्षेत्र में लीचेट का रिसाव ना हो इसके लिए ड्रेनेज का कार्य जल्द पूरा कर लिया जाए। इसके साथ ही लैंडफिल साईट के साथ बने पोंड की मौके पर ही सेंपलिंग करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लैंडफिल साईट पर कचरा प्रबंधन व लीचेट प्रबंधन के बारे में किए जा रहे कार्यों की जानकारी लोगों तक समय-समय पर पहुंचाते रहें। इसके लिए सबंधित विभाग व एजेंसी लोगों को इसमें शामिल करे।

नीदरलैंड की कंपनी हेंडर ने भारत में नवीन रसायन के साथ की साझेदारी

गुरुग्राम में हेंडर कंपनी व नवीन रसायन के बीच साझेदारी कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देते नवीन रसायन के अधिकारी।

गुरुग्राम की धरती से हेंडर ने इस साझेदारी के साथ अपनी नई तकनीक की भी लांचिंग की। इन दोनों की साझेदारी अब भारत में उद्योगों के लिए काफी फायदेमंद होगी। अब ये दोनों मिलकर भारत में सतह परिष्करण उद्योग के लिए उच्च गुणवत्ता वाले रासायनिक पंपों और फिल्टर की आसानी से आपूर्ति कर सकेंगे।

इस नई साझेदारी पर नवीन रसायन के प्रबंध निदेशक (एमडी) हीरा लाल शर्मा ने कहा कि हम विश्व प्रसिद्ध फिल्ट्रेशन कंपनी हेंडर के साथ टाई-अप करके खुश हैं। हेंडर को नवीन रसायन के रूप में उद्योगों के लिए भारत में एक प्रसिद्ध आपूर्तिकर्ता मिला है। विशेष रूप से इलेक्ट्रोप्लेटिंग उद्योग के लिए। हेंडर के तकनीकी निदेशक नवीन रसायन के मार्गदर्शन में क्षैतिज पंपों और फिल्ट्रेशन सिस्टम को जोड़ने और मरम्मत करने के लिए मैकेनिकों को प्रशिक्षित किया जाता है। नवीन रसायन के पास असेंबल या रिपेयर किए गए सिस्टम के लिए टेस्ट इंस्टॉलेशन है। नवीन रसायन पूरे भारत में सभी हेंडर पंप, फिल्टर सिस्टम, स्पेयर पार्ट्स और सेवा के आधिकारिक गैर-अनन्य वितरक के रूप में कार्य करता है। नवीन रसायन की फरीदाबाद, गुरुग्राम, नोएडा और भिवाड़ी में अपनी शाखाएं हैं। नवीन रसायन इलेक्ट्रोप्लेटिंग प्लांट एक्सेसरीज एंड केमिकल्स बाजार के अग्रणी डीलर और वितरक हैं। हेंडर कंपनी के गलोबल सेल्स डायरेक्टर स्टिगटर कीस ने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले रासायनिक और संक्षारण प्रतिरोधी पंप और फिल्टर का एक अभिनव निर्माता है।

संक्षिप्त समाचार

पत्रकार के भाई के निधन पर जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने जताया शोक

गुरुग्राम। जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम ने पत्रकार अनिल भारद्वाज के भाई आदित्य भारद्वाज (29) की विदेश में सड़क दुर्घटना में दुखद निधन पर शोक जताया है। साथ ही शोक संतप्त परिवार को यह सदमा सहने करने की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की। आदित्य भारद्वाज का इसी सप्ताह नीदरलैंड में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। एसोसिएशन कार्यालय में आयोजित शोक सभा में एसोसिएशन के प्रधान संजय यादव ने कहा कि परिवार के लिए यह घटना अपूर्णीय क्षति है। इसकी कभी भरपाई नहीं हो सकती। परिवार पर जो दुखों का पहाड़ टूटा है, भगवान से यही कामना है कि वे परिवार को इससे उबरने की शक्ति दे। उन्होंने कहा कि जीवन-मृत्यु एक चक्र है, लेकिन असमय मृत्यु होना किसी भी परिवार के लिए बहुत बड़ा आघात होता है। एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों ने आदित्य भारद्वाज के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी ओर से श्रद्धांजलि दी है।

10वीं में 493 अंक लेने वाली छात्रा खुशी को किया सम्मानित

गुरुग्राम। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव वजीराबाद की 10वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणाम बड़ा बेहतर रहा। विद्यालय की छात्रा खुशी पाण्डेय ने 493 अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता पर खुशी को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य संतोष ग्रेवाल ने बताया कि उनके खुशी ने जहां दो विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, वहीं अन्य विषयों में भी शानदार प्रदर्शन किया है। नगर निगम के पूर्व पार्षद कुलदीप बोहरा, क्षेत्रवासी मूलचंद यादव व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यालय पहुंचकर खुशी को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। आशा व्यक्त की कि वह भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन करेगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय की शिक्षिकाओं व शिक्षकों ने छात्रों के साथ बड़ी मेहनत की है। यह उन्हीं के परिश्रम का परिणाम है कि छात्रा खुशी ने जिले में विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

उद्योगों को गर्मी में नहीं होगी बिजली की किल्लत

गुरुग्राम। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम गुरुग्राम में एक्सईएन का पदभार संभालने के बाद शुक्रवार को अविनाश यादव ने फैडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (एफआईआई) के पदाधिकारियों से फेडरेशन के सेक्टर-37 स्थित कार्यालय में मुलाकात की। उनकी बिजली संबंधी समस्याओं व सुझावों को सुना और उन पर चर्चा की। इससे पूर्व फेडरेशन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। फैडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी ने एक्सईएन अविनाश यादव को बताया कि इस महीने से डीजल वाले जनरेटर चलाने पर पाबंदी है। विभाग आने वाले दिनों में बिजली की समस्याओं के प्रति सतर्क रहे। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष बिजली की किल्लत नहीं होनी चाहिए। इस पर अविनाश यादव ने फेडरेशन की पूरी टीम को भरोसा दिलाया कि गर्मी के दिनों में बिजली विभाग पूरी तरह से सतर्क है। उद्योगों को किसी भी प्रकार की बिजली से संबंधित समस्या नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि अभी बिजली विभाग लगभग साढ़े 23 घंटे प्रतिदिन सप्लाई दे रहा है। वह पूरी कोशिश करेंगे की आने वाले समय में गुरुग्राम के औद्योगिक क्षेत्रों को इसी प्रकार से बिजली की सप्लाई उपलब्ध कराएं। अविनाश यादव ने मीटिंग के दौरान दोनों एसडीओ को निर्देश दिए कि वह बारिश के मौसम से पहले सभी मेंटेनेंस के काम जल्द से जल्द खत्म करवाएं। इस मीटिंग में डीएचबीवीएन की तरफसे एसडीओ सुमन कश्यप एवं विपिन यादव, जेई अजय कुमार उपस्थित रहे। फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की तरफ से गुरुग्राम के अध्यक्ष पीके गुप्ता, उपाध्यक्ष रवीन जैन, महासचिव डॉ. एसपी अग्रवाल, लेबर लॉ एडवाइजर के अध्यक्ष आरएल शर्मा, कोषाध्यक्ष डीपी गौड, कार्यकारणी सदस्य राजेंद्र सैनी, मोहन गुप्ता, डॉ. विभव अग्रवाल, राजीव तोमर आदि मौजूद रहे।

83 केंद्रों पर 22272 परीक्षार्थी देंगे एचसीएस व एलाइड सर्विसेज परीक्षा

गुरुग्राम। जिला में 21 मई को आयोजित होने वाली एचसीएस और एलाइड सर्विसेज परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए शुक्रवार को एडीसी हितेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित इस बैठक में उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। एडीसी मीणा ने परीक्षा में ड्यूटी देने वाले अधिकारियों को बताया कि गुरुग्राम जिला में परीक्षा के लिए 83 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 22272 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा पहले चरण में सुबह दस से बारह बजे और दूसरे चरण में तीन बजे से पांच बजे तक होगी। उन्होंने कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है, जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। एडीसी ने कहा कि परीक्षा के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग ने जो नियम निर्धारत किए हैं।

गुरुग्राम में खड़ा होगा जजपा का मजबूत संगठन : श्योचंद यादव

गुरुग्राम। जननायक जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्योचंद यादव शिकोहपुर ने कहा कि गुरुग्राम में पार्टी का मजबूत संगठन खड़ा किया जाएगा। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श के बाद जल्द ही जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह सहित सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। श्योचंद यादव ने कहा कि वे गुरुग्राम में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नई जिला कार्यकारिणी में 36 बिरादरी को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष रिशीराज राणा ने पार्टी को जो पहचान दी थी, उसी को आगे बढ़ाते हुए उनके सहयोग और मार्गदर्शन में जजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जजपा निश्चित जीत दर्ज करेगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में कोई मतभेद नहीं है।

असंभव को संभव करना आता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को

गुरुग्राम जिला कार्यकारिणी की बैठक में बोले भाजपा हरियाणा प्रभारी बिप्लब देब

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में भाजपा कार्यालय में गुरुग्राम जिला कार्यकारिणी की बैठक में बोलते हरियाणा प्रभारी बिप्लब कुमार देब।

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं है, क्योंकि उन्हें असंभव को संभव करना आता है। मोदी सरकार में इंफ्रास्ट्रचर इतना मजबूत हुआ है, जो किसी भी सरकार में पहले नहीं हो पाया था। वे मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर चलाए जाने वाले महासंपर्क अभियान को लेकर जिला कार्यकारिणी की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन 9 वर्षों में कारिडोर, सड़कों, हाइवे, एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा दिया है। विश्व काशीनाथ, केदारनाथ जैसे तीर्थों पर जाना पहले कठिन था, लेकिन आज आसान हो गया है। यह सभी मोदी के करिश्माई नेतृत्व और मजबूत इरादों से संभव हो पाया है। प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब ने कहा कि 30 मई को मोदी सरकार के 9 साल पूरे हो रहे हैं। इस दौरान पूरे एक महीने तक महाजनसंपर्क अभियान चलेगा, जिसमें कार्यकर्ताओं की भागीदारी काफी अहम हो जाती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के गरीब उत्थान के विचार को घर-घर तक पहुंचाने का और सुनियोजित विकास की परम्परा को अधिक रफ्तार देने का काम अब और तेजी से करना है।

अभियान को सफल बनाने में जुट जाएं कार्यकर्ता : प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं से 56 घंटे बूथ पर देने का आग्रह किया है। पार्टी के निर्णय के अनुसार सभी जिलों में जिला कार्यकारिणी की बैठकें की जा रही है। 21 मई को एक ही दिन में 311 मंडलों की बैठक होनी निश्चित हुई है सभी कार्यकर्ता इनमें भाग लें। जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने कार्यकर्ताओं को मजबूत संगठन, पन्ना प्रमुख बनाना और बूथ जीतने के टिप्स कार्यकर्ताओं को दिए। जिला कार्यकारिणी की बैठक शुरू होने से पहले सांसद रतनलाल कटारिया के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इनोवेशन राष्ट्रनिर्माण और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका : विजय संपला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी के उद्देश्य को आगे ले जाते हुए समिट इंडिया ने 'इनोवेटिव इंडिया समिट - 2023' के पहले संस्करण का आयोजन किया। इसका उद्देश्य देश में सर्वोच्च वैचारिक नेतृत्वकर्ताओं को एक मंच पर लाना और भारत की वृद्धि में उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करना था। इस शिखर सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में 16 मई, 2023 को किया गया।

श्री विजय संपला, माननीय चेयरमैन, नेशनल कमीशन फॉर शेड्यूल्ड कास्ट इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''इनोवेशन राष्ट्रनिर्माण और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारे देश में जमीनी स्तर से लेकर हर स्तर पर अपार क्षमता है। हमारे स्कूल के बच्चों के पास अनेक वैश्विक मंच हैं, जो उनके इनोवेटिव विचारों को सम्मानित करते हैं; इसी तरह युवाओं ने भारत को स्टार्टअप्स के मामले में अमेरिका और चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा देश बना दिया है। यह न केवल देश को सशक्त बना रहा है, बल्कि नौकरी के अवसरों का सृजन भी कर रहा है। समिट इंडिया जैसे संगठनों को इनोवेटिव इंडिया समिट 2023 जैसे मंच प्रदान करते हुए देखकर मुझे बहुत गर्व हो रहा है। मुझे लगता है कि हमें न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में इसी तरह के अनेक कार्यक्रमों की जरूरत है, जो हमारे उद्यमियों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित कर सकें, जो भारत को दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक महाशक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।''

इनोवेटिव इंडिया समिट 2023 में अनेक प्रतिष्ठित वक्ताओं, जैसे प्रोफेसर श्रीधर श्रीवास्तव, ज्वाईंट डायरेक्टर, एनसीईआरटी; डॉ. बुद्धा चंद्रशेखर, चीफ को-ऑर्डिनेटिंग ऑफिसर, एआईसीटीई के साथ अनेक मंत्रालयों, दूतावासों, फेडरेशंस ? कोऑपरेटिव सोसायटीज़, एनजीओ और स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधि शामिल थे।

साथ ही विभिन्न देशों के कॉन्सुलेट जनरल जैसे हायती के माननीय कॉन्सुलेट जनरल, श्री संजीव ऐरेन; रिपब्लिक ऑफ पलाउ के माननीय कॉन्सुल जनरल, श्री नीरज शर्मा; मॉन्टेनीग्रो के माननीय कॉन्सुल जनरल, डॉ. जैनिस दरबारी; तुवालू के माननीय कॉन्सुल जनरल, डॉ. दीपक जैन आदि भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। कुल मिलाकर 29 उद्यमों के प्रतिनिधियों को 9 श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए।

भारत की सबसे विश्वसनीय और सबसे तेजी से बढ़ती हुई आईवीएफ चेन बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने नोएडा में प्रवेश कर उत्तर प्रदेश में विस्तार किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सीके बिरला हैल्थकेयर ने सेक्टर 62, नोएडा, उत्तर प्रदेश में अपना चौथा विस्तृत फर्टिलिटी सेंटर, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ शुरू किया है। बिरला फर्टिलिटी एंड आई वीएफ ने लखनऊ में अपने पहले सेंटर के साथ इस राज्य में प्रवेश किया था, जिसके बाद तेजी से विस्तार करते हुए वाराणसी और गोरखपुर में अपना सेंटर खोलने के बाद अब तीन साल से कम समय में ही यह चौथा सेंटर नोएडा में खोला गया है। नोएडा में स्थित यह सेंटर देश में बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ का 16वां सेंटर है, जिसके बाद विस्तार का रुख जयपुर, इंदौर, आगरा, फरीदाबाद, रांची और नासिक की ओर होगा। इस समय यह फर्टिलिटी चेन दिल्ली, गुरुग्राम, कोलकाता, पटना, लखनऊ, वाराणसी, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, रेवाड़ी और चंडीगढ़ में अनेक स्थानों पर गुणवत्तापूर्ण फर्टिलिटी एंड आईवीएफ सेवाएं प्रदान कर रही है।

बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ का उद्देश्य शानदार क्लिनिकल परिणाम, शोध एवं इनोवेशन की मदद से फर्टिलिटी केयर में ग्लोबल लीडर बनना और फर्टिलिटी के भविष्य को उज्जवल बनाना है। बिरला फर्टिलिटी एंड आई. वी. एफ. ने कम समय में ही शानदार परिणाम दिए हैं, और 85 प्रतिशत प्रिग्नेंसी सफल होकर पेशेंट संतुष्टि स्कोर 95 प्रतिशत से ज्यादा रहा है। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ के चीफ बिजनेस ऑफिसर, अभिषेक अग्रवाल ने कहा, ''भारत में 28 मिलियन दंपत्ति फर्टिलिटी की समस्याओं से पीड़त हैं, लेकिन अपनी समस्याओं के लिए मेडिकल परामर्श 1 प्रतिशत से भी कम लोग लेते हैं, जिसका मुख्य कारण जागरुकता की कमी है। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ में हम जागरुकता बढ़ाते हुए फर्टिलिटी का किफायती व भरोसेमंद इलाज प्रदान करते हैं। आम धारणा है कि फर्टिलिटी केवल महिलाओं की समस्या है, लेकिन ऐसा नहीं है, इससे महिला और पुरुष दोनों ही प्रभावित होते हैं, और हम इस मामले में जागरुकता बढ़ाएंगे। हम एडवांस्ड फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन तकनीकें उपलब्ध कराते हैं, जिनका उपयोग व्यक्तिगत या फिर किसी बीमारी के कारण किया जाता है। दक्षिणपूर्व एशिया में ओवेरियन कॉर्टेक्स टिश्यू फ्रीज़िंग में अग्रणी रह चुकी टीम अब बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ में काम कर रही है, और कैंसर मरीजों को फर्टिलिटी प्रिज़र्वेशन की आधुनिक विधियाँ उपलब्ध करा रही है।'' डॉ. दिव्या शांडिल्य, कंसल्टैंट, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, नोएडा ने कहा, ''हमारे इलाज का तरीका अनोखा है। हम दंपत्तियों के प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक ही जगह मल्टीडिसिप्लिनरी केयर प्रदान करते हैं।

आत्मनिर्भर बनने को महिलाओं ने सीखी शीशे की सजावट, कैरी बैग व झूमर बनाना

एसजीटी यूनिवर्सिटी के एसीआईसी ने किया कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर ने आयोजित की कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम।

महिलाओं के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एसजीटी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के आस पास के गांवों की लगभग 50 से भी अधिक ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया।

इस दौरान झज्जर से आई हुई ट्रैनर गौतमी कटारिया ने सभी महिलाओं को घर की सजावट के लिए इस्तेमाल में आने वाली वस्तुएं शीशे की सजावट, कैरी बैग और झूमर बनाना सिखाया। एक दिन में महिलाओं को 10 घंटे तक ट्रेनिंग दी जाती है, जिसमें वो यूनिवर्सिटी में ही नहीं बल्कि घर जाने के बाद भी ये काम सीखती हैं। ऋषि शर्मा ने बताया कि एसीआईसी-एसजीटीयू द्वारा यह पहल की गई है कि अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि महिलाएं एक बेहतर जीवन यापन कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम एसीआईसी-एसजीटीयू समय समय पर करवाता है, जिसके तहत अब तक 150 से भी अधिक महिलाओं को ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाया जा चुका है। महिलाओं को सीखने के लिए इस्तेमाल में आने वाली वस्तुएं यूनिवर्सिटी द्वारा दी जाती हैं। स्टूडेंट्स और कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत एसजीटी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर बनाई गई चीजों की बिक्री करेंगे, जिसका 70 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं को दिया जाएगा। बकुल देव राय ने बताया कि कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का उद्देश्य एक पूरा उद्यम का पारिस्थितिकी तंत्र है। जिसमें ग्रामीण महिलायें व यूनिवर्सिटी के छात्र उधम करें और जो वो सीख रहे हैं, उससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सके।

ट्रेनिंग लेने पहुंची पिंकी चौहान ने एसीआईसी-एसजीटीयू का इस पहल के लिए धन्यवाद किया और बताया कि वह पहली बार यहां ट्रेनिंग लेने के लिए पहुंची है। बहुत ही सकारात्मक वातावरण में उन्हें ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही हर तरह की सुविधा यूनिवर्सिटी द्वारा दी गई है, चाहे यात्रा कर यूनिवर्सिटी बस से यहां पहुंचना ही क्यों ना हो।

भूमि अधिग्रहण मामलों की विशेष लोक अदालत में होगी सुनवाई

गुरुग्राम। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एसपी सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा आगामी 8 जुलाई को भूमि अधिग्रहण के मामले के मामले की सुनवाई के लिए न्यायिक परिसर गुरुग्राम में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में भूमि अधिग्रहण के मामले से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि 8 जुलाई को लगने वाली लोक अदालत से पूर्व 14 प्री-लोक अदालत लगाई जा रही है। जिसमें आकर आमजन अपने केसों का निपटारा करवा सकते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे इस विशेष लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपने केस का निपटारा करवाएं।

पारुल यूनिवर्सिटी के दो वर्षीय ऑनलाइन एमबीए प्रोग्राम के लिए आवेदन शुरू

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

वडोदरा के सबसे बड़े एजुकेशन इंस्टिट्यूट में शामिल पारुल यूनिवर्सिटी ने अपने ऑनलाइन दो वर्षीयए यूजीसी और एआईसीटीई से अप्रूव कोर्सेस के लिए आवेदनों का स्वागत किया है। वक्त के साथ इंडस्ट्री की बदलती मांगों को देखते हुए इंस्टीट्यूट स्टूडेंट्स के लिए 20 स्पेशलाइज्ड अलग.अलग कोर्सेस ऑफर कर रहा है। यह कोर्सेस स्टूडेंट्स को अपनी अपनी फील्ड की नई चुनौतियों और मुश्किलों का कैसे सामना करना है, इसके लिए मदद करेंगे।

पारुल यूनिवर्सिटी सैंटर फॉर कन्टीन्युइंग एजुकेशन और ऑनलाइन लर्निंग के डायरेक्टर डॉ कुंजल सिन्हा ने एडमिशन प्रोग्राम के पीछे यूनिवर्सिटी की क्या सोच है। इसे लेकर बताया कि, पारुल यूनिवर्सिटी जब से शुरू हुई है उसकी एक ही सोच रही है और वह है एजुकेशन फिल्ड में सबसे आगे रहने की। इस फिल्ड में खुद को एक लीडर बनाने की। यूनिवर्सिटी का फोकस (ध्यान) एक इंडस्ट्री. एकेडमिक तालमेल के निर्माण पर है। जो कैंडिडेट्स को उन भूमिकाओं के बारे में एक अंदरूनी नजरिया प्रदान करता है। जिन्हें वह हासिल करन का सपना रखते हैं। अबए हमारी इंडस्ट्री से संबंधित एजुकेशन (शिक्षा) ऑनलाइन मौजूद होगीए जिससे ज्यादा से ज्यादा होनहार कैंडिडेट्स (उम्मीदवारों) तक पहुंचने के लिए हमारे बैंडविड्थ का विस्तार होगा।

कैंडिडेट्स जो अपनी-अपनी इंडस्ट्री में अपना एक ऊंचा मुकाम पाना चाहते हैं। वह मांगी गई स्पेशलाइजेशन की लिस्ट में से इसे चुन सकते हैं। कृषि प्रबंधन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, डिजिटल मार्केटिंग और बिक्री प्रबंधन, उद्यमिता और नवाचार विकास, परिवार-प्रबंधित व्यवसाय, स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और व्यवसायए रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, फार्मास्यूटिकल प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, सार्वजनिक नीति, खुदरा प्रबंधन, पर्यटन और घटना प्रबंधन, संचालन प्रबंधन, फोरेंसिक लेखा और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी जांच, व्यापार विश्लेषिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन प्रबंधन, वित्त प्रबंधन, विपणन प्रबंधन।

बारात में जा रहे कार सवारों से मारपीट कर कैश लूटा

पलवल। बारात में शामिल होने जा रही गाड़ी के सामने बाइक अड़ाकर बदमाशों ने कार सवारों से मारपीट करते हुए कैश और आभूषण छीन लिए। शहर थाना पुलिस शिकायत के आधार पर सात नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया।

कौंडल निवासी गौतम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कौंडल गांव से राहुल की बारात में विष्णु गार्डन आल्हापुर के लिए अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर चला था। उसकी गाड़ी में उसका भाई अमर सिंह, जनक व फानी सवार थे। जब उनकी गाड़ी नेशनल हाईवे पर आल्हापुर फ्लाईओवर के नीचे पहुंची, तभी बुलेट व स्पलेंडर बाइक पर आए छह लोगों ने उसकी गाड़ी के आगे बाइक अड़ाकर रास्ता रोक लिया। युवकों के हाथ में देसी कट्टा, लोहे की रॉड और डंडे थे। गाड़ी रुकते ही उन्होंने हमला कर दिया। इसके बाद एक गाड़ी और बाइक पर और लोग आ गए। जिन्होंने भी आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद आरोपी उसके भाई अमर सिंह के गले से तीन तोले की सोने की चेन और जेब से 15 हजार लूटकर ले गए। आरोपी जाते-जाते धमकी देकर गए है कि यदि इस संबंध में कोई पुलिस कार्रवाई की तो जान से खत्म कर देंगे।

शेखपुर से यूपी बॉर्डर तक बनाई जाएगी 2.92 किलोमीटर की सड़क

एक करोड़ 96 लाख 45 हजार की लागत से बनने वाली सड़क से लोगों का आवागमन होगा सुगम

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक दीपक मंगला व अन्य।

विधायक दीपक मंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की राह पर चहुंमुखी विकास कार्य किए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों को पूरा करवाने में किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। जनता की सुविधा के लिए विकास कार्य करना सरकार की प्राथमिकता है तथा सरकार पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ अपना यह कार्य कर रही है।

विधायक दीपक मंगला गांव नगलिया शेखपुर से यूपी बॉर्डर तक बनने वाली नई सड़क के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत करीब 2.92 किलोमीटर लंबी यह सड़क लगभग एक करोड़ 96 लाख 45 हजार रुपए की लागत से पंचायत राज द्वारा बनाई जाएगी। इस नई सड़क के बन जाने से यहां के ग्रामीणों का आवागमन सरल और अधिक सुगम होगा। विधायक ने कहा कि देश व प्रदेश में सरकार में चारों तरफ चहुंमुखी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। सभी विकास कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरी तीव्रता से पूरा करवाया जा रहा है। एलिवेटेड पुल के बन जाने से पलवल की जनता सहित राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहनों को जाम से निजात मिली। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिले के लिए कई बड़ी सौगातें दी हैं। इस मौके पर नंगलिया से जसविंदर सिंह, ब्लॉक मेंबर मंगतराम, बागपुर से पप्पू, शेखपुर से सुनील, गोविंदी बागपुर, रामशरण मास्टर पेहरूका, कोऑपरेटिव सोसाइटी डायरेक्टर दिनेश भाटी, शेखपुर से सुंदर, मुकेश सिंगला, हरेंद्र तेवतिया, यशपाल आदि उपस्थित रहे।

16 जून से शुरू होगी बृज चौरासी कोस की परिक्रमा : नेहा सिंह

डीसी ने परिक्रमा मार्ग के सौंदर्यीकरण के कार्य की देखरेख के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी नेहा सिंह, साथ में एडीसी व एसडीएम।

बृज 84 कोस परिक्रमा मार्ग में श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए पीने के पानी, विश्राम के लिए हॉल व बैठने के लिए बैंच, बिजली की पर्याप्त उपलब्धता, टॉयलेट आदि की सुविधा के लिए डीसी नेहा सिंह ने अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से परिक्रमा मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए कार्य सौंप आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नेहा सिंह ने कहा कि 16 जून से बृज चौरासी कोस की परिक्रमा शुरू हो जाएगी। इसलिए अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित बचे हुए शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने में लग जाएं। समय के अभाव को ध्यान में रखते हुए इन कार्यों को पूरा करने में सभी विभाग के अधिकारी तल्लीनता से कार्य करें। इसके लिए संबंधित एसडीएम स्वयं विभागीय अधिकारियों के साथ साप्ताहिक तौर पर परिक्रमा मार्ग का दौरा कर कार्यों का जायजा लेते रहें। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले कच्चे रास्तों को पक्का करने के लिए किए जा रहे कार्य का संयुक्त रूप से दौरा कर निरीक्षण करें। गांव सोंदहद में परिक्रमा मार्ग में ड्रेन के पानी की ओवरफ्लो की समस्या का भी स्थाई तौर पर समाधान करने की दिशा में कार्य किया जाए, ताकि परिक्रमा में श्रृद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। डीसी ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित इन सभी कार्यों को परिक्रमा के प्रारंभ होने से पूर्व समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। उन्होंने जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि वे सरपंचों के साथ बैठक कर श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए लोकल स्तर पर कार्य करें। पंचायती राज संयुक्त विजिट कर रास्तों को स्ट्रैच करने के लिए पैच वर्क कर इसकी अपडेटिड रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

बैठक में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने डीसी को आश्वस्त किया कि बृज 84 कोस परिक्रमा मार्ग में लगे हुए सभी आरओ प्लांट को रिपेयर करने का कार्य प्रगति पर है और जल्द ही यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी प्रकार सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सोंदहद से बंचारी परिक्रमा मार्ग के बीच में जर्जर हालत में स्थित पंप हाउस को डिमोलिश करवाने की स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेजा हुआ है। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने डीसी को आश्वासन देते हुए कहा कि परिक्रमा मार्ग में बनने वाले पडाव के लिए शेड बनाने के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है, जिसका एस्टीमेट पंचायती राज के अधिकारी देंगे। यह प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा, एसडीएम पलवल शशि वसुंधरा, एसडीएम हथीन लक्ष्मी नारायण, एसडीएम होडल रणवीर सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार, नगराधीश द्विजा, तहसीलदार संजीव नागर, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, सिविल सर्जन डॉ. लोकवीर, नगर परिषद पलवल के कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार, नगर परिषद होडल के कार्यकारी अधिकारी मनेंद्र सिंह, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेद्र यादव, बीडीपीओ नरेश कुमार सहित सिंचाई, मार्केटिंग बोर्ड, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, पंचायती राज व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

फरीदाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने व्यवसाय बढ़ाने पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

फरीदाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की पांचवीं गवर्निंग बॉडी की मीटिंग होटल रेडिसन ब्लू, फरीदाबाद में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य एजेंडा विभिन्न उद्योगों, एफसीसीआई कार्यालय के विशेषज्ञों से अलग-अलग सेमिनार आयोजित करके सभी सदस्यों को उद्योग इनपुट और समर्थन प्रदान करने पर केंद्रित था।

सरकारी विभागों, राजनीतिक मंचों के सभी पदाधिकारियों के साथ, उद्योग को अधिकतम लाभ प्रदान करने के लिए उद्योग का दौरा, सीएसआर परियोजनाओं और स्वास्थ्य और कल्याण गतिविधियों पर बड़े पैमाने पर योगदान देना। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एफसीसीआई की मौजूदगी भी काफी हद तक बढ़ रही है। कार्यक्रम औपचारिक रूप से हमारे मॉडरेटर द्वारा शुरू किया गया। गवर्नर प्रवीण रांका का स्वागत करते हुए एचके बत्रा और महासचिव रोहित रूंगटा व एफसीसीआई के संस्थापक सदस्य एमपी रूंगटा और पूर्व अध्यक्ष टीसी धवन अन्य निकाय सदस्यों की उपस्थिति में बैठक हुई। रोहित रूंगटा ने उपस्थित सदस्यों को आश्वासन दिया कि प्रयासों के साथ, एफसीसीआई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के सामने आने वाली समस्याओं को हल करके उद्योग को राहत प्रदान करने में सक्षम हो सकता है और एफसीसीआई द्वारा विभिन्न सार्वजनिक मंचों पर लगातार चर्चा की गई है। एमपी रूंगटा, टीसी धवन के साथ एचके बत्रा और रोहित रूंगटा ने अपराजिता वरुण अजय पाल डूडी को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट किया। इस मौके पर एमपी रूंगटा, रजत मंगला, आरके गोयल, आरके चिलाना, गिरीश गुप्ता, टीसी धवन, शंकर खंडेलवाल, कृष्ण कौशिक, संदीप सिंघल, दिनेश शर्मा, प्रेम अमर, मयंक गोयल, देवेंद्र गोयल, अमित अग्रवाल, एससी गुलाटी, आरके जग्गी, वीरभान शर्मा, एमएल शर्मा, सुरिंदर कपूर, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

दहेज के कारण महिला को तीन तलाक कहकर घर से निकाला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

देवर ने दुष्कर्म का प्रयास किया, विरोध करने पर मारपीट, मामला दर्ज

दहेज की मांग व देवर की छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को भूखा प्यासा बंधक बनाकर बुरी तरह से पीटा गया। साथ ही महिला को तीन बार तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति, सास, ससुर, ननद व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

शहर थाना प्रभारी रेनू शेखावत के अनुसार शहरी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी शादी जिला गन्नोर में हुई थी। पीड़िता को शादी के बाद से पति, ननद, देवर, ससुर व सास दहेज में 51 हजार नकद, बाइक व आभूषण की मांग कर परेशान करने लगे। उसका आरोप है कि उसका देवर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा, शिकायत करती तो पति, ससुर व सास उल्टा उसके साथ ही मारपीट करते। पीड़िता का कहना है कि एक दिन वह घर पर अकेली चारपाई पर सोई हुई थी, उसी दौरान देवर आया और उसका मुंह हाथ से दबा लिया और दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। बड़ी मुश्किल से वहां से भागी और शोर मचाया।

शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य आ गए तो उसने उन्हें देवर की हरकतों के बारे में बताया तो उल्टा पति, ससुर, सास, ननद व देवर ने पिटाई की। उसके बाद रात को पति शराब पीकर आया और कमरे में बंद कर पीटा और भूखा-प्यास कमरे में बंद रखा और उसके बाद आभूषण लूटकर उसे तीन बार तलाक बोलकर कहा कि तुझे तलाक दे दिया है। अगर तुझे पर हमारी दहेज की मांग पूरी हो जाए तो आ जाना नहीं तो मेरे और अपने बीच में तलाक समझना। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर उसके पति सहित अन्य के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, बंधक बनाकर भूखा-प्यासा रखने, देवर द्वारा दुष्कर्म का प्रयास करने का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

रोटेरियन जेपी मल्होत्रा प्रतिष्ठित सम्मान संवेदना ट्रॉफी से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान रोटेरियन जेपी मल्होत्रा को इस वर्ष के प्रतिष्ठित सम्मान संवेदना ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मान नई दिल्ली के पीएचडी चैंबर में आयोजित विभिन्न रोटरी क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में दिया गया। यह रोटरी के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी रोटेरियन को किसी प्रोजेक्ट में योगदान के लिए निजी तौर पर सम्मानित किया गया है।

यह विशेष सम्मान रोटेरियन मल्होत्रा को कैंसर फाउंडेशन डीजी डॉ. ललित खुराना तथा उप प्रधान डिस्ट्रिक 304 अशोक कंटूर द्वारा प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि यह ट्रॉफी पूर्व जिला गवर्नर रोटेरियन सुधीर मंगला ने अपने पिता स्वर्गीय रविचंद्र मंगला की याद में आरंभ की है। इस मौके पर कैंसर फाउंडेशन के सचिव रोटेरियन अजय नारायण ने कहा कि यह ट्रॉफी रोटेरियन मल्होत्रा को उनके द्वारा कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता लाने हेतु प्रदान की गई है।

उन्होंने कहा कि मल्होत्रा द्वारा दिल्ली एनसीआर एवं विशेष रूप से फरीदाबाद में वर्ष 2022-23 में कैंसर जांच एवं मैमोग्राफी कैंप के जो आयोजन किए हैं, वह सराहनीय है। नारायण ने बताया कि कैंसर फाउंडेशन के सहयोग से रोटेरियन मल्होत्रा तथा रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिड टाउन के प्रयासों से फरीदाबाद में महिलाओं की कैंसर जांच तथा मेमोग्राफी टेस्ट अभियान चलाया जा रहा है। वह निश्चित रूप से हर्ष का विषय है और उसके परिणाम सकारात्मक आने की आशा है। इस अवसर पर रोटेरियन जेपी मल्होत्रा ने उपस्थित रोटरी बंधुओं को संबंधित करते कहा कि कोई भी प्रोजेक्ट बिना टीम के पूर्ण नहीं हो सकता। रोटेरियन मल्होत्रा ने अमरजीत लांबा, अशोक गुप्ता, नरेश शर्मा, सतिंदर सिंह चौहान, विजय राघवन को पूर्व की भांति इस मुहिम में अपना विशेष सहयोग बनाये रखने का अनुरोध किया। मल्होत्रा ने सतीश गोसाई, अमित जुनेजा, राकेश तलवार, दिनेश जांगिड़, मनीष कपूर, संजय खन्ना, अनूप मित्तल, महेश त्रिखा के साथ साथ रोटरी 3011 की समस्त टीम का कैंसर की जांच, रोकथाम एवं जागरूकता की मुहिम में अपना योगदान प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।

महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन ने समाजसेवी महिलाओं का किया सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित करते एसोसिएशन की अध्यक्ष रेनू चौहान।

गांव बसंतपुर स्थित महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन के कार्यालय पर एक महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज और क्षेत्र के लिए सक्रिय स्थानीय महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएमसी की पूर्व मेयर अनामिका मिथिलेश सिंह, अमित प्रकाश, एडवोकेट रूपा धीवर, एमए असलम, महिला प्रचंड शक्ति एसोसिएशन की अध्यक्ष रेनू चौहान, महासचिव इमरान रजा, डॉ. नूर सबा, पवन कौशिक, नाजरीन बानो बोर्ड उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रेनू चौहान तथा का संचालन महासचिव इमरान रजा ने किया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। रेनू चौहान ने कहा कि उनकी संस्था द्वारा समय-समय पर क्षेत्र में महिलाओं के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का चयन करके उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। ताकि वह समाज में बिना किसी भेदभाव के निस्वार्थ भावना से समाज कल्याण का कार्य कर सकें।

जो भी पीड़ित महिलाएं हैं, उनकी आवाज बुलंद कर सकें और महिलाओं को इंसाफ दिलाने में उनकी मदद कर सकें। साथ ही उनको स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित कर सकें। समाज में सिर उठाकर चलना और अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित कर सकें। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से नाजरीन बानो, डॉक्टर नूर सबा, परवीन, मीना शर्मा, बबीता कुमारी, अजरुन खातून, तनुजा शर्मा, अनिता, ताजरा बेगम, पुष्पा देवी, कौशल, रानी खान, ललिता देवी, अंजू शर्मा, सपना रानी परीदा, शबनम खान राखी, शशि पाल बौद्ध, प्रदीप चौहान, सौरव शर्मा, मनीष कुमार, शान मोहम्मद, एहतेशाम रजा, रणवीर सिंह राठौर, अनिल चौहान, ओमपाल सिंह राणा, वीरेंद्र पाठक, दुष्यंत सिंह, शशि प्रकाश आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

दहेज की खातिर महिला की हत्या का आरोप, मामला दर्ज

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुर बिल्लोच में एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कामा राजस्थान निवासी नवल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसने अपनी दो बेटी अनिता और नेहा की शादी साल फतेहपुर बिल्लोच गांव निवासी मोहित और रोहित के साथ की थी।

शादी के बाद से ही ससुराली उसे कम दहेज लाने के लिए ताने देते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर 25 दिन पहले उनकी बड़ी बेटी नेहा को मायके छोड़ दिया। नेहा के तीन बच्चे हैं। वहीं अनिता के साथ भी झगड़ा व मारपीट करते थे। शादी के बाद अनिता का पति मोहित नशे में उसके साथ मारपीट करता था। मारपीट की वजह से कई बार उनकी दोनों बेटियां मायके में रहीं, लेकिन पंचायती तौर पर फैसला होने के बाद बेटी को ससुराल भेज दिया।

बूथ लेवल अधिकारियों का मार्गदर्शन करेगी बीएलओ ई-पत्रिक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलओ के साथ सीधा संवाद व संचार स्थापित करने के लिए बीएलओ ई-पत्रिका जारी की है। इस पत्रिका के माध्यम से निर्वाचन आयोग बूथ स्तर के अधिकारी के साथ अब सीधा संवाद कर सकते हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ के कार्य को और अधिक आसान एवं सुविधाजनक बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीएलओ ई-पत्रिका जारी की गई है।

इस पत्रिका में आयोग अपने अनुभव, चुनौतियों को साझा करते हुए बीएलओ के कर्तव्य और कहानी को भी प्रकट करेंगे। डीसी ने कहा कि बीएलओ हर मतदाता के लिए सूचना का प्राथमिक स्त्रोत है। उनकी सुविधा के लिए बीएलओ ई-पत्रिका की शुरूआत की गई है। इस पत्रिका से बीएलओ को मतदाताओं की सेवाओं के लिए अधिक से अधिक जानकारी मिलेगी और अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने आगे बताया कि ई-पत्रिका आयोग की एक नई पहल है। बीएलओ ई-पत्रिका स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव की दिशा में आयोग का सराहनीय कदम है। इससे बीएलओ को तकनीकी जानकारी मिल सकेंगी।

उन्होंने बताया कि बीएलओ ई-पत्रिका को ईसीआई.जीओवी.इन वेबसाइट पर पढ़ा जा सकता है। चुनाव आयोग के अनुसार बीएलओ ई-पत्रिका में ईवीएम-वीवीपीएटी सहित चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली सहित तमाम विषय शामिल होंगे। इसमें प्रशिक्षण, आईटी, विशेष सारांश संशोधन, नवीनतम स्वीप, मतदान केंद्रों पर गतिविधियां, पोस्टर बैल्ट सुविधा, सुगम चुनावी साक्षरता क्लब, अद्वितीय जागरूक मतदाता पहल, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के साथ-साथ बीएलओ के साथ औपचारिक बातचीत भी शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स पलवल की टीम को किया सम्मानित

पलवल। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स राज्य मुख्यालय चंडीगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में जिला पलवल की टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के नवनियुक्त सचिव मनीराम शर्मा आईएएस आयुक्त श्रम विभाग हरियाणा रहे। जबकि अध्यक्षता संस्था के संरक्षक एस कौशल पूर्व निदेशक शिक्षा विभाग द्वारा की गई। संचालन स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर एलएस वर्मा व रोमा सपरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया जिला पलवल द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्य तथा कर्नाटक व राजस्थान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय जंबूरी में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक बघेल व जिला इकाई को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राज्य के सभी डीओसी को संबोधित करते हुए मनीराम शर्मा ने कहा वह नेशनल कमिश्नर केके खंडेलवाल द्वारा संस्था के राज्य सचिव बनाए जाने पर आभारी हैं। भारत स्काउट्स के सभी अभियान युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहे हैं। देश हित तथा सामाजिक उत्थान के लिए संस्था के कार्यक्रमों को प्रत्येक विद्यार्थी तथा युवाओं तक पहुंचाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पॉलिथीन मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला इकाई द्वारा एलओएम फुटवियर कंपनी द्वारा प्रदत कपड़े के थैले का विमोचन कराया गया।

कैंटर ने स्कूटी को मारी टक्कर, बच्ची की मौत व मां घायल

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी में एक कैंटर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार बच्ची की मौत हो गई, जबकि महिला को गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद लोगों ने कैंटर चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार महिला स्कूल से दो बच्चियों को लेने गई थी। लौटते वक्त एक कैंटर ने उनकी स्कूटी को सामने से टक्कर मार दी। जिससे बच्ची जिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बच्ची सकुशल बच गई। महिला पूनम के पैरों में चोट आई है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उदयपुर भंगूरी पर दखल कार्रवाई के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

पलवल। जिलाधीश नेहा सिंह ने उदयपुर भंगूरी पर दखल कार्रवाई के दौरान तत्काल प्रभाव से अगले एक सप्ताह तक अथवा कार्य पूर्ण होने तक कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए बहीन के नायब तहसीलदार श्रवण कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेगा। सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित भूमि एवं इस कार्रवाई पर किसी न्यायालय की ओर से कोई रोक/यथास्थिति आदि न हो तथा कार्य नियमानुसार हो तथा धूल नियंत्रण के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन हो।

बडौली में अतिक्रमण को हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

पलवल। जिलाधीश नेहा सिंह ने 24 मई से 28 मई तक गांव बडौली के नाले (मंदिर से लेकर हसनपुर रोड और हरीजन कॉलोनी तक) से अवैध अतिक्रमण को हटाने के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग पलवल के उपमंडल अभियंता सुभाषचंद्र को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। सभी संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित भूमि एवं कार्रवाई पर किसी न्यायालय की ओर से कोई रोक/यथास्थिति आदि न हो तथा कार्य नियमानुसार हो तथा धूल नियंत्रण के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन हो। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों व इस संबंध में विभिन्न सीपीसीबी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

बच्चों के हत्यारे पिता को भेजा जेल

फरीदाबाद। घरेलू कलह के चलते अपने दो बच्चों को कुंए में फेंककर हत्या करने वाले पिता को पुलिस ने अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। वहीं बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर उनके नाना को सौंप दिया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को सोफ्ता के निकट भगत सिंह ने अपनी पत्नी से झगड़े के चलते अपने दो बच्चों को कुएं में फेंककर मौत के घाट उतार दिया था। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। घटना के बाद आरोपी के ससुरालियों में रोष व्याप्त है। जिससे उन्होंने भगत सिंह के परिजनों को बच्चों का दाह संस्कार नहीं करने दिया। बच्चों के नाना उनके शवों को अपने साथ ले गए।

किसानों व बेरोजगारों को ड्रोन पायलेट ट्रैनिंग को ऑनलाइन आवेदन

पलवल। कृषि उपनिदेशक डॉ. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग तक के किसानों/बेरोजगारों को ड्रोन पायलेट ट्रेनिंग के लिए 19 मई से 13 जून तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जिसमें जिला पलवल के लिए कुल लक्ष्य 10 निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान/बेरोजगार ड्रोन पायलेट ट्रैनिंग के लिए अपना आवेदन कर सकते हैं। जिसमें हरियाणा सरकार द्वारा कुछ नियम व शर्तें लागू की गई हैं। इसके लिए कम से कम दसवीं पास हो, उसका वैध पासपोर्ट हो तथा वह कस्टम हायरिंग सेंटर का सदस्य/एफपीओ होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए कुसलीपुर के डीएवी स्कूल पार्क कॉलोनी स्थित सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में फोन नंबर-9588309466 व 8168966118 पर संपर्क कर सकते हैं।

झबला मोहल्ला में मचा पानी के लिए हाहाकार

फिरोजपुर झिरका। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से जनता में विभाग और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है क्योंकि वार्ड नंबर 03 के झबला मोहल्ला में लगभग 10-12 दिनों से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। लेकिन विभाग को संकट के समाधान को लेकर कोई सरोकार नहीं है। कस्बा के बाशिंदे समाजसेवी रजत जैन, हरीश शर्मा, प्राचीन शिव मंदिर स्थल कमेटी के अध्यक्ष किशन चंद गोयल ने बताया की भूमिगत खारा पानी होने की वजह से जनता विभाग के द्वारा बिछाई गई पाइप लाइन के पानी पर ही पूर्णरूप से आश्रित है। उन्होंने बताया कि जब विभाग व प्रशासन अभी भी पानी नहीं दे सकता तो आने वाले दिनों में भीषण गर्मियों में पानी की आशा करना बेमानी होगी। उन्होंने बताया कि लगभग10-12 दिनों से पानी के दर्शन नहीं हैं। धनाढ्य वर्ग के लोग तो निजी टैंकर मंगाकर अपना कार्य चलाने को विवश हैं, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ले लोगों को पानी के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। 20 रुपये का पानी का डिब्बा खरीद कर बच्चों की प्यास बुझाने को जनता मजबूर है। जनता की मांग है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी स्वयं मामले को संज्ञान में लेकर उच्चस्तरीय जांच कराएं। आखिर मामला क्या है जो झबला मोहल्ला वासियों को समय पर नियमित रूप से पानी नहीं मिल पाता है। सप्लाई होने वाला पानी आखिर जा कहां रहा है। जनता में ये यह प्रश्न यथार्थ बना हुआ है।

कर्नाटक सरकार

रास्ता कठिन

आखिरकार कर्नाटक में नए मुख्यमंत्री को लेकर संशय दूर हो गया। सरकार को अपने वादे पूरे करने हैं, पर उसे आर्थिक सुधारों को पटरी से नहीं उतरने देना चाहिए। इस दृष्टिकोण से उसका रास्ता कठिन है। अंततः कांग्रेस राज्य पार्टी प्रमुख डी.के. शिवकुमार को उप-मुख्यमंत्री पद स्वीकारने के लिए तैयार करने में सफल रही। लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी को इस काम में लगभग चार दिन लगे। राजनीतिक विश्लेषक अनुमान लगाएंगे कि ऐसा कैसे हुआ क्योंकि शिवकुमार तथा उनके प्रतिद्वंद्वी सिद्धारमैया अपनी जिद पर अड़े थे। दोनों नेताओं के दावे दमदार थे। कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले हुए जनमत सर्वेक्षण के अनुसार, सिद्धारमैया लोकप्रिय तथा मुख्यमंत्री के रूप में अनेक पार्टियों की पसंद थे। दूसरी ओर शिवकुमार अपनी संगठनात्मक क्षमता तथा संसाधनों के लिए जाने जाते हैं। कहा जाता है कि आखिरकार पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के हस्तक्षेप से यह समझौता हुआ। इस निर्णय में शिवकुमार के खिलाफ चल रहे आयकर व प्रवर्तन निदेशालय के मामलों ने भी अपनी भूमिका निभाई। कांग्रेस अपने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की संभावना से बचना चाहती थी। हालांकि, मुख्यमंत्री पद का निर्णय लेने में विलंब कोई नई बात नहीं है और ऐसा भारतीय जतना पार्टी में भी हुआ है। लेकिन जहां तक कांग्रेस का सवाल है, दोनों कन्नड़ नेताओं की जिद ने दक्षिणी राज्य में भारी विजय के बाद पार्टी की छवि थोड़ी धूमिल जरूर की। हालांकि, भाजपा में भी राज्यों के अनेक नेता सर्वोच्च पद के आकांक्षी हैं, पर यह समस्या कभी बहुत गंभीर नहीं होती है। लेकिन कांग्रेस के मामले में अक्सर आलाकमान अपने नियंत्रण वाले राज्यों में विद्रोह की स्थिति से निपटने में निष्प्रभावी सिद्ध होता है। पंजाब में 'गांधी परिवार' की पसंद नवजोत सिंह सिद्धू कांग्रेस पर बहुत भारी पड़े। कांग्रेस आलाकमान ज्योतिरादित्य सिंधिया के सरोकारों को संबोधित नहीं कर सका और उसे मध्य प्रदेश में अपनी सरकार गंवानी पड़ी। इसी प्रकार वह राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच समस्यायें सुलझा नहीं पा रहा है।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का रास्ता आसान नहीं होगा। चुनाव से पहले उसके द्वारा किए लोकरंजक वादों से राज्य के खजाने पर लगभग 62,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इससे राज्य का राजकोषीय घाटा 5 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा, जबकि वर्तमान समय में यह 2.6 प्रतिशत है तथा वित्त आयोग ने इसकी सीमा 4 प्रतिशत रखी है। राजकोषीय स्थिति गड़बड़ाने से इस राज्य का विकास प्रभावित होगा जो देश का प्रमुख आईटी केन्द्र है। हालांकि, दुष्प्रभाव दिखने में समय लगता है, लेकिन ये जल्द ही दिखने लगेंगे। इससे आर्थिक सुधार व पूंजीगत खर्च सर्वाधिक प्रभावित होंगे। 'खैरातें' उदारवाद की भावना के विपरीत हैं और इनसे सुधारों पर भारी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जहां तक ढांचागत संरचना में फंडिंग का सवाल है, राजकोषीय दबाव वाला राज्य इनका लाभ नहीं उठा सकता है क्योंकि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पूंजीगत कर्जों को विभिन्न आर्थिक सुधारों से जोड़ दिया है। अब कर्नाटक में सिद्धारमैया व शिवकुमार को अपने शासनकाल में राजनीति तथा अर्थनीति के बीच संतुलन बनाना जरूरी होगा। उनको यह अवश्य सुनिश्चित करना होगा कि उचित आर्थिक नीतियों पर कहीं लोकरंजकता भारी न पड़ जाए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार 'खैरातों' के खिलाफ सावधान करते हुए इनको देश की अर्थव्यवस्था तथा भावी पीढ़ियों के लिए विनाशकारी बताया है।

हिरोशिमा में जी 7 शिखर सम्मेलन

हिरोशिमा में आयोजित जी 7 शिखर सम्मेलन अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करेगा जिनमें से अनेक के सरल समाधान नहीं हैं।

डा. ऋषि गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)

जापान के हिरोशिमा के ऐतिहासिक शहर में 19 से 21 मई को जी 7 देशों के नेता वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए एकत्र होंगे जिनमें फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली व कनाडा शामिल हैं। वे रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद वैश्विक सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा करेंगे जिनमें नाभिकीय आयुध मुक्त दुनिया, वैश्विक आर्थिक वृद्धि, अंतरराष्ट्रीय व्यापार तथा जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। वर्तमान समय में जी 7 का अध्यक्ष जापान विभिन्न मुद्दों पर जी 7 देशों तथा 'वैश्विक दक्षिण' के बीच संवाद में महत्वपूर्ण फैसिलिटेटर की भूमिका अदा करेगा। इन मुद्दों में वैश्विक स्वास्थ्य, चीन, यूक्रेन व अन्य अनेक शामिल हैं।

जी 7 देशों के बीच आर्थिक सहयोग व नीतिगत समन्वये साथ ही चीन के आर्थिक व रणनीतिक दबाव पर चर्चा मुख्य केन्द्र में रहेगी। शिखर सम्मेलन में चर्चाओं को लेकर जी 7 आर्थिक सुरक्षा पर एक अलग बयान जारी कर सकता है। इसके साथ ही सप्लाई श्रृंखला की दृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए चीन के आर्थिक दाव नीतियों के जवाबी-उपायों पर जोर दिया जाएगा। इनमें मुक्त व्यापार तथा सेमीकंडक्टरों व रेयर अर्थ खनिजों, आदि पर चीन की निर्भरता से बचने के उपायों पर विशेष चर्चा संभावित है। इन अनुमानों को देखते हुए बीजिंग ने पहले ही एक बयान जारी किया है। उसने कहा है कि 'आर्थिक दबाव के लिए अमेरिका सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। जापान अपने अनुभवों से इसे अच्छी तरह जानता है जिनमें 1980 के दशक का प्लाजा समझौता शामिल है। यदि जी 7 देश सचमुच आर्थिक सुरक्षा चाहते हैं तो उनको अमेरिका से कहना चाहिए कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर खूनखराबा तथा दूसरे देशों पर दबाव डालना बंद करे, दूसरों को धमकाना बंद करे तथा सहयोगियों पर विशिष्ट समूह बनाने का दाव न डाले।' चीन पूरी तरह जी 7 का विरोध करने पर आमादा है और देख रहा है कि सम्मेलन किस दिशा में आगे बढ़ता है। चीन के अलावा यूक्रेन पर रूस आक्रमण गंभीर बहस का मुद्दा बनेगा। जी 7 देश यूक्रेन के मुद्दे पर पूरी तरह स्पष्ट रहे हैं। वे इसका समाधान शांतिपूर्ण तरीके से निकालना चाहते हैं तथा मिंस्क समझौतों का अनुसरण करते हैं। इसका अर्थ युद्धविराम सुनिश्चित करना, भारी हथियारों को हटाना, अपनी सीमाओं में यूक्रेन का अधिकार सुनिश्चित करना तथा राजनीतिक सुधार करना है।

जी 7 देशों के नेताओं ने यूक्रेन की यात्रा कर उसके साथ एकजुटता प्रदर्शित की है तथा रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का समर्थन किया है। इसके साथ ही यह याद रखना जरूरी है कि जी 7 देशों की यूक्रेन संबंधी रणनीतियां व दृष्टिकोण अलग-अलग हो सकते हैं जो रूस के साथ निकटता के उनके संबंधों पर निर्भर हैं। ऐसे में यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान का प्रस्ता निरर्थक हो सकता है। लेकिन इन तथ्यों को देखते हुए इस पर दृष्टिकोण निर्धारित करना जरूरी है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन पीछे हटने को तैयार नहीं हैं तथा नाभिकीय युद्ध जैसी स्थिति की संभावना दुनिया की सर्वोत्तम अर्थव्यवस्थाओं व सैनिक शक्तियों को चिन्ता में डाल रही है। जी 7 देशों का एकसाथ आना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि रूस-चीन निकटता यूरेशियाई क्षेत्र में दो मोर्चों पर चुनौती पेश कर रही है।

जी 7 सदस्य देशों के अलावा जापान ने गैर-सदस्य देशों, जैसे भारत, दक्षिण कोरिया, ब्राजील व आस्ट्रेलिया को भी आमंत्रित किया है। जापान के लिए जी 7 शिखर सम्मेलन सदस्य व गैर-सदस्य देशों से अपने संबंध मजबूत करने, वैश्विक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर चर्चा करने तथा 'वैश्विक उत्तर' व 'वैश्विक दक्षिण' के बीच खाई कम करने का अवसर है।

आमंत्रित गैर-सदस्य देशों में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूनसुक यिओल शामिल हैं। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों की शुरुआत कोरिया पर 1910-1945 के बीच जापानी औपनिवेशिक शासन के दौरान हुई थी। हालांकि, इतिहास कोरियावासियों को जापानी औपनिवेशिक शासन के दौरान हुए अत्याचारों की याद दिलाता है, पर इस शताब्दी की घटनाओं ने भी संबंधों पर प्रभाव डाला है। व्यापार व नौसैनिक संबंधों को लेकर 2018 में संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। लेकिन प्रधानमंत्री किशिदा की हालिया दक्षिण कोरिया यात्रा से यह संदेश दिया है कि कोरिया पर 25 साल के औपनिवेशिक शासन के दौरान हुए अत्याचारों से उनका 'हृदय दुखी है।' किशिदा की 'गंभीर क्षमायाचना' के बाद कोरिया को रणनीतिक महत्व मिला है क्योंकि अमेरिका के साथ वे भी उत्तर कोरिया से खतरे का सामना कर रहे हैं। उत्तर कोरियाई मिसाइलों का प्रभावी प्रतिरोधक तैयार करने के लिए किशिदा शिखर सम्मेलन के समय अलग से अमेरिका व दक्षिण कोरिया के साथ त्रिपक्षीय बैठक करेंगे। त्रिपक्षीय बैठक के नतीजे उत्तर कोरिया से पैदा खतरे से निपटने के लिए महत्वपूर्ण होंगे जो दक्षिण व पूर्व चीन सागर में ताइवान को निशाने पर लेने वाली चीन की बढ़ी सैनिक आक्रामकता से और गंभीर हुआ है। वर्तमान परिदृश्य में कोरियाई प्रायद्वीप में क्षेत्रीय खतरों के वैश्विक समाधान खोजना जरूरी है। जी 7 सम्मेलन में जहां चीन पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा, अतिथि के रूप में भारत की उपस्थिति महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री किशिदा ने इस वर्ष मार्च में वार्षिक भारत-जापान शिखर वार्ता में अपनी भारत यात्रा के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जी 7 सम्मेलन में भाग लेने का आमंत्रण दिया था। जापान की भारत के साथ 'विशेष रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी' है, हिंद-प्रशांत रणनीति पर उनके समान विचार हैं तथा वे क्वाडीलैटरल डायलाग के भी सदस्य हैं। जापान और भारत, दोनों 'वैश्विक दक्षिण' संबंधी मुद्दों का समाधान करने में दिलचस्पी लेते हैं। 'वैश्विक दक्षिण' को प्रभावित करने वाले कोविड-19 व यूक्रेन युद्ध जैसे मुद्दों ने वैश्विक सहयोग की आवश्यकता स्पष्ट की है। भारत वर्तमान समय में जी 20 का अध्यक्ष है। ऐसे में प्रधानमंत्री किशिदा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास 'वैश्विक दक्षिण' संबंधी मुद्दों पर चर्चा का विशेष अवसर है जिनमें वैश्विक स्वास्थ्य व डिजिटलीकरण शामिल हैं।

'वैश्विक उत्तर' व 'वैश्विक दक्षिण' की दो दुनिया के बीच भारी आर्थिक असमानता है। यह स्पष्ट रूप से कोविड-19 के समय दिखाई पड़ी। इसके अलावा जहां यूक्रेन युद्ध के बीच पश्चिमी दुनिया खाद्य संकट से निपटने में सफल रही, वहीं 'वैश्विक दक्षिण' के देशों को खाद्य व ईंधन की कमी का सामना करना पड़ा। 'वैश्विक दक्षिण' यह उम्मीद करता है कि जी 7 उसकी चुनौतियों को स्वीकार करे तथा उसकी सहायता करे। इसी तरह जी 7 भी चाहता है कि 'वैश्विक दक्षिण' श्रेणी के 100 से अधिक देश यूक्रेन व चीन पर उसकी रणनीति का समर्थन करें। 'वैश्विक दक्षिण' पर यूक्रेन संकट के गंभीर प्रभावों के बावजूद इस श्रेणी के बहुसंख्य देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाने के मामले में पश्चिम का साथ नहीं दिया है। वे देश अपनी स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं और इसलिए भारत समेत अनेक देशों ने अमेरिका व चीन के बीच बढ़ते विवाद में कोई पक्ष नहीं चुना है। ऐसे में यह देखना होगा कि जी 7 देश 'वैश्विक दक्षिण' के सरोकारों को कैसे संबोधित करते हैं जिनमें खाद्य पदार्थों की कमी तथा ईंधन की बढ़ती कीमतें शामिल हैं। इससे यह भी तय होगा कि वैश्विक दक्षिण के देश चीन व रूस के खिलाफ जी 7 देशों की सामूहिक रक्षा के प्रति क्या दृष्टिकोण अपनाते हैं।

कुल मिला कर कहा जाए तो जापान के हिरोशिमा में जी 7 का वार्षिक शिखर सम्मेलन एक ऐतिहासिक अवसर है। यह अवसर न केवल विकसित अमीर औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं के लिए होगा जो अपनी आर्थिक सुरक्षा पर चर्चा करना चाहते हैं, बल्कि क्वाड सदस्य देशों की उपस्थिति से यह भी सुनिश्चित होगा कि यह मंच हिंद-प्रशांत में चीन का मुकाबला करने के लिए भविष्य में क्या रणनीति अपनाता है।

भारत में नेत्र औषधि विनिर्माण की चुनौतियां

> "पर्याप्त बुनियादी ढांचे की कमी के बावजूद भारत आंखों की देखभाल करने वाली दवाओं के निर्माण में विश्व में अग्रणी बन सकता है।"

एनएस मासूरकर
(लेखक, एक दवा कम्पनी के सीईओ हैं)

वर्ष 2019 में, दुनिया की 65 वर्ष और उससे अधिक आयु की आबादी का अनुमान 703 मिलियन था, जो वैश्विक आबादी का लगभग 9.1 प्रतिशत है। दुनिया की आबादी की उम्र बढ़ने में तेजी के साथ, यह संख्या 2050 तक बढ़कर 1.5 बिलियन (15.3 प्रतिशत) होने की उम्मीद है। आबादी की उम्र के रूप में, दृष्टि संबंधी विकारों का बोझ बढ़ रहा है, जो अंधापन या मध्यम-से-कम हो सकता है। -गंभीर दृश्य हानि। मोतियाबिंद, कम सही अपवर्तक त्रुटि, ग्लूकोमा, मायोपिया और डायबिटिक रेटिनोपैथी दृष्टि हानि के सबसे सामान्य कारणों में से हैं जिन्हें शुरुआती पहचान और हस्तक्षेप के माध्यम से रोका या इलाज किया जा सकता है। दृष्टि बहाल करने के लिए इस तरह के उपचार की पेशकश करना अत्यधिक मूल्यवान कार्य होगा। दुनिया भर के कई देश समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ दृष्टि बहाली सेवाओं की पेशकश करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, 1.4 बिलियन लोगों की विशाल आबादी वाले भारत में ऐसी सेवाएं प्रदान करना निस्संदेह एक विशाल कार्य है। बहरहाल, यह सही नीतियों और पर्याप्त समर्थन के साथ प्राप्त किया जा सकता है।

2021 में, भारत में घरेलू दवा बाजार का मूल्य 42 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और 12त्न की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ 2024 तक 65 बिलियन अमेरिकी डॉलर और 2030 तक 120-130 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। मात्रा के हिसाब से, भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा दवा उत्पादक है, और यह मूल्य के हिसाब से 14वें स्थान पर है। विश्व स्तर पर जेनरिक और टीकों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी वर्तमान स्थिति के साथ, फार्मास्युटिकल उद्योग में भारत की स्थिति अगले दशक में बढ़ने की उम्मीद है।

भारत की सरकार ने 1991 में महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों को लागू किया, जिसके कारण बाजार उदारीकरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय दवा उद्योग का एकीकरण हुआ। लाइसेंस-राज नीति के अंत ने बाजार में अधिक स्वतंत्रता और प्रतिस्पर्धा में वृद्धि की अनुमति दी, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू खिलाड़ियों से उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर हुई। फार्मास्युटिकल क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने और बनाए रखने के लिए, भारत सरकार ने व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने के लिए कई नीतियां शुरू की हैं। इन नीतियों के उदाहरणों में बल्क ड्रग्स के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम, फार्मास्युटिकल्स के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम और बल्क ड्रग पार्क्स स्कीम शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 में संशोधन भी 35 से अधिक सक्रिय फार्मा सामग्री (एपीआई) के स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देने के लिए किए गए हैं जो पहले आयात किए गए थे।

केंद्रीय बजट 2023-24 में, सरकार ने बल्क ड्रग पार्कों को बढ़ावा देने के लिए एक योजना की घोषणा की, जिसमें देश में तीन मेगा बल्क ड्रग पार्क स्थापित करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। प्रत्येक बल्क ड्रग पार्क के लिए 1,000 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा के साथ राज्यों को सहायता अनुदान प्रदान किया जाएगा।

फार्मास्युटिकल उत्पादन की प्रक्रिया जटिल है और इसके लिए महत्वपूर्ण स्तर की विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। फार्मास्युटिकल उद्योग के निर्माताओं को उद्योग के तेजी से विस्तार और बढ़ते नियामक निरीक्षण के बीच गुणवत्ता मानकों और उत्पादकता को बनाए रखने की चुनौतीपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में विकास के बावजूद, विभिन्न बाधाएं बनी रहती हैं, जिससे कुछ प्रयोगशालाएं सवाल करती हैं कि क्या मौजूदा मॉडल लंबे समय तक टिकाऊ है। भारतीय दवा उद्योग को कुशल श्रम की कमी का सामना करना पड़ता है, जो निर्माण प्रक्रिया को बाधित करता है। इस चुनौती से पार पाने के लिए, उद्योग को मौजूदा कार्यबल को उन्नत करने और उद्योग में नई प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों में निवेश करने की आवश्यकता है। पर्याप्त बुनियादी ढांचे की कमी- हालांकि सरकार की पहल और प्रयास इस क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ा रहे हैं, भारतीय दवा उद्योग में अभी भी पर्याप्त बुनियादी ढांचे की कमी है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली आंखों की देखभाल करने वाली दवाओं का निर्माण करना मुश्किल हो जाता है। नेत्र देखभाल दवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उद्योग को अनुसंधान और विकास, विनिर्माण सुविधाओं और आपूर्ति श्रृंखला के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता है। चुनौतियों के बावजूद, भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए नेत्र देखभाल दवाओं के लिए अपनी निर्माण क्षमताओं का विस्तार करने के कई अवसर हैं। इनमें से कुछ अवसरों में शामिल हैं :

आंखों की देखभाल करने वाली दवाओं की मांग न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी बढ़ रही है। भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग नेत्र रोगों के लिए नई और नवीन दवाओं को विकसित करने के लिए अनुसंधान और विकास में निवेश करके इस मांग का लाभ उठा सकता है।

आप की बात

वसुंधरा राजे सक्रिय

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे आने वाले चुनाव के लिए वे पूरी तरह से चार्ज होकर अब सक्रिय हो गई हैं। सही समय और सही अवसर जानकर भाजपा नेता वसुंधरा राजे ने अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए हैं। हाल ही में उन्होंने गहलोत सरकार को- अलीबाबा चालीस चोर की सरकार कहकर उस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। वे कहती हैं कि आज राजस्थान में सत्ता में बैठे लोगों का एक ही उद्देश्य है कि खेलो खाओ, मौज उड़ाओ और हाथ ना आओ। अब तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा के भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट गहलोत पर निशाना लगा रहे थे। अब वसुंधरा राजे रणनीति के तहत गहलोत सरकार पर हमलावर हो रही हैं। हालांकि अभी राजस्थान में भाजपा ने औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार नहीं शुरू किया है, पर उसने वसुंधरा राजे के विरोधी माने जाने वाले प्रदेश अध्यक्ष पुनिया को हटा कर व उनके स्थान पर जोशी को लाकर वसुंधरा राजे का महत्व स्पष्ट कर दिया है। राजस्थान हर पांच साल पर सरकार बदलता रहा है। कर्नाटक विजय के बावजूद राजस्थान कांग्रेस में पायलट व गहलोत के बीच बढ़ता टकराव भाजपा के लिए निश्चित रूप से एक शुभ संकेत की तरह है।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

भ्रामक विज्ञापन

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा चीनी के विकल्प के रूप में दी जाने वाली मिठास को लेकर जनता को आगाह किया गया है कि यह चीजें विज्ञापनों में दर्शाए गए परिणाम नहीं देतीं, बल्कि लंबे समय तक इनके सेवन से अन्य गंभीर रोगों के पनपने का खतरा बना रहता है। ऐसा ही रिफाइंड तेल के बारे में भी है। लोगों को भारी विज्ञापनों द्वारा यह समझाया जा रहा है कि रिफाइंड तेल सामान्य तेल के मुकाबले बिल्कुल हानि रहित है। जबकि लेबोरेटरी जांच पड़ताल और आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार रिफाइंड तेल सामान्य तेल के मुकाबले अधिक नुकसान दायक है। हमारे देश में कई ऐसी वस्तुओं पर प्रतिबंध नहीं है जिन पर विदेशों में प्रतिबंध लगा हुआ है। खाद्य पदार्थों, कोल्ड ड्रिंक्स, फास्ट फूड आदि के विज्ञापनों में भी उन में प्रयोग किए जाने वाले प्रिजर्वेटिव और उनके हानिकारक प्रभावों के बारे में ठीक से नहीं बताया बताया जाता है। इस से प्रभावित होकर बच्चों के साथ-साथ बड़े भी इनका भरपूर उपयोग करते हैं। हमारे देश में अमेरिका की एफडीए की तरह मनुष्यों द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी चीजों के विज्ञापनों पर कठोर नियंत्रण की व्यवस्था होनी चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

आदिवासियों की स्थिति

बदलते समय को देखते हुए आदिवासियों की जीवन शैली भी बहुत कुछ बदल चुकी है, फिर भी शिक्षा के मामले में आज भी उनका एक बड़ा तबका आदिम युग में ही जी रहा है। उन्हें तो यह तक पता नहीं है कि उनके लिए नौकरी और पढ़ाई में आरक्षण व अन्य कई तरह की सुविधाएं शासन ने दे रखी हैं जिन पर प्रतिवर्ष अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं। आज भी अनेक आदिवासी जातियां जंगलों में ही अपने मवेशियों के साथ खेती करके जीवन यापन कर रही हैं। उन तक ना तो सरकारी संसाधन पहुंचते हैं और ना ही मुफ्त सुविधाएं। कई आदिवासी कबीले तो ऐसे हैं जिनका एक हिस्सा आज भी तीर कमान के प्रयोग और तुलनात्मक रूप से अमीरों को लूटना अपराध नहीं मानता है। हालांकि, इस स्थिति का कारण अंग्रेजों के समय से जारी उनका शोषण तथा उनको अपराधी के रूप में लक्षित करना भी है। अब यह स्थिति पूरी तरह समाप्त की जानी चाहिए। आदिवासियों को शिक्षित कर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए उनके गांवों में ही रहवासी छात्रावास, मुफ्त भोजन व पढ़ाई की व्यवस्था देकर आगे बढ़ाया जा सकता है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

बेरोजगारी समस्या

बेरोजगारी एक बड़ी सामाजिक समस्या बन चुकी हैं पिछले कई वर्षों देश में बेरोजगारी की दर 7 प्रतिशत से ऊपर ही रही है। हरियाणा में यह सबसे ज्यादा 37 प्रतिशत, राजस्थान में 28 प्रतिशत और दिल्ली में 20 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है। कर्मचारी चयन आयोग द्वारा वर्ष 2022 के लिए मल्टी टास्क स्टाफ की 11,000 रिक्तियों के लिए करीब 55 लाख युवाओं ने फार्म भरे जिनमें एलएलबी, बीएड, एमबीए, एमसीए व बीटेक छात्र भी शामिल है, जबकि पदों के लिए योग्यता केवल हाईस्कूल पास थी। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश में युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार चाहिए लेकिन सरकारी नौकरियां बेहद कम हैं। निजीकरण के कारण भी नौकरियां लगातार घटती जा रही हैं। रेलवे हो या जहाजरानी या दूरसंचार सभी जगह नौकरियां घटी हैं। बेरोजगार युवाओं की फौज एक बड़ी सामाजिक समस्या खड़ी करती है। सरकार ने कौशल विकास योजना के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास अवश्य किया है लेकिन यह कदम नाकाफी लगता है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

गेहूं खरीद की प्रक्रिया में और तेजी लाई जाए: मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के अन्नदाता किसानों को राहत देने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में खाद्य एवं रसद विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक में गेहूं की खरीद को लेकर समीक्षा बैठक की और इसकी समुचित व्यवस्था करते हुए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम ने कहा कि प्रदेश में 5 हजार 568 गेहूं क्रय केंद्रों के माध्यम से 46 हजार 425 किसानों से अब तक 1.97 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की गई इस खरीद के माध्यम से लगभग 375.46 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। सीएम योगी ने किसानों के पंजीकरण एवं सत्यापन में प्रगति लाने के दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनपदों में संचालित समस्त क्रय केंद्रों पर किसानों से गेहूं खरीद सुनिश्चित करायी जाए। जनपद स्तर पर पंचायती राज्य विभाग का सहयोग प्राप्त कर ग्राम पंचायत के माध्यम से गेहूं खरीद कराए जाने की कार्ययोजना तैयार की जाए। ग्राम प्रधानों को क्रय लक्ष्य देते हुए उनका सहयोग प्राप्त कर गेंहू खरीद में तेजी लाई जाए। जिस ग्राम प्रधान द्वारा सबसे अधिक गेंहू सरकारी केंद्रों पर विक्रय किया गया हो, उनको सम्मानित किया जाए। मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से भी गेहूं की खरीद में प्रगति लाई जाए तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद पर प्रदेश सरकार का ही नहीं बल्कि केंद्र सरकार का भी विशेष ध्यान है। गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार ने बीते 24 अप्रैल को आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया कि प्रदेश में पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से भी गेहूं खरीदा जाए। आरएमएस के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से एफएक्यू गेहूं खरीद पर अन्य समितियों की भांति उन्हें नियमानुसार 27 रुपए प्रति कुन्तल कमीशन देय होगा।

सहकारिता मंत्री ने सीएम को सौंपा 3 करोड़ 88 लाख रुपए से अधिक के लाभांश का चेक

● किसानों की बढ़ी आय तो योगी सरकार को भी हुआ बड़ा फायदा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के किसानों की आय को ढाई गुना करने के मिशन में जुटी योगी सरकार पर कोरोना काल में भी किसानों ने विश्वास जताते हुए रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडारण किया, जिससे 2018 से लेकर 2021 तक सरकार को करीब चार करोड़ रुपए का लाभांश प्राप्त हुआ है। शुक्रवार को राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष और प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने मुख्यमंत्री को लाभांश 38863440 रुपए का चेक प्रदान किया। उप्र राज्य भण्डारण निगम की ओर से वर्ष 2018-19 में 90.36 करोड़ रुपए, वर्ष 2019-20 में 112.01 करोड़ रुपए एवं वर्ष 2020-21 में 165.53 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है। निगम की ओर से बताया गया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अनुरुप कृषकों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में 168 भण्डारगृहों को डल्यूडीआरए (भण्डारागार विकास विनियामक प्राधिकरण) में पंजीकृत कराया गया है। इन भण्डारगृहों में कृषकों के उत्पादों को भण्डारित करने पर किसानों को एनडब्लूआर (निगोशियेबिल वेयरहाउसिंग रसीद) का लाभ प्राप्त होता है। किसान अपना जितना भी कृषि उत्पाद डब्लूडीआरए के अर्न्तगत भण्डारित करेगा, भण्डारगृह द्वारा उतनी मात्रा की एनडब्लूआर (निगोशियेबिल वेयरहाउसिंग रसीद) जारी कर किसानों को उपलब्ध करायी जाएगी।

मुख्यमंत्री से मिलने वालों में प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग, बीएल मीणा, निगम के प्रबन्ध निदेशक श्रीकान्त गोस्वामी, महाप्रबंधक दीपक सिंह, महाप्रबंधक (वित्त) संतोष श्रीवास्तव और मनोज कुमार सिंह शामिल रहे।

भाजपा जबसे सत्ता में आई है लोगों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जबसे भाजपा सत्ता में आई है लोगों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। समाज का हर वर्ग परेशान है। किसान और गरीब सभी महंगाई की मार झेल रहे हैं। भाजपा की केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकारें जनता को सिर्फ झूठे आश्वासन दे रही है। जनता अब समझ चुकी है और वह भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं है। परेशान जनता अब बस चंद महीनों के बाद ही होने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का इंतजाम कर रही है। यादव ने कहा कि जैसे ही चुनाव समाप्त हुए खाद्य सामग्री लोगों की पहुंच से बाहर होने लगी है। अरहर की दाल 30 रुपए महंगी हो गई। बेसन, चीनी, रसोई गैस के भी दाम बढ़ गये। किसान को फसल की लागत भी नहीं मिल रही है जबकि खाद, बीज, कीटनाशक आदि के दाम बढ़ रहे हैं। अब लोग क्या करें, कैसे अपनी जिंदगी चलाएं। अखिलेश यादव ने कहा कि किसान की तो बहुत ही दुर्दशा है। खेती-किसानी अब मुनाफे का धंधा नहीं रह गयी है। हमेशा वह घाटे में ही रहती है। भाजपा सरकार एमएसपी का बहाना क्यों करती है जबकि किसानों को उसकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कभी नहीं मिला है। गेहूं, धान के क्रय केन्द्रों पर किसान की फसल की खरीद में तमाम अड़चने लगाई जाती है। घटतौली, समय से भुगतान न होने की शिकायतें आम हैं। क्रय केन्द्रों की अव्यवस्था के चलते निराश किसान अपनी फसल को बिचौलियों के हाथ औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हो जाता है। भाजपा सरकार द्वारा इस बार लक्ष्य से भी कम गेहूं की खरीद की गई है। यादव ने कहा कि यहीं नहीं, किसान को अनावृष्टि, ओले से क्षति भी झेलनी पड़ती है। खेत, खलिहानों में अग्निकांड की भी घटनाएं होती हैं। किसान की इस तबाही में राहत के नाम पर भाजपा सरकार सिर्फ फरेब करती है। किसान को समय से मुआवजा देने के बजाय वह सर्वे करने का नाटक करती है जबकि हालात से मजबूर किसान आत्महत्या कर रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023

प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की तैयारी तेज

● ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 8 लाख करोड़ के 5 हजार से अधिक एमओयू को किया गया शॉर्टलिस्ट

35 लाख करोड़ से अधिक का है निवेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की योगी सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 में आये 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप विभिन्न विभागों ने सितंबर.अक्टूबर में प्रस्तावित पहले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 8 लाख करोड़ के 5 हजार से अधिक एमओयू को शॉर्टलिस्ट कर लिया गया है जबकि योगी सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के माध्यम से दस लाख करोड़ से अधिक के एमओयू को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा है। इसी के तहत यूपीसीडा ने 40000 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने के लिए निवेशकों ने भूमि प्राप्त कर ली है। वहीं पहले जीबीसी में 42000 करोड़ के अन्य विभिन्न एमओयू को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया तेज चल रही है। इन निवेशकों द्वारा भूमि चिन्हित कर ली गयी है, जल्द इन्हें भी भूमि उपलब्ध करा दी जाएगी। मालूम हो कि यूपीसीडा को जीबीसी के लिए 1.6 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंडिंग का लक्ष्य दिया गया है।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि यूपीजीआईएस-2023 में 600 निवेशकों से कुल 3.18 लाख करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। ऐसे में इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए इन्हे पांच कैटेगरी में बांटा गया, जिसमें एमएसएमई (50 करोड़ रुपये तक) बड़े (50-200 करोड़ रुपए) मेगा (200-500 करोड़ रुपये), सुपर मेगा (500-5000 करोड़ रुपये) और अल्ट्रा मेगा (5000 करोड़ रुपये से अधिक) के रूप में बांटा गया। इन एमओयू की समीक्षा के लिए तीन चरणों में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। बुनियादी ढांचे को समय से बेहतर बनाने के लिए हर सेक्टर में काम किया जा रहा है। साथ ही निवेशकों की आवश्यकता के अनुसार भूमि मैप कर उपलब्ध कराई जा रही है। पूरे प्रदेश में चार निवेशकों द्वारा सबसे अधिक चंदौली में 7020 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है जबकि अमेठी में 4761 करोड़ रुपये के निवेश वाली 30 इकाइयां हैं। इनमें 41 निवेशक लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में निवेश करेंगे जबकि 32 निवेशक निजी औद्योगिक पार्क स्थापित करेंगे। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 28 अन्य निवेशक काम करेंगे। यह सभी निवेशक पूर्वांचल में सबसे ज्यादा निवेश कर रहे हैं, जहां 20189 करोड़ रुपये के निवेश वाली 65 इकाइयां ग्राउंडिंग के लिए तैयार हैं। इन निवेशों का एक और बड़ा हिस्सा पश्चिमांचल में किया जा रहा है, जिसमें 12051 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 70 इकाइयां स्थापित की जाएंगी। मध्यांचल ने 5200 करोड़ रुपये के निवेश वाली 60 इकाइयों को आकर्षित किया है जबकि बुंदेलखंड 2872 करोड़ रुपये के निवेश के साथ चार इकाइयां उद्योग स्थापित के लिए तैयार हैं। इन इकाइयों से प्रदेश में 133477 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वहीं पश्चिमांचल में स्थापित इकाइयों से रोजगार के अधिकतम अवसर पैदा होंगे। यहां सृजित होने वाली नौकरियों की संख्या 72740 होगी जबकि पूर्वांचल क्षेत्र में निवेश करने वाली इकाईयों से 36135 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मध्यांचल में रहने वाले लोगों से 22702 नौकरियां पैदा होंगी जबकि बुंदेलखंड क्षेत्र की इकाइयों में 1900 नौकरियां पैदा होने की संभावना है।

कांग्रेस निकाय चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के प्रदर्शन की 22 को करेगी प्रदेश स्तरीय समीक्षा

लखनऊ। प्रदेश में सम्पन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव के सम्बन्ध में प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक आगामी 22 मई को उप्र कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में होगी। बैठक में सभी प्रदेश पदाधिकारी तथा जिला व शहर अध्यक्षों को बुलाया गया है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के सभी प्रांतीय अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक एवं प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि बैठक में नगरीय निकाय चुनाव से संबंधित सूचनाओं सहित जिला-शहर अध्यक्षों को बैठक में आने के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से परिपत्र भेजकर बुलाया गया है। सिंह ने बताया कि कांग्रेस पार्टी सम्पन्न हुए नगर निकाय चुनाव को लेकर काफी गंभीर है। बैठक में प्रदेश भर में नगर निगम, नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के प्रदर्शन और आने वाले समय में आम जनता को पार्टी के प्रति कैसे जोड़ा जाए, इस पर रणनीति बनाने की दिशा में विचार विमर्श किया जाएगा।

प्रदेश के सभी भरण पोषण प्राधिकरणों में कल होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 21 मई 2023 को प्रदेश के सभी भरण पोषण प्राधिकरणों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद द्वारा इस संबंध में प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त, जिला मजिस्ट्रेट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, सातों पुलिस आयुक्तों, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियोजन तथा अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात को आवश्यक निर्देश भेजे गए है। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उक्त तिथि को प्रदेशभर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न प्रकरणों यथा समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, चेक बाउंस से सम्बन्धित धारा 138ए एएनआई एक्ट-बैंक रिकवरी के वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर-श्रम वाद, बिजली एवं जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, वैवाहिक-पारिवारिक वाद, भूमि अध्याप्ति वाद, सेवानिवृत्त के परिलाभों सम्बन्धी मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों से सम्बन्धित वाद आदि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए चिन्हित किए गए हैं।

ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त न हों इसके लिए सभी सावधानियां बरती जाएं: एम देवराज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने प्रदेश में जल रहे परिवर्तकों पर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि परिवर्तक क्षतिग्रस्त न हों इसके लिए और सावधानियां बरतें तथा आवश्यक कदम उठाएं। वीडियों कांफेन्सिंग के माध्यम से उन्होंने कहा है कि परिवर्तकों के उचित रख रखाव एवं मेंटीनेन्स सम्बन्धी निर्देश लगातार जारी किये जा रहे हैं। गर्मी शुरू होने से पूर्व ही वितरण में लगे निगम अधिकारियों को सचेत किया गया था इसके बावजूद ट्रांसफार्मर जलने एवं क्षतिग्रस्त होने के समाचार प्राप्त हो रहे हैं। इसलिए ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त न हों इसके लिए सभी सावधानियां बरती जाएं। उन्होंने कहा है कि ट्रांसफार्मर में आग लगने का एक बड़ा कारण ओवर लोडिंग होता है अत: जहॉ ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो वहां तत्काल उन्हें अपग्रेड किया जाए।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र उर्फ टेनी को राहत

● हाईकोर्ट ने सत्र अदालत के फैसले को सही करार दिया, अपील की खारिज

लखीमपुर खीरी प्रभात गुप्ता हत्याकांड मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ

लखीमपुर खीरी के बहुचर्चित प्रभात गुप्ता हत्याकांड मामले में सत्र अदालत से बरी अजय मिश्र उर्फटेनी के विरुद्ध दाखिल अपील को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने सत्र अदालत के फैसले को सही करार दिया है।

वर्ष 2004 में लखीमपुर खीरी की सत्र अदालत ने इस हत्याकांड मामले में अजय मिश्र उर्फटेनी समेत अन्य मुल्जिमों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था। अजय मिश्र इस समय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हैं। सत्र अदालत के इस फैसले को उसी वर्ष चुनौती देते हुए राज्य सरकार व मृतक के परिजन की ओर से भी हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई थी। शुक्रवार को जस्टिस एआर मसूदी एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने अपील पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने अपील को खारिज करते हुए सत्र अदालत के फैसले को सही करार दिया। पीठ के इस फैसले से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र उर्फ टेनी को भारी राहत मिल गई है। बीते 21 फरवरी को पीठ ने इस अपील पर राज्य सरकार व मृतक प्रभात गुप्ता के भाई के साथ ही अजय मिश्र के वकीलों की बहस सुनने के पश्चात फैसला सुरक्षित कर लिया था। पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि मृतक प्रभात समाजवादी पार्टी के यूथ विंग का सदस्य व लखनऊ विश्वविद्यालय का छात्र नेता था। जबकि अजय मिश्रा उर्फ टेनी उस समय भी भाजपा से जुड़े थे। इन दोनों के बीच पंचायत चुनाव को लेकर दुश्मनी थी। इसी विवाद में प्रभात को अजय मिश्र टेनी के अलावा दूसरे मुल्जिम सुभाष उर्फमामा ने भी गोली मारी थी। इस घटना के चश्मदीद गवाह थे लेकिन उनकी गवाही को ट्रायल कोर्ट ने नजरंदाज किया। वहीं अपील का विरोध करते हुए कहा गया कि ट्रायल कोर्ट ने कथित प्रत्यक्षदर्शी की गवाही को भरोसे लायक नहीं माना। इसका कारण प्रत्यक्षदर्शी का एक दुकान पर काम करना बताया जाता है। उसी दुकान के पास घटना को अंजाम दिया जाना कहा गया है। लेकिन घटना के दिन वह दुकान खुली ही नहीं थी। इसलिए कथित प्रत्यक्षदर्शी की घटनास्थल पर उपस्थिति संदिग्ध है। कहा गया कि ट्रायल कोर्ट द्वारा अजय मिश्र टेनी को बरी करने का फैसला औचित्यपूर्ण है।

यह है मामला: आठ जुलाई 2000 को लखीमपुर खीरी के तिकुनिया थाना क्षेत्र में प्रभात गुप्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना की नामजद एफआईआर मृतक के पिता संतोष गुप्ता ने दर्ज कराई थी। जिसमें तीन अन्य मुल्जिमों के साथ ही अजय मिश्र उर्फ टेनी को भी नामजद किया गया था। 29 अप्रैलए 2004 को लखीमपुर खीरी की सत्र अदालत ने विचारण के पश्चात अजय मिश्र टेनी समेत अन्य मुल्जिमों को पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया था।

भाजपा ऐतिहासिक निर्णयों के साथ प्रत्येक द्वार पर देगी दस्तक: भूपेन्द्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी 9 वर्ष पूर्ण होने पर महासंपर्क अभियान के माध्यम से पार्टी फिर एक बार जनता के दरबार में पहुंचकर सरकार की उपलब्धियों के साथ संवाद करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी परम्परा के अनुसार अपनी सरकारों के काम-काज का व्योरा जनता के दरबार में प्रस्तुत करती है। फिर एक बार मोदी सरकार का संकल्प लेकर पार्टी केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं व ऐतिहासिक निर्णयों के साथ प्रत्येक द्वार पर दस्तक देगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योतिए प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, सलिल विश्नोई, कमलावती सिंह, प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत व प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान सहित सांसद, विधायक, मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्षए जिला प्रभारी उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि महासम्पर्क अभियान को सर्वस्पशीए सर्वग्राहीए सर्वव्यापी तथा सर्वसमावेशी बनाने के लिए प्रत्येक पार्टी पदाधिकारी, नेता, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता को अभियान से जोड़ना होगा। उन्होने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के अनुरूप धारा 370 हटाने का काम कियाए मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

केंद्र सरकार की उपलब्धियों के साथ हमें जन जन तक पहुंचाना है मोदी का संदेश: धर्मपाल

● मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर प्रस्तावित महासंपर्क अभियान की तैयारियों को लेकर हुई भाजपा अवध क्षेत्र की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि आगामी एक माह पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता को लोक मंगलकारी मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ लोक दरबार में पहुंचना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित महासम्पर्क अभियान की तैयारियों को लेकर लखनऊ के बीकेटी स्थित एक कॉलेज में प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में आयोजित अवध क्षेत्रीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य, अनूप गुप्ता तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सहित अवध क्षेत्र से सांसद, विधायक, मंत्री, प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी सम्मिलित हुए।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के गरीब कल्याण को समर्पित 9 वर्ष पूर्ण हो रहे है। इन 9 वर्षों में भारतीय संस्कृति का पुनरूरोत्थान भी हुआ और वैभवशाली राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव भी तैयार हुई। गरीब के लिए पक्का घर, शुद्ध पेयजल और राशन की उपलब्धता सुनिश्चित हुई तो वहीं किसान के लिए सम्मान निधि की भी व्यवस्था की गई। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और विश्व ने भारत की शक्ति को भी स्वीकार किया। भ्रष्टाचार पर लगाम और प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षा और सम्मान की प्रतिबद्धता से 9 वर्ष में स्वाभिमान तथा आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ राष्ट्र आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इन गौरवशाली उपलब्धियों के साथ हमें जन-जन तक मोदी का संदेश लेकर पहुंचना है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने निकाय चुनाव में भाजपा के पक्ष में ऐतिहासिक परिणामों के लिए प्रदेश की जनता तथा कर्तव्यनिष्ठ व परिश्रमी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि महासम्पर्क अभियान के तहत 30 मई से 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों व अभियानों के माध्यम से सरकार की योजनाओं के साथ प्रत्येक नागरिक से सम्पर्क व संवाद करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता अनुशासन और परिश्रम का पर्याय है और प्रत्येक दायित्व को सफलता के साथ सम्पन्न करने में दक्ष है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता महासम्पर्क अभियान से जुड़ना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत लोकसभा स्तर पर जनसभाओ का आयोजन होगा तथा प्रबुद्ध व व्यापारियों के साथ सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने कहा कि टिफिन बैठक के माध्यम से सांसद, विधायक, राष्ट्रीय पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी से लेकर मंडल स्तर के पदाधिकारी बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि मोर्चो के संयुक्त सम्मेलन भी आयोजित किए जाएगें।

अभियान के तहत विधानसभा स्तर पर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मेलन भी आयोजित किये जाएंगे। प्रदेश महामंत्री (संगठन) ने कहा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रत्येक शक्ति केंद्र पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही बूथ स्तर पर महासंपर्क अभियान के तहत जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियो का पत्रक घर-घर पहुंचाएंगे। धर्मपाल सिंह ने कहा कि आगामी 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल माध्यम से होने वाले संबोधन को पार्टी के पदाधिकारी, नेता तथा कार्यकर्ता क्षेत्रीय जनता के साथ बूथ स्तर पर सुनेंगे।

काशी विश्वनाथ धाम में अब न लगेगी धूप, न जलेंगे पांव

● योगी सरकार ने किया सावनी फुहार का इंतजाम, मैट, वॉटर कूलर व जर्मन हैंगर से भक्तों को तापमान और तपिश से मिल रही राहत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

महादेव के भक्तों को बाबा के दरबार में पहुंचने में कोई परेशानी न हो इसके लिए योगी सरकार ने हर तरह के प्रबंध किये हैं। चिलचिलाती धूप और तापमान से जलती जमीन से श्रद्धालुओं को बचाने के लिए योगी सरकार श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के विस्तारित आंगन में मैट बिछवाकर जर्मन हैंगर से छांव की व्यवस्था करा दी है। वहीं उमस भरी गर्मी में एयर कूलर से बाबा के भक्तों को सावनी फुहार जैसी राहत मिल रही है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के विस्तारित आंगन में भक्तों के लिए वाटर कूलर की भी व्यवस्था की गई है। बाबा की भक्ति में डूबे भक्तों को जर्मन हैंगर बरसात में भी बारिश से भींगने से बचाएगा। नव्य, भव्य श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दूर.दूर से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। बाबा के भक्तों को सुगम दर्शन के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। प्रचंड गर्मी और चिलचिलाती धूप में बाबा के भक्तों को धाम में एयर कूलर के फुहार से सावन का एहसास हो रहा है। इससे श्रद्धालुओं को गर्मी से काफी राहत मिल रही है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के एसडीएम शम्भू शरण ने बताया कि तापमान बढ़ने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हो रही थी। इसके चलते कतार में लगने वाले श्रद्धालुओं को धूप लग रही थीए वहीं तपन से फर्श पर पांव जल रहे थे और उमस भरी गर्मी से श्रद्धालुगण बेहाल हो रहे थे। इसके लिए मंदिर प्रशासन ने गंगाधर (गंगा द्वार) से मंदिर चौक परिसर होते हुए मंदिर जाने तक वाले मार्ग पर जर्मन हैंगर, कैनोपी, मैट, 10 वाटर कूलर, 22 इंडस्ट्रियल एयर कूलर लगवाया है, जिससे देश के कोने-कोने से आने वाले बाबा के भक्तों को काफी राहत मिल रही है।

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में लगा अस्थाई जर्मन हैंगर बरसात तक रहेगा। गर्मी से बचाव के साथ ही बारिश में भी भक्तों को भीगने से बचाएगा। योगी सरकार देवाधिदेव महादेव के भक्तों को सुगम दर्शन सुरक्षा और सुविधा देने के लिए पहले दिन से ही कटिबद्ध है।

तेज रफ्तार कार ट्रक में घुसी परिवार के चार लोगों की मौत

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

विवाह समारोह से लौट रहे एक परिवार के 6 सदस्यों को ला रही कार अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ट्रक में घुस गई जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदोई रोड निकट अनवरी हॉस्पिटल निवासी स्व0 असलम के परिवार के 6 सदस्य दुबग्गा लखनऊ में किसी विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। रात लगभग 1 बजे यह लोग वैगनार कार नं0 यूपी 32 एलएफ2254 से वापस लौट रहे थे। रात लगभग 2 बजे जब यह कार ग्राम जिंदौर के पास पहुंची तो उसने आगे जा रहे ट्रक को ओवरटेक करना चाहा। इसी बीच अचानक ट्रक ने ब्रेक लगा दिया। ट्रक को अचानक रुकता देख कार चालक ने कार को नियंत्रित करने का प्रयास किया लेकिन कार अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ट्रक में घुस गई। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि कार की पिछली सीट टूटकर बाहर आ गई। जोरदार धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर आ गए। कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक रहीमाबाद अखतियार अहमद फोर्स के साथ दुर्घटना स्थल पहुंचे और कार को काटकर अंदर फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला। तब तक 28 वर्षीय समीना पत्नी फहद, 2.5 वर्षीय आसिया पुत्री फहद, 25 वर्षीय फातिमा पत्नी अमन और 12 वर्षीय अब्दुल रहमान पुत्र मो0 आमिर की मौत हो चुकी थी जबकि फहद और मुनीरा गंभीर रूप से घायल थे। पुलिस सभी 6 लोगों को लेकर सरकारी अस्पताल गई जहां डॉक्टरों ने समीना, आसिया, फातिमा और अब्दुल रहमान को मृत घोषित कर दिया जबकि मुनीरा और फहद को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। बताते चलें कि इस हाई वे के काफी समय से निर्माणाधीन रहने के कारण वन वे ट्राफिक का संचालन होता है जिससे शायद की कोई दिन ऐसा बीतता हो जब दुर्घटना ना होती हो। सभी मृतकों को बहुत बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

हाईकोर्ट ने रश्मि जायसवाल की पुनः मतगणना की याचिका को किया खारिज

● सीतापुर नपाप अध्यक्ष पद सपा प्रत्याशी की मतगणना को चुनौती देने पर हाईकोर्ट ने याचिका रिकॉर्ड में लेते हुए उचित फोरम से आने का दिया आदेश

संवाददाता। सीतापुर

उत्तर प्रदेश के सीतापुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद की सपा प्रत्याशी रश्मि जायसवाल द्वारा निकाय चुनाव की पुर्नमतगणना की हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ में डाली गयी याचिका को 2 न्यायमूर्ति की पीठ ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उचित फोरम पर अपनी याचिका दाखिल करनी चाहिए और याची चाहे तो जिला सत्र न्यायालय में याचिका दाखिल कर सकती है और याचिका के तथ्य ले सकती है। हालांकि पीठ ने याचिका को हाईकोर्ट के रिकॉर्ड में सुरक्षित किए जाने का भी आदेश दिया है। इस पुर्नमतगणना की याचिका को लेकर जिले से शासन तक खासा हड़कम्प मचा हुआ है। हाईकोर्ट से पुर्नमतगणना की याचिका खारिज होने के बाद रश्मि जायसवाल जिला जज की कोर्ट में पुर्नमतगणना की याचिका दाखिल करेंगी या नहीं अब इस पर सबकी निगाहें लगी हुई हैं। आपको बता दें कि मतगणना में धांधली का आरोप लगाकर सपा प्रत्याशी रश्मि जायसवाल द्वारा सीधे हाईकोर्ट में पुर्नमतगणना कराने की याचिका दाखिल की गयी थी। यह याचिका रश्मि जायसवाल के वकील अभिषेक यादव की ओर से दायर की गयी थी जिस पर सुनवाई न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने की। सरकार की तरफ से सीएससी अनुराग कुमार सिंह ने पक्ष रखा।

एक ही निर्माता इकाई के दो दवाओं के नमूने जांच में फेल, बिक्री पर रोक

● टेबलेट कोटिन 625 एलबी, कोसिफ 200 एलबी की जांच में नमूने फेल : औषधि निरीक्षक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

दवाओं को वैसे तो जीवन रक्षक माना जाता है लेकिन जिले में दो दवाओं के सैंपल जांच में फेल हो गए है। दवाओं के फेल होने की पुष्टि पर इनकी बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। इसके साथ ही मेडिकल स्टोर संचालकों से खरीद -फरोख्त और स्टॉक का ब्योरा तलब किया गया है। औषधि निरीक्षक सुनील रावत ने बताया कि डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के औषधि अनुभाग द्वारा प्रत्येक माह निरीक्षण कर संदेहप्रद औषधियों के नमूने भी जन कल्याण के स्वास्थ्य हेतु संग्रहित कर राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला लखनऊ को प्रेषित किये जाते हैं। माह मार्च- अप्रैल में निर्माता फर्म मै0 जिन्को फार्मा पनूचे के निर्मित दो उत्पाद टेबलेट (कोटिन 625 एलबी व टेबलेट कोसिफ 200 एलबी) का नमूना दो मेडिकल स्टोर से अलग-अलग संग्रहित कर जांच हेतु भेजा, जिसकी नमूना रिपोर्ट राजकीय विश्लेषक द्वारा उपलब्ध करायी गयी। उपरोक्त निर्माता फर्म के दोनों नमूने स्पूरियस (जीरो अवयव) घोषित किये हैं। औषधि निरीक्षक ने बताया कि जन स्वास्थ्य को देखते हुये इन दो औषधियों कोटिन-625 एलबी व टेबलेट कोसिफ-200 एलबी के क्रय-विक्रय पर पूर्ण रूप से रोक लगायी है। यदि किसी स्टॉकिस्ट, होलसेलर के पास या किसी रिटेलर के पास उपरोक्त औषधियां सेल करते हुये पाई जाती है तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उपरोक्त दोनों औषधियों के क्रय-विक्रय पर पूर्ण निगरानी रखी जा रही। यदि किसी स्टोकिसट/ होलसेलर के पास या किसी रिटेलर के पास उपरोक्त औषधियां संरक्षित हैं, वे बिना विक्रय किये नियमानुसार वापस की जाये एवं उपरोक्त का विवरण औषधि निरीक्षक को उपलब्ध कराया जाये।

कृत्रिम गर्भाधान अभियान में खीरी अव्वल

● जिलाधिकारी ने सीवीओ को किया सम्मानित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

प्रदेश के गोवंशीय, महिषवंशीय पशुओं के लिए 100 दिवसीय 75 लाख कृत्रिम गर्भाधान अभियान में खीरी ने सूबे में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। प्रदेश में कुल कृत्रिम गर्भाधान, इनाफ पर अपलोडेड कृत्रिम गर्भाधान प्रतिशत, आच्छादित बोवाइन संख्या के आधार पर जारी रैंकिंग में प्रदेश में खीरी अव्वल रहा। इस गुडवर्क के लिए खीरी के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सोमदेव सिंह चौहान सम्मानित हुए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने चैम्बर में जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने डॉ सोमदेव सिंह को प्रशस्ति पत्र को सौपते हुए इस उपलब्धि के लिए हौसला अफज़ाई की। बताते चलें कि योजना के उच्च स्तर से सतत् अनुश्रवण के फलस्वरूप 75 लाख कृत्रिम गर्भाधान के सापेक्ष भौतिक रूप से लगभग 64 लाख कृत्रिम गर्भाधान (पूर्ति 85 प्रतिशत) किया गया, जबकि डिजीटल ऑकड़ों (इनाफ पोर्टल पर अंकित ऑकड़े) के अनुसार लगभग 56 लाख (पूर्ति 75 प्रतिशत) कृत्रिम गर्भाधान किया गया। प्रदेश सरकार की ओर से कृत्रिम गर्भाधान के सापेक्ष गर्भधारणए संतति प्राप्ति के आँकड़ों को इनाफपोर्टल पर अंकित करने के सम्बन्ध में सतत् अनुश्रवण किया जा रहा। निकट भविष्य में उन्नत संतति से प्राप्त उच्च उत्पादक पशुओं द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में त्वरित वृद्धि दृष्टिगोचर होगी।

हरदोई से भागे तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

● बैंक या एटीएम से रुपये निकालने वालों को चिन्हित कर उनकी रेकी किया करते थे

संवाददाता। शाहजहांपुर

हरदोई जनपद से भागे तीन आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। ये आरोपी बैंक या एटीएम से रुपये निकालने वालों को चिह्नित कर उनकी रेकी करने के बाद रास्ते में बाइक की डिग्गी से रुपये चोरी कर फरार हो जाते थे। इसी तरह मेलों में मोबाइल चोरी से लेकर जेब काटने की घटनाएं अंजाम देते थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने हजारों की नकदी और कागजात बरामद किए हैं। आरोपी हरदोई जनपद के रहने वाले हैं। वहां की पुलिस से बचने के लिए आरोपियों ने शाहजहांपुर में डेरा डाल रखा था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एसओजी ने थाना पुवायां पुलिस की मदद से पुवायां-मोहम्मदी मार्ग पर मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी की। इसके बाद बाइक सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों की तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से 26 हजार की नकदी, चोरी के पांच मोबाइल, एक बाइक, सफेद धातु की 15 जोड़ी पायल, दो तमंचे, कारतूस और अन्य कागजात बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि, आरोपी अरुण और विवेक सगे भाई हैं। तीसरा आरोपी आकाश अरुण का ससुर है। कुछ समय पहले हरदोई जिले में चोरी की घटना के समय आरोपियों के चेहरे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। पुलिस से बचने के लिए तीनों शाहजहांपुर में किराये पर मकान लेकर रहने लगे। तीनों आरोपी बैंकों के बाहर खड़े होते थे। एक आरोपी बैंक के अंदर जाकर रुपये निकालने वालों को चिह्नित कर बाहर आ जाते थे। उसके चिह्नित किए गए लोगों का आरोपी पीछा करते और मौका पाते ही डिग्गी में रखे रुपये चोरी कर फरार हो जाते थे।

मेलों में भी लोगों की जेब काटते थे

इसी तरह मेलों में भी जाकर लोगों की जेब काटना और मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। रुपये चोरी करने के साथ कुछ कागजात भी आरोपियों को मिल जाते थे। उन कागजातों के आधार पर अलग अलग जिलों में किराये पर कमरे और सिम खरीद लेते थे। आरोपियों ने अलग अलग जिलों में आधा दर्जन चोरी की घटनाओं को कबूला है। एसपी एस आनंद ने बताया कि, आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपी हरदोई जिले के रहने वाले रिश्तेदार हैं। अलग अलग जिलों में आधा दर्जन चोरी की घटनाओं को कबूल किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

चोरी की 11 साइकिल बरामद, दो गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। थाना निघासन पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों के पास बरामद की गई चोरी की 11 साइकिल। शुक्रवार को थाना निघासन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर रकेहटी के पास चैकिंग के दौरान रिजवान पुत्र मुराद अली निवासी ग्राम डन्डूरी थाना निघासन, मासूम पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम डन्डूरी थाना निघासन के पास चोरी की साईकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 66, सेक्टर-34, ईएचटीपी, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
सीआईएन : एल17100एचआर1983पीएलसी033460, फोन : 011-26258237, 49075251
ई-मेल आईडी : investorrelations@ulilltd.com, वेबसाइट : ulilltd.com

दिनांक : 19 मई 2023

कम्पनी सूचना

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल की प्रथम/2023-2024 बैठक मंगलवार, 30 मई, 2023 को दोपहर 12.30 बजे आयोजित की जाएगी, जिसमें 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष हेतु कम्पनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों और सभापति की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा।

कृपया नोट करें कि हम हमारे पत्र दिनांकित 27 मार्च, 2023 के माध्यम से, संशोधित सेबी विनियमावली और अंतरंगी व्यापार की रोकथाम के लिए आचार संहिता के अनुपालन में, ट्रेडिंग विन्डो शनिवार, 01 अप्रैल, 2023 से स्टॉक एक्सचेंज को लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा के पश्चात 48 घंटे तक बंद रहने की सूचना दे चुके हैं।

वास्ते यूनाइटेड लीजिंग ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
शशि शेखर
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. एसीएस 30145

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 19-05-2023

SBFC
SBFC Finance Limited
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

सार्वजनिक सूचना

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स लि. द्वारा दिनांक 27 मई 2023 को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली-110024, गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर-5,ग्राउंड फ्लोर,वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर-101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा-201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2बी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में असमर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

GURUGRAM: AP00307546,AP00313054,AP00327410,AP00329199,AP00383733,AP00391655, AP00398905, AP00415785,AP00425040,AP00448159 **KOTLA MUBARAKPUR:**AP00013581,AP00084954,AP00186356, AP00334245,AP00346427,AP00355527,AP00369858,AP00406610, AP00412767,AP00413815,AP00415474, AP00423858,AP00448248,AP00450541,AP00454864,AP00468720,AP00470265,AP00472362,AP00490761, AP00495005,AP00533266 , **LAXMI NAGAR:** AP00323931,AP00420800,AP00431015,AP00432619,AP00438290, AP00439071,AP00441380,AP00445328,AP00459549,AP00472409,AP00475414,AP00476455,AP00493350, AP00494151,AP00494687, AP00495163,AP00497881,AP00502788,AP00510419 **NOIDA:** AP00437446 AP00338941,AP00406150,AP00506992 ROHINI: AP00027473,AP00057042, AP00192287,AP00390764, AP00406383,AP00448433,AP00468068,AP00510301,AP00511875 **FARIDABAD:**AP00092078,AP00163273, AP00166019,AP00175965,AP00186894,AP00190475,AP00192718,AP00193067,AP00197822,AP00202503, AP00203473,AP00209555,AP00256718, AP00290438,AP00309303,AP00317732,AP00324632,AP00338411, AP00339524,AP00346004,AP00348244,AP00350321, AP00358768,AP00359809,AP00370316,AP00413072, AP00416146,AP00422284,AP00432791, AP00437731,AP00437827,AP00437847,AP00447536,AP00458071, AP00466278,AP00466896, AP00467752,AP00468956,AP00475591,AP00476319,AP00476385,AP00476470, AP00477976,AP00479593,AP00494560,AP00496173,AP00496856,AP00499055, AP00501333,AP00511138, AP00532601 **GHAZIABAD:** AP00324672,AP00325162,AP00326922,AP00338375,AP00339230, AP00392568, AP00406439,AP00430863,AP00431486,AP00439780, AP00447429,AP00458374,AP00470093,AP00470102, AP00485866,AP00495578 **HAPUR:** AP00338795,AP00339683,AP00340097,AP00351008,AP00362484, AP00385742,AP00404188,AP00405977,AP00406932, AP00414485,AP00414840,AP00438367,AP00439857, AP00477452,AP00502055,AP00511707, AP00528347

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:
एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड
संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207,
फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,
एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

पुलिस अधीक्षक ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन्स ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में क्षेत्राधिकारी लाइन्सए पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफसुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया।

युवाओं को उद्योग स्थापना के लिए दी जाएगी वित्तीय सहायता

● उद्योग स्थापना हेतु ग्रामीण व राष्ट्रीयकृत बैंको के जरिए 60 लाख रू0 के पूँजीनिवेश के साथ 12 इकाईयां स्थापित कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित

● 31 मई तक आवेदन पत्र आमंत्रित

संवाददाता। शाहजहांपुर

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक/ युवतियों को उद्योग स्थापना हेतु ग्रामीण व राष्ट्रीयकृत बैंको के माध्यम 60.00 लाख रू0 के पूँजीनिवश के साथ 12 इकाईयां स्थापित कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिस हेतु दिनांक 31 मई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण उद्योग (गुड़खाण्डसारी /कोल्हू, ऑयल एक्सपेलर, धान मषीन/ सेलर, फ्लोर मिल, आटा चक्की व फर्नीचर, कृषि यंत्र आदि) व सेवा उद्योग (टेन्ट हाउस, शटरिंग, विद्युत यंत्र मरम्मत आदि) की इकाईयां स्थापित करने के लिये राष्ट्रीयकृत एवं ग्रामीण बैंको द्वारा अधिकतम 10.00 लाख रू0 तक की परियोजना स्वीकृत कराकर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सामान्य श्रेणी के पुरूष लाभार्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिषत एवं आरक्षित श्रेणी के लाभार्थियों को 5 प्रतिषत निजी अंष लगाना होगा। बैंक द्वारा प्रदत्त आर्थिक सहायता/ ऋण पर योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को पूंजीगत ऋण पर 4 प्रतिषत वार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा शेष ब्याज उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा ब्याज उपादान के रूप में वहन किया जायेगा तथा आरक्षित वर्ग (अ0पि0वर्ग, अनु0जाति, अनु0 जनजाति एवं अल्पसंख्यकों) के लाभार्थियों को पूंजीगत ऋण पर बैंक द्वारा लिया जानें वाला समस्त ब्याज विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। योजना केवल ग्रामीण क्षेत्र में इकाई स्थापना के लिये है तथा ट्रेडिंग/ व्यापार/दुकान आदि सहित नकारात्मक सूची में सूचीबद्ध उद्योगों के लिये योजना में सहायता प्रदान नही की जाती है। स्व:रोजगार स्थापना के इच्छुक 18 वर्ष से ऊपर एवं 50 वर्ष तक के आयु के बेरोजगार युवक-युवतियां अपना आवेदन पत्र दिनांक 31.05.2023 तक योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर कर सकते हैं। आवेदन के लिये अपेक्षित दस्तावेजो में परियोजना, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु जहॉ लागू हो) आवष्यक हैं। संक्षिप्त जानकारी हेतु दूरभाष नम्बर-8382883943 पर संपर्क किया जा सकता है तथा योजना की विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइट पर लॉगिन कर व जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 48-बाडूजई पेषावरी तेल टंकी रोड, शाहजहॉपुर में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

पराली जलाने में हुई लापरवाही से कई किसानों को गन्ना जलकर हुआ राख

● लगभग 50 बीघे में खड़ी फसल चढ़ी आग की भेंट, करीब तीन लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान

संवाददाता। सीतापुर

अपने खेत की पराली जलाने गए किसान की लापरवाही से दूसरे कई किसानों का बवारी और पेड़ी गन्ना जलकर राख हो गया। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के तमाम प्रयासों के बाद आग पर नियत्रंण पाया जा सका। पराली में लगाई गई आग से करीब 10 किसानो का 50 बीघा गन्ना जल गया जिससे करीब तीन लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। बताया जाता है थाना मछरेहटा क्षेत्र के हिसामपुर जकरिया गांव के बाहर जोधपुर निवासी रघुवर का बेटा अपने खेत में गन्ने की पराली जलाने गया था। सुबह से चल रही तेज हवाओं के बावजूद उसने पराली में आग लगा दी। देखते-देखते आग आस-पास के खेतों में फैल गई यह देख रघुवर का बेटा वहां से भाग गया। आग की तेज लपटो को जब हिसामपुर जकरिया के ग्रामीणों ने देखा तो वह खेतों की तरफ दौड़े। वहां देखा की उनके खेतों में खड़ा बवारी और पेड़ी गन्ना आग की भेंट चढ़ रहा है। ग्रामीणों ने आनन-फानन में अपने प्रयासों से आग बुझानी शुरु कर दी। इसकी सूचना मछरेहटा पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पाकर पुलिस कर्मी और दमकल कर्मी मौके पर गांव पहुंचे और अपने प्रयासों से आग पर नियंत्रण पाया। ग्रामीणों के मुताबिक राजकुमार सिंह, मूलचंद, रघुवर, शीतला सिंह, लव कुमार सिंह, सौरभ, शैलेन्द्र सिंह, पवन सिंह, कोमल सिंह आदि का बवारी और पेड़ी गन्ना जल गया है। जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप कुमार उपाध्याय ने प्रधान संजय सिंह के साथ नुकसान का आकलन किया।

पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
कार्पोरेट पहचान संख्या : एल65929डीएल1947पीएलसी001240
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन : 7303495375, ई-मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com,
वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com

31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

क्र. सं.	विवरण	तिमाही समाप्त 31 मार्च, 2023 लेखापरीक्षित	वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2023 लेखापरीक्षित	तिमाही समाप्त 31 मार्च, 2022 लेखापरीक्षित	वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2022 लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	154.67	1,126.96	845.73	1,561.56
2	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	20.68	793.20	745.00	1,358.48
3	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	20.68	301.42	745.00	1,358.48
4	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	19.67	179.39	608.70	1,116.99
5	अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है]	(555.11)	21,815.33	(1,692.46)	5,136.95)
6	इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10 प्रति शेयर)	320.00	320.00	320.00	320.00
7	अन्य इक्विटी (वर्ष के अन्त में)		265,249.34		243,434.01
8	प्रति शेयर अर्जन रू. 10/-प्रत्येक का (क) मूल (रू.)	0.62	5.61	19.03	34.91
	(ख) तनुकृत (रू.)	0.62	5.61	19.03	34.91

नोट्स :
1. उपरोक्त लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा 19 मई, 2023 को आयोजित इसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट https://www.pnbfinanceandindustries.com/financial.html पर उपलब्ध है तथा 19 मई, 2023 को कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।
3. 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों की प्रमुख आंकड़े निम्नानुसार हैं :-
(रू. लाख में सिवाय प्रति शेयर डेटा)

विवरण	तिमाही समाप्त 31 मार्च, 2023 लेखापरीक्षित	वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2023 लेखापरीक्षित	तिमाही समाप्त 31 मार्च, 2022 लेखापरीक्षित	वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2022 लेखापरीक्षित
परिचालन से कुल आय	145.70	1,065.60	623.77	1,186.00
अवधि हेतु कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि)	12.98	716.43	524.43	986.77
अवधि हेतु कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि)	12.64	603.13	425.46	810.59
अवधि हेतु कुल समावेशी आय	-415.66	12,553.19	-1,788.19	-3,962.02

4. समाप्त संगत तिमाही/वर्ष के आंकड़े, जहां आवश्यक है, समाप्त चालू तिमाही/वर्ष की प्रस्तुति/वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
श्वेता सक्सेना
निदेशक एवं कम्पनी सचिव
डीआईएन : 03120958/सदस्यता सं. : ए 18585

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 19 मई, 2023

स्वास्थ्य योजनाओं का जमीनी स्तर पर हो क्रियान्वयन

● डीएम ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं।

● सभी अधीक्षक अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए डेली मॉनिटरिंग करें।

● मरीज व उनके तीमारदारों से चिकित्सक बेहतर व्यवहार करें। मरीजों को दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता एमओआईसी स्वयं चेक करें।

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

शुक्रवार की देर शाम को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई, जिसमें मुख्य रूप से सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मौजूद रहे। बैठक के शुरू में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति बताई और जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थिति, प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा हुई। डीएम ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतकों में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए डेली मॉनिटरिंग करें। मरीज व उनके तीमारदारों से चिकित्सक बेहतर व्यवहार करें। मरीजों को दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता एमओआईसी स्वयं चेक करें। सीएचसी व पीएचसी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। निर्देश दिए कि सभी पोर्टल्स पर फील्डिंग को अपडेट रखा जाए, वही आपरेटर का समयबद्ध भुगतान भी सुनिश्चित कराया जाए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने समीक्षा करते हुए कहा की जन्म मृत्यु पंजीकरणए आरसीएच सहित अन्य पोर्टल पर डाटा एंट्री ससमय शत.शत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ब्लॉकवार आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा कीए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने चिकित्सालयो में ओपीडी प्रगतिएआयुष्मान भारत.पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरणए उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, स्टिलबर्थ रेश्यो, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, ईसंजीवनी आईपीडी, ओपीडी, संचारी रोग, कवच एप्लीकेशन से परिवार स्वास्थ्य

भगवान कामतानाथ की परिक्रमा लगाने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

● पति के दीर्घायु की कामना को लेकर महिलाओं ने किया बरगद का पूजन

संवाददाता। चित्रकूट

ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर भीषण गर्मी के बाद भी पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगाकर मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान कामतानाथ के दर्शन कर पंचकोसीय परिक्रमा लगाई।चित्रकूट और सतना जिला प्रशासन द्वारा मेला परिक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ के रूप में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर देश भर से लाखों श्रद्धालुओं का जमावडा लगा रहा। सुबह तड़के से ही मंदाकिनी के रामघाट में आस्था की डुबकी लगाने को श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड़ी रहीं। लाखों श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में डुबकी लगाने के बाद भगवान ब्रम्हा द्वारा स्थापित स्वामी मत्गजेंद्र नाथ का जलाभिषेक करने के बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन कर पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। इसके बाद धर्मनगरी चित्रकूट के अन्य सुप्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ स्थल जानकीकुण्ड, अनुसुईया आश्रम, हनुमानधारा, भरतकूप आदि के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किये। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी आदि पुलिस और प्रशानिक अधिकारी मेला परिक्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

खास तौर पर किसी भी स्थान पर पेयजल की कमी न होने के निर्देश दिये। वहीं ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर महिलाओं द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ बरगद की परिक्रमा लगाकर पति व पुत्र की दीर्घायु की कामना की गई।

अग्नि पीड़ितों को जिला पंचायत अध्यक्ष ने बांटी राहत सामग्री

संवाददाता। चित्रकूट

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पहाड़ी थाना क्षेत्र के बक्टा बुजुर्ग गांव के यादव मुस्लिम पुरवा में अग्नि पीडितों को राहत सामग्री बांटने की होड लग गई है। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष/सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली के साथ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी तो जिला पंचायत अध्यक्ष/भाजपा नेता अशोक जाटव व ब्लाक प्रमुख/भाजपा नेता सुशील द्विवेदी ने भी भाजपा नेता पंकज अग्रवाल के साथ राहत सामग्री का पुलिंदा पीड़ितों के लिए खोल दिया।

शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी व भाजपा नेता पंकज अग्रवाल ने अग्नि पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री बांटी। उजड़े परिवारों की सूचना जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव को मिली तो सहयोगियों के साथ व्यक्तिगत धनराशि देने पहुंच गए। मदद सामग्री मे छाया के लिए तिरपाल, भोजन को फल, सब्जियां, आटा आदि सामग्री बांटी। इन परिवारों के पास तन ढकने को कपडे भी नहीं बचे। ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने गांव के कोटेदार से राशन सामग्री बांटने की जानकारी ली। निर्देश दिए कि पीड़ित परिवारों को समय से राशन सामग्री दी जाये।

अभियान चलाकर करें बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई : डीएम

● बैठक में डीएम ने दिये शहर की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

● जिले के सभी गांवों में गठित की जाएंगी मत्स्य एवं दुग्ध समितियां

संवाददाता। चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर क्रियान्वयन को डिस्ट्रिक्ट इलेक्ट्रिसिटी कमेटी की बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजेश कुमार से कहा कि शहर में विद्युत की तमाम समस्याएं मिल रही हैं। गर्मी के मद्देनजर विद्युत व्यवस्था निर्बाध ढंग से संचालन को लगाये संविदा कर्मी को कडे आदेश दें कि ठेकेदार मैन पावर बढ़ाकर विद्युत समस्या को ठीक कराएं।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षकता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी दशा में जिले में विद्युत समस्या नहीं होनी चाहिए। निर्माण कार्य के कांटेक्टर से कहा कि कर्वी शहर में जहां विद्युत में अधिक लोड है, वहां केबल का कार्य पहले कराएं। अधिशासी अभियंताओं से कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष विद्युत बिल की वसूली कराएं। अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर को निर्देश दिए कि माह के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम है, इस माह में प्रगति करें। विद्युत संयोजन कम है, इसमें भी प्रगति करें। अवैध विद्युत कटिया धार को, विद्युत चोरी के खिलाफअभियान चलाकर रोकें।

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक में कहा कि सहकारिता मंत्रालय व प्रमुख सचिव सहकारिता उप्र शासन से निर्गत निर्देशों के अनुरूप सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की गरज से जिले स्तर पर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी का गठन किया गया। जिले की सभी ग्राम पंचायतों को सहकारिता मत्स्य एवं दुग्ध विकास की समितियों से आच्छादित किया जाएगा।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि इस व्यवस्था के तहत पहले न्याय पंचायत स्तर पर सहकारिता विभाग की समितियां बनाई गई थी। अब सभी ग्राम पंचायतों पर सहकारिता मत्स्य व दुग्ध विकास की समितियों का गठन कराया जाएगा। वहां पर बैंकिंग सुविधा ग्राम स्तर पर उपलब्ध होगी। जहां पर मत्स्य व दुग्ध उत्पादन का क्षेत्र है, वहां समितियां गठित करें।

कई घंटों से बिजली, पानी न मिलने पर आक्रोशित युवाओं ने लगाया जाम

उरई, जालौन। पिछले 96 घंटों से मोहल्ला बघौरा में बिजली के साथ ही जलापूर्ति बाधित होने से गुस्साये युवाओं ने महाराणा चौराहे पर नारेबाजी करते हुये जाम लगा दिया जिससे वहां से वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। जाम लगाये जाने की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस पहुंची जिसने जाम लगाये लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद उन्हें जाम खोलने के लिये मना लिया तब कहीं जाकर वहां से वाहनों का आवागमन शुरू हो सका।

मोहल्ला बघौरा में निवास करने वाली हजारों आबादी पिछले 4 दिनों से पटरी से उतरी बिजली आपूर्ति की समस्या से त्रस्त हो चुके थे। नियमित विद्युत आपूर्ति के लिये मोहल्लेवासियों ने अपने स्तर से विद्युत महकमे के अधिकारियों को समस्या बताकर उसका समाधान करने की गुहार भी लगायी लेकिन जब उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो शुक्रवार को युवाओं में आक्रोश भड़क गया और फिर उन्होंने नारेबाजी करते हुये महाराणा प्रताप चौराहे पर बैरियर डालकर जाम लगा दिया। गुस्साई भीड़ का कहना था कि सरकार के अथक प्रयास के बावजूद इतनी भीषड़ गर्मी में नियमित बिजली नहीं मिल रही है। पिछले चार दिनों से मोहल्लेवासी बूंद-बूंद पानी के लिये परेशान हो रहे हैं।

देवनगर चौराहे पर सवारी लेने की होड़ में फैलती अव्यवस्था

जालौन, उरई। देवनगर चौराहे पर सवारी लेने की होड़ में आड़े, तिरछे वाहन खड़े हो जाने से जाम की स्थित बन जाती है। जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गाड़ियों को आड़ा, तिरछा खड़ा करने से मना करने पर वाहन स्वामी लड़ने पर आमादा हो जाते है। जबकि प्रदेश सरकार द्वारा चौराहों पर यात्रियों को उतारने और बैठाने के लिए ही कहा गया है। इसके बाद भी चौराहों पर वाहन खड़े नजर आते हैं। देवनगर चौराहा अन्तर्राज्यी चौराहा होने के कारण अत्यधिक भीड़ भाड़ बनी रहती है। उस पर भी वाहन चालकों द्वारा सवारियों को अपने, अपने वाहन में बैठाने के चक्कर में एक-दूसरे के आगे आड़े-तिरछे वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे आये दिन जाम की स्थित बनी रहती है। प्रदेश सरकार द्वारा बस चालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह केवल सवारियों को उतारें और बैठाएं इसके बाद चलते बनें। बावजूद इसके देवनगर चौराहे पर वाहनों का जमावड़ा बना रहता है। यातायात पुलिस की व्यवस्था न होने के कारण वहां वाहन स्वामी जहां चाहें वहां गाड़ी खड़ी कर देते हैं। इसके अलावा टैम्पो, ईरिक्शा सहित अन्य वाहन भी सड़क पर खड़े हो जाते हैं। इसके अलावा ठेला, ठिलिया आदि भी चौराहे पर अतिक्रमण किए हैं। देवनगर चौराहे पर कई दिशाओं की ओर जाने वाली सवारियां खड़ी रहती हैं।

सर्व समाज की पार्टी है भाजपा, पिछड़े वर्गों को दिया सर्वाधिक सम्मान : रमा निरंजन

● रमा निरंजन को राज्य मंत्री स्तर देकर सरकार ने बुंदेलखंड में बढ़ाया कद

संवाददाता। उरई, जालौन

नगर निकाय चुनाव में बेहतर परिणाम आने के बाद सरकार ने बैकवर्ड से रमा-आरपी निरंजन को आवासीय परिवाद जांच समिति का सभापति बनाकर बुंदेलखंड के नेताओं में एक तरह से उनका कद बढ़ाया है। शुक्रवार को कस्बा कालपी के मां गायत्री विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ओबीसी संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोलते हुए रमा-आरपी निरंजन ने कहा कि कोई निजी स्वार्थ में भले ही कुछ कहे परंतु कटु सच्चाई यही है कि ओबीसी को जो भाजपा ने दिया वह कोई और दे नहीं सकता आपका उप मुख्यमंत्री, संगठन में आपका प्रदेश महामंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्ष, पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष भी आप ही के थे और कैबिनेट में पर्याप्त सम्मान, जिला प्रभारी मंत्री भी बैकवर्ड के और मुझे भी सरकार ने जो सम्मान दिया उसके एवज में हम सबको क्या करना चाहिए

अब आप सबको विचार करना है हम सब बिखरे नहीं एकजुट हों किसी के बहकावे में ना आएं बस एक बार फिर एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करके मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाए इसके बाद सभी ने एक स्वर में ओबीसी संघ जिंदाबाद रमा आर पी निरंजन जिंदाबाद के नारे लगने लगे ओबीसी संयोजक एडवोकेट डीसी सैनी वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि जहां हमारे महापुरुषों का सम्मान होगा जहां हमारे समाज के लोगों का सम्मान होगा हम सब उनका सम्मान करेंगे!

इस मौके पर स्कूल संरक्षक ओपी सैनी, नीतू सैनी, अश्वनी निषाद आदि ने सभापति का माल्यार्पण कर स्वागत किया और रानी अहिल्याबाई होलकर एवं छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा भेंटकर राधे-राधे की पट्टिका ओढ़ाकर सम्मानित किया

डीएम ने बनीपारा में चौपाल लगा सुनीं समस्याएं, सीएचसी का किया निरीक्षण

रूरा, कानपुर देहात। डीएम नेहा जैन की अध्यक्षता में बनीपारा महाराज में जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिये चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में आयी करीब एक दर्जन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। बनीपारा में आयोजित चौपाल में मिलन सिंह द्वारा टयूबवेल से पानी न मिलने की शिकायत पर सम्बन्धित को निलंबित करने का आदेश डीएम ने अधिशासी अभियंता नलकूप को दिया। शिकायतकर्ता नायाब खान द्वारा जमीनी विवाद की शिकायत पर डीएम ने राजस्व व पुलिस टीमों को मौके पर भेजकर समस्या के निस्तारण के निर्देश दिये। ग्रामीणों द्वारा कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत पर डीएम ने जेई को तत्काल समस्या के निस्तारण के निर्देश दिये। बनीपारा पीएचसी में तैनात फार्मासिस्ट के नशे में रहने की शिकायत पर सीएमओ से जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये।

डीएम ने गांव में सॅचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया, फार्मासिस्ट की शिकायत पर सख्त कार्यवाही का निर्देश दिया गया, चिकित्सक धीरेन्द्र प्रताप की अनियमित उपस्थित पर डीएम ने कडी फटकार लगायी, डीएम ने दवा काउण्टर, शौचालय, सामान्य वार्ड आदि का निरीक्षण किया, खामी पाये जाने पर व्यवस्था दुरूस्त करने की हिदायत दी गयी।

मंडलायुक्त ने की अटल आवासीय विद्यालय मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति बैठक की अध्यक्षता

● निराश्रित हुए बच्चों की प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी करने के दिए निर्देश

संवाददाता। बांदा

आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आरपी सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय में अटल आवासीय विद्यालय की मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने अटल आवासीय विद्यालय अछरौड़ बांदा में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों व कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों का कक्षा-6 में प्रवेश हेतु आगामी 28 मई, 2023 को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारी समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिये। उन्होंने प्रवेश परीक्षा को सम्पन्न कराये जाने के लिए परीक्षार्थियों को समय से प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में नामित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थायें परीक्षा केन्द्रों में कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था, परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र परीक्षा केन्द्रों तक उपलब्ध कराने एवं परीक्षा के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं को शील कर जमा कराये जाने एवं अन्य व्यवस्थाओं को कराने हेतु समय से तैयारी करने के निर्देश दिये।

मुख्तार अंसारी के बेटे उमर की याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

संवाददाता। गाजीपुर

माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की मुश्किलें थम नहीं रही हैं। राहत के लिए उमर अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया थाए लेकिन वहां से भी निराशा हाथ लगी है। सुप्रीम कोर्ट ने उमर अंसारी की मुकदमा रद्द करने की मांग पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। उमर अंसारी पिछले कुछ समय से फरार चल रहा है। उमर के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में केस रद्द करने की मांग करते हुए याचिका लगाई थी।

केंद्रीय विद्यालय मधुपुरी का साध्वी ने किया शिलान्यास

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंदौली रोड पर केंद्रीय विद्यालय मधुपुरी का शिलान्यास शुक्रवार को जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भूमि पूजन कर विधि-विधानपूर्वक किया। यह विद्यालय 24.6 करोड़ रूपये की लागत से होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने जल्द से जल्द विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू कराकर पूरा कराये जाने की हिदायत दी। केंद्रीय विद्यालय मधुपुरी का शिलान्यास समारोह शुक्रवार को आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिले की सांसद एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने शिरकत की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा के अलावा जिलाधिकारी श्रुति ने भी हिस्सा लिया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने भूमि पूजन कर विधि-विधान से शिलान्यास किया। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से जिले के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

20-21 मई को फैन पार्क में 15 हजार क्रिकेट प्रेमी देखेंगे मैच

संवाददाता। गाजीपुर

पूरे देश में टाटा आईपीएल की दिवानगी देखने को मिल रही है। वही जनपदवासियों को टाटा आईपीएल खेल के स?टेडियम में देखने जैसा आनंद 20 व 21 मई को स?वामी सहजानंद पीजी कालेज में आयोजित टाटा आईपीएल फैन पार्क में मिलेगा। करीब 15 हजार लोगों को निशुल?क सजीव प्रसारण दिखाने के लिए बीसीसीआई द्वारा आयोजित फैन पार्क में व?यावस्था की जा रही है। इस संदर्भ में प्रबंधक एल?विन गायकवाड़ ने बताया कि इस बार पूरे देश में बीसीसीआई की तरफ से 45 शहरों में टाटा आईपीएल फैन पार्क आयोजित किये जा रहे हैं। यूपी में तीन शहरों मेरठए आगरा व गाजीपुर शहर में इसका आयोजन होगा। जनपद में यह तीसरी बार टाटा आईपीएल फैन पार्क का आयोजन हो रहा है। 20 मई को दिल?ली कैपिटल?स बनाम चेन?नई सुपर किंग और कोलकाता नाइट राईडर्स बनाम लखनऊ सुरप जाइंट्स के बीच मैच होगा। 21 मई को मुंबई इंडियंस बनाम सनराईजर्स हैदराबाद और रायल चैलेंजर बैंगलोर बनाम गुजरात टाईटंस के बीच मैच होगा।

पेज एक का शेष

चलन से...

बैंक के मुताबिक, ऐसा देखा गया है कि 2,000 रुपए मूल्य के नोट का इस्तेमाल अब लेनदेन में आम तौर पर इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इसी के साथ बैंकों के पास अन्य मूल्यों के नोट भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने से लोगों को नोट देने में कोई समस्या नहीं होगी। आरबीआई ने कहा कि इसे ध्यान में रखने के साथ आरबीआई की स्वच्छ नोट नीति के अनुरूप 2,000 रुपए मूल्य के नोट को चलन से वापस लेने का फैसला किया गया है। हालांकि 2,000 रुपए मूल्य के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। केंद्रीय बैंक ने लोगों से बैंक जाकर 2,000 रुपए के नोट अपने खातों में जमा करने या दूसरे मूल्य के नोट से बदलने को कहा है। लोग किसी भी बैंक शाखा में जाकर 23 मई से 30 सितंबर तक नोट बदल सकते हैं। इसके अलावा आरबीआई के 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी 2,000 रुपए के नोट को बदलने की सुविधा दी जाएगी। आरबीआई के मुताबिक 2,000 रुपए के करीब 89 प्रतिशत नोट मार्च, 2017 से पहले ही जारी किए गए थे और अब उनका चार-पांच साल का अनुमानित जीवनकाल खत्म होने वाला है। मार्च, 2018 में 6.73 लाख करोड़ रुपए मूल्य के 2,000 रुपए के नोट चलन में मौजूद थे लेकिन मार्च, 2023 में इनकी संख्या घटकर 3.62 लाख करोड़ रुपए रह गई। इस तरह चलन में मौजूद कुल नोट का सिर्फ 10.8 प्रतिशत ही 2,000 रुपए के नोट रह गए हैं जो मार्च, 2018 में 37.3 प्रतिशत थे।

नोटबंदी का...

फिर से देश को परेशान करने के लिए लौट आया है। बड़े पैमाने पर प्रचारित कदम नोटबंदी देश के लिए भयावह त्रासदी बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने 2000 रुपए के नोट के फायदों के बारे में देश के समक्ष उपदेश दिया था। आज जब इसकी छपाई बंद हो गई है तो उन सब वादों का क्या हुआ?

जांच में...

जांच करने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)से मिली जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि ईडी को हिंडनबर्ग रिपोर्ट के प्रकाशन से ठीक पहले खास पक्षों द्वारा संभावित उल्लंघन और संगठित बिक्री के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। यह भारतीय बाजारों को अस्थिर करने के संगठित प्रयासों के विश्वसनीय आरोप का इशारा करता है और सेबी को प्रतिभूति कानूनों के तहत इस तरह की गतिविधियों की जांच करनी चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, छह इकाइयों की तरफ से संदिग्ध शेयर लेनदेन हुआ है जिनमें से चार कंपनियां विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) हैं। वहीं एक कॉरपोरेट इकाई और एक व्यक्ति है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों की पहले से ही जांच कर रहा था। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद शीर्ष अदालत ने विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति की थी। इस समिति के प्रमुख उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए एम सप्रे बनाए गए थे जबकि ओ पी भट्ट, के वी कामत, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदरेशन इसके सदस्य थे। हिंडनबर्ग के आरोप सामने आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट आई थी। हालांकि अडाणी समूह ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खारिज कर दिया। समिति ने उच्चतम न्यायालय को सौंपी 173 पृष्ठों की अपनी रिपोर्ट में कहा, आंकड़ों के आधार पर सेबी के स्पष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए, समिति के लिए यह निष्कर्ष निकालना संभव नहीं होगा कि कीमतों में हेराफेरी के आरोप में किसी तरह की नियामकीय विफलता रही है। समिति के मुताबिक, वह यह भी नहीं कह सकती कि न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों या संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन पर सेबी की ओर से नियामकीय विफलता रही है।

सिद्धारमैया के...

प्रदर्शन का अवसर बन सकता है। इसीलिए कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खड़गे ने समान विचारधारा वाले कई दलों के प्रमुख नेताओं को इस समारोह के लिए आमंत्रित किया है। खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी, कांग्रेस के कई मुख्यमंत्रियों और नेताओं के इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। इनके अलावा खड़गे ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को आमंत्रित किया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला सहित विभिन्न नेताओं को भी निमंत्रण भेजा गया है। इससे पहले दिल्ली में संवाददाताओं ने जब पूछा कि कितने विपक्षी नेता शपथ-ग्रहण में शामिल होंगे, तो शिवकुमार ने कहा कि हमने अपने एआईसीसी अध्यक्ष से इसे देखने का अनुरोध किया है, हमारे लिए पहले कांग्रेस अध्यक्ष और गांधी परिवार हैं, हम उन्हें व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने के लिए यहां हैं। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को सिद्धारमैया को अगले मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार को एकमात्र उपमुख्यमंत्री के रूप में नामित किया। बाद में कांग्रेस विधायक दल की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में सिद्धारमैया को औपचारिक रूप से नेता चुन लिया गया। इसके बाद सिद्धरमैया (75) ने राज्यपाल के समक्ष दावा पेश किया, जिन्होंने सरकार गठन के लिए उन्हें (सिद्धारमैया को) आमंत्रित किया। सिद्धारमैया 2013 में पांच साल के कार्यकाल के बाद शनिवार को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं पूर्व में सिद्धरमैया की सरकार में मंत्री रहे 61-वर्षीय शिवकुमार अगले वर्ष संसदीय चुनावों तक कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने रहेंगे।

पार्टी के...

गांधी से मुलाकात की। उन्होंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया।

भारत अपनी...

संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार और प्रतिबद्ध है। उन्होंने संप्रभुता, कानून के शासन और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपने देश के सम्मान पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत-चीन संबंधों का भविष्य केवल परस्पर सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित हो सकता है। उन्होंने कहा कि संबंधों के सामान्य होने से क्षेत्र और दुनिया को लाभ होगा। प्रधानमंत्री तीन देशों जापान, पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। इससे पहले मोदी जी-7 समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन और क्वाड नेताओं की बैठक में भाग लेने के लिए जापान के हिरोशिमा पहुंचे। वर्ष 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद से भारत-चीन संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। दोनों पक्ष सीमा पर संकट को कम करने के लिए समय-समय पर बैठकें करते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थाई समाधान नहीं निकल सका है। पाकिस्तान के बारे में अखबार ने उनके हवाले से कहा कि भारत सामान्य और पड़ोसी संबंध चाहता है। उन्होंने कहा, हालांकि, यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त एक अनुकूल माहौल बनाएं। इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की भी है। भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में उन्होंने कहा कि यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक रही है। उन्होंने कहा, हमारी प्रगति दिख रही है, क्योंकि हम 2014 में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से बढ़कर अब विश्व स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं... हालांकि यह सच है कि वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियां विकास के लिए चुनौतियां पेश करती हैं, लेकिन हमने हाल के वर्षों में एक मजबूत नींव बनाई है, जो हमें अनुकूल स्थिति में पहुंचाती है। रूस-यूक्रेन संघर्ष पर मोदी ने कहा कि इस मामले में भारत का रुख स्पष्ट और अटल है। उन्होंने कहा, भारत शांति के पक्ष में खड़ा है और मजबूती से वहां रहेगा। हम उन लोगों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में चुनौतियों का सामना करते हैं, खासकर भोजन, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती लागतों के सामने। हम रूस और यूक्रेन दोनों के साथ संवाद बनाए रखते हैं। उन्होंने निक्की एशिया से कहा, आज का समय सहयोग का है संघर्ष का नहीं। जापान के साथ भारत के संबंधों पर उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन के साझा मूल्यों को स्वाभाविक रूप से करीब लाया है। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। मेजबान और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया है।

न्यायालय ने...

बिहार सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर आठ मई को बिहार सरकार से जवाब मांगा था। बिहार कारागार नियमावली में संशोधन के बाद आनंद मोहन को 27 अप्रैल को सहरसा जेल से रिहा कर दिया गया था। उमा कृष्णैया ने अपनी याचिका में दलील दी है कि आनंद मोहन को सुनाई गई उम्रकैद की सजा उनके पूरे जीवनकाल के लिए है और इसकी व्याख्या महज 14 वर्ष की कैद की सजा के रूप में नहीं की जा सकती। उन्होंने उच्चतम न्यायालय में दायर अपनी याचिका में कहा, जब मृत्युदंड की जगह उम्रकैद की सजा सुनाई जाती है, तब उसका सख्ती से पालन करना होता है, जैसा कि न्यायालय का निर्देश है और इसमें कटौती नहीं की जा सकती। आनंद मोहन का नाम उन 20 से अधिक कैदियों में शामिल है, जिन्हें जेल से रिहा करने के लिए राज्य के कानून विभाग ने हाल में एक अधिसूचना जारी की थी, क्योंकि वे 14 साल से अधिक समय जेल में बिता चुके हैं। नीतीश कुमार नीत बिहार सरकार ने 10 अप्रैल को बिहार जेल नियमावली, 2012 में संशोधन किया था और उस उपबंध को हटा दिया था, जिसमें कहा गया था कि ड्यूटी पर कार्यरत लोकसेवक की हत्या के दोषी को उसकी जेल की सजा में माफीछूट नहीं दी जा सकती। राज्य सरकार के इस फैसले के आलोचकों का दावा है, ऐसा मोहन की रिहाई को सुविधाजनक बनाने के लिए किया गया, जो राजपूत जाति से आते हैं और इससे नीतीश कुमार नीत महागठबंधन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ लड़ाई में मदद मिल सकती है। जेल नियमावली में संशोधन से नेताओं सहित कई अन्य लोगों को लाभ हुआ है। गौरतलब है कि कृष्णैया तेलंगाना के निवासी थे और 1994 में भीड़ ने उन्हें तब पीट-पीट कर मार डाला था जब उनके वाहन ने मुजफ्फरपुर जिले में गैंगस्टर छोटन शुक्ला की शव यात्रा से आगे निकलने की कोशिश की थी। मोहन उस वक्त विधायक थे और शव यात्रा की अगुवाई कर रहे थे।

नौसेना ने...

लू पेंग युआन यू 028 के डूबने के बाद तलाशी अभियान में दो पीड़ितों के अवशेष मिले और निकाल लिया गया है। हालांकि अभी यह पता नहीं चल सका है कि ये किस देश के नागरिक थे। कैनबरा में बीजिंग के राजदूत ने गुरुवार को कहा कि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य की राजधानी पर्थ के पश्चिम में 5,000 किलोमीटर दूर ऑस्ट्रेलिया के विशाल खोज और बचाव क्षेत्र में मंगलवार को यह चीनी जहाज लापता हो गया था। इस जहाज में 39 लोग थे, जिनमें 17 चीनी नाविक, 17 इंडोनेशियाई समुद्री और पांच फिलीपीन नाविक थे।

रूस पर और प्रतिबंध लगाने को तैयार

● जी-7 बैठक में शामिल होंगे जेलेंस्की, विश्व के नेता भी होंगे शामिल

भाषा। हिरोशिमा

दुनिया के सबसे शक्तिशाली लोकतांत्रिक देशों के नेताओं ने शुक्रवार को समूह 7 (जी7) की बैठक में, यूक्रेन पर हमला करने वाले रूस को अधिक दंड देने का संकल्प लिया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रविवार को इस बैठक में शामिल होंगे। बंद दरवाजों के भीतर हुई जी7 समूह की बैठकों के बाद उसके नेताओं ने एक बयान में कहा, यूक्रेन के लिए हमारा समर्थन कम नहीं होगा। हम यूक्रेन के खिलाफ रूस के अवैध, अनुचित और अकारण युद्ध के विरोध में एक साथ खड़े होने का संकल्प लेते हैं। रूस ने इस युद्ध की शुरुआत की थी और इस युद्ध को समाप्त भी कर सकता है। जेलेंस्की अपने युद्धग्रस्त देश से अब तक अपनी सबसे लंबी दूरी की यात्रा करेंगे वहीं जी7 समूह के नेता रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहे हैं। यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव ओलेक्सी डेनिलोव ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर अपने संबोधन में इस बात की पुष्टि की कि जेलेंस्की जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। डेनिलोव ने शुक्रवार को कहा, हमें यकीन था कि हमारे राष्ट्रपति वहां मौजूद होंगे जहां यूक्रेन को उनकी जरूरत होगी, हमारे देश की शांति और स्थिरता को हासिल करने के लिए, चाहे उन्हें दुनिया के किसी भी हिस्से में जाना पड़े। वहां बहुत महत्वपूर्ण मामलों का निर्णय लिया जाएगा, इसलिए भौतिक रूप से उनकी उपस्थिति हमारे हितों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कारण यूक्रेन पर मंडरा रहे परमाणु हमले के खतरे, उत्तर कोरिया द्वारा जारी मिसाइल परीक्षणों और चीन के तेजी से बढ़ते परमाणु जखीरे के मद्देनजर जापान ने परमाणु निरस्त्रीकरण को शिखर सम्मेलन का एक प्रमुख हिस्सा बनाने पर जोर दिया है। विश्व के नेताओं ने शुक्रवार को दुनिया के पहले युद्धकालीन परमाणु बम विस्फोट में मारे गए हजारों लोगों को समर्पित एक शांति उद्यान का दौरा किया। अमेरिका के एक अधिकारी ने बताया कि सामूहिक तस्वीर खिंचवाने और सांकेतिक पौधारोपण के बाद रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों का खुलासा किया जाएगा और उस पर पहले से लगाए गए प्रतिबंधों को लागू करने के प्रयास दोगुने करने एवं उसे जवाबदेह बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अमेरिका के एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि अमेरिका की ओर से की जानी वाली कार्वाई के तहत रूस के रक्षा उत्पादन से जुड़ी रूसी और अन्य देशों की करीब 70 संस्थाओं को काली सूची में डालना और 300 से अधिक व्यक्तियों, संस्थाओं, विमानों एवं पोतों पर प्रतिबंध लगाना शामिल है।

अरब जगत समझ सकता है कि यूक्रेन किसी विदेशी शासक के सामने घुटने नहीं टेकेगा : जेलेंस्की

भाषा। जेद्दा

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को सऊदी अरब की यात्रा शुरू की, जहां उन्होंने अरब शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। सऊदी अरब की मेजबानी में हो रहे सम्मेलन में सीरिया के राष्ट्रपति बसर असद भी शामिल हुए। सऊदी अरब के वली अहद मोहम्मद बिन सलमान ने जेद्दा के लाल सागर शहर में असद और जेलेंस्की दोनों का स्वागत किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जेलेंस्की ने अरब जगत से जुड़े आक्रमणों और कब्जों के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा, ए राष्ट्र समझ सकते हैं कि यूक्रेन किसी विदेशी शासक के सामने घुटने नहीं टेकेगा, इसलिए हम लड़ाई लड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने रूस को हमलावर ड्रोन की आपूर्ति कराने को लेकर उस पर भी निशाना साधा और रूसी नियंत्रण वाले क्रीमिया में रह रहे मुसलमानों की समस्याओं के बारे में भी बात की। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि सभागार में उपस्थित कुछ लोगों ने रूसी हमले को लेकर आंखें मूंद ली है। सम्मलेन के दौरान अरब जगत ऐसे नेता भी मौजूद रहे, जो यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद तटस्थ रुख अपनाए हुए हैं। इसमें साथ ही कई अन्य देशों के नेता भी उपस्थित हैं, जिनके रूस से मधुर संबंध हैं।

दुनियाभर से डेढ़ लाख लोग अमेरिका में आयोजित विश्व संस्कृति उत्सव में लेंगे भाग: आयोजक

वाशिंगटन। दुनियाभर के डेढ़ लाख से अधिक लोग आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा इस साल यहां आयोजित किए जा रहे चौथे विश्व संस्कृति उत्सव में भाग लेंगे। डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया की मेयर म्यूरियल बोउसर और आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने इस उत्सव की तैयारियों की शुरुआत की। इस उत्सव को अक्सर सांस्कृतिक ओलंपिक कहा जाता है।आयोजकों के अनुसार, इस साल 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय इस उत्सव में करीब 180 देशों के1,50,000 से अधिक लोग भाग लेने पहुंचेंगे। बोउसर ने बृहस्पतिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ऐसे कार्यक्रमों की महत्ता की सराहना करते हुए कहा कि यह दुनिया के नागरिकों को साथ लाने का मिशन है। श्री श्री रविशंकर ने इस दौरान कहा, यह ऐसा समय है, जब हमें सौहार्द एवं शांति का संदेश फैलाना होगा।..

ब्रिटेन ने रूसी निर्यात पर लगे प्रतिबंध को बढ़ाया

लंदन। ब्रिटेन ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को और बढ़ाते हुए शुक्रवार को रूसी हीरों और रूसी मूल के तांबे, एल्युमीनियम और निकेल जैसी धातुओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। वर्ष 2021 में रूसी हीरों और इन धातुओं का कारोबार चार अरब अमेरिकी डॉलर का था। इसके अलावा ब्रिटेन ने रूस-यूक्रेन संघर्ष से जुड़े करीब 86 लोगों और कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जापान में मौजूद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि यह कदम और व्यक्तिगत प्रतिबंध रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के राजस्व के स्रोतों को प्रभावित करेंगे। हिरोशिमा में जी7 समूह के नेताओं के साथ बातचीत के दौरान सुनक ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और निरंकुश शासनों के खिलाफ खड़े होने में शालीनता के खिलाफ चेतावनी दी। वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए, हमें यह दिखाना होगा कि क्रूर हिंसा और जबरदस्ती बल प्रयोग का प्रतिफल नहीं मिलता है। जैसा कि प्रतिबंधों की आज की घोषणा दर्शाती है, जी7 रूस से खतरे का सामना करने के लिए एकजुट है और यूक्रेन के लिए हमारा समर्थन दृढ़ता के साथ जारी है।

पाक : इमरान की पार्टी के हिंदू नेता ने इस्तीफा दिया, सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले की निंदा की

इस्लामाबाद। हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाले नेता और इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अल्पसंख्यक सदस्य जयप्रकाश ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। जयप्रकाश ने नौ मई को देश के सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों पर हमले की आलोचना की। पूर्व प्रधानमंत्री खान की गिरफ्तारी के विरोध में नौ मई को यह हमले किए गए थे। इस घटना का विरोध जताते हुए इससे पहले भी पीटीआई के कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। जयप्रकाश 2018 के आम चुनाव में अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट पर पीटीआई पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए थे। शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए पीटीआई की अल्पसंख्यक इकाई के अध्यक्ष ने नौ मई को हुए विरोध-प्रदर्शन की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा, सेना के कारण पाकिस्तान का वजूद है और हम पाकिस्तान के कारण मौजूद है। समा टीवी की खबर के मुताबिक, जयप्रकाश ने कहा, मेरा आठ मई तक पार्टी छोड़ने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने कहा कि वह बिना किसी दबाव के पार्टी छोड़ रहे है।

अमेरिका : ओहियो में एक कंपनी परिसर में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत, एक अन्य घायल

मोराइन (अमेरिका)। अमेरिका के ओहियो में एक कंपनी परिसर में बृहस्पतिवार रात हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कंपनी ऑटो-मोबाइल के कलपुर्जे उपलब्ध कराती है। मोराइन पुलिस सार्जेंट एंड्रयू पैरिश ने बताया कि ऑटो-मोबाइल के कलपुर्जे उपलब्ध कराने वाली कंपनी डीमैक्स लिमिटेड में हुई गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और जवाबी कार्वाई की। उन्होंने बताया कि एक संदिग्ध व्यक्ति ने दो लोगों को निशाना बनाकर गोली मार दी। पैरिश ने बताया कि एक पीड़ित की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति ने खुद को भी गोली मार ली ।

वेटिकन के प्रवेश द्वार को पार कर महल के प्रांगण में घुसी कार, चालक गिरफ्तार

रोम। एक कार बृहस्पतिवार को वेटिकन के प्रवेश द्वार से गुजरी और वहां तैनात स्विस गार्ड्स को पार करते हुए महल के प्रांगण तक पहुंच गई। वेटिकन सिटी ने यह जानकारी दी।वेटिकन के प्रेस कार्यालय ने बृहस्पतिवार देर रात एक बयान में कहा कि वेटिकन के अर्द्धसैन्य पुलिस अधिकारियों ने कार के प्रवेश द्वार से गुजरने पर उसके अगले टायर पर गोली चलाई लेकिन गाड़ी आगे बढ़ती रही।इसमें बताया गया है ।

ईरान ने तीन लोगों को मृत्युदंड दिया

दुबई। ईरान ने पिछले साल सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा के आरोपी तीन लोगों को शुक्रवार को मृत्युदंड दे दिया। उसने मानवाधिकार संगठनों के विरोध के बावजूद यह कदम उठाया। न्यायपालिका की वेबसाइट मिजान ने तीनों आरोपियों-माजिद कज्जेमी, सालेह मीरहाशमी और सईद यघूबी को मृत्युदंड दिए जाने की जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि माजिद, सालेह और सईद ने पिछले साल नवंबर में राष्ट्रीय स्तर पर हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान इस्फहान में एक पुलिस अधिकारी और अर्धसैनिक बासिज समूह के दो सदस्यों की हत्या कर दी थी।

भारतीय पर्वतारोही पियाली को माउंट मकालू से बचाया गया

काठमांडू। दुनिया की पांचवी सबसे ऊंची चोटी मकालू पर चढ़ाई करने वाली भारतीय पर्वतारोही पियाली बसाक को पर्वत शिखर से नीचे उतरते समय कुछ कठिनाई का सामना करने के बाद बचा लिया गया है। आयोजनकर्ताओं ने यह जानकारी दी। पायनियर एडवेंचर के चेयरमैन पसंग शेरपा ने कहा कि वह कैंप-4 के पास मुसीबत में फंस गई थी। पियाली ने पूरक ऑक्सीजन के बिना बुधवार को माउंट मकालू को फतह किया था।

प्रशांत क्षेत्र में 7.7 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का खतरा

वेलिंगटन। सुदूर प्रशांत क्षेत्र में शुक्रवार को 7.7 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया जिससे वनुआतू के पास सुनामी का खतरा पैदा हो गया है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने बताया कि लॉयल्टी द्वीपसमूह के पास आए भूकंप का केंद्र जमीन से 37 किलोमीटर गहराई में था। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि वनुआतु में ज्वार से एक मीटर (3 फुट) ऊंची लहरें उठ सकती है।

भारत ने संरा से कहा, सभी आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए योजनाएं बना रहे

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को बताया है कि वह विभिन्न आपदाओं से होने वाला नुकसान कम करने के मुद्दे को काफी अहमियत देता है और बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, लू और बिजली गिरने सहित सभी आपदाओं से होने वाली जान-माल की हानि को घटाने के लिए महत्वाकांक्षी शमन कार्यक्रम विकसित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने बृहस्पतिवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्ण सत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (2015-2030) के लिए सेंदाई कार्ययोजना की मध्यावधि समीक्षा के एक सत्र में कहा कि भारत में आपदा जोखिम में कमी एक सार्वजनिक नीति का केंद्रीय मुद्दा है। मिश्रा संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 18-19 मई को आयोजित इस उच्च-स्तरीय बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत सदस्य देश आपदा जोखिम में कमी लाने के लिए एक कार्य समूह का गठन करने पर सहमत हुए हैं। मिश्रा ने कहा, जी20 कार्य समूह द्वारा जिन पांच प्राथमिकताओं की पहचान की गई है, उनमें सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी, लचीला बुनियादी ढांचा, आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के लिए बेहतर वित्तपोषण, प्रतिक्रिया के लिए प्रणाली एवं क्षमताओं में सुधार और डीआरआर के लिए इको-सिस्टम आधारित दृष्टिकोण शामिल है। ए प्राथमिकताएं वैश्विक स्तर पर सेंदाई कार्ययोजना से जुड़े लक्ष्यों की प्राप्ति में अतिरिक्त सहायता प्रदान करेंगी। उन्होंने संरा महासभा को बताया कि भारत ने आपदा जोखिम में कमी के लिए निर्धारित धनराशि में काफी वृद्धि की है और आपदा जोखिम प्रबंधन से जुड़ी जरूरतों (आपदा जोखिम न्यूनीकरण, तैयारी, प्रतिक्रिया, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण) का समर्थन करने के लिए अपने वित्तपोषण ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

पंजाब पुलिस इमरान के घर से खाली हाथ लौटी

भाषा। लाहौर

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के जमन पार्क स्थित आवास पर कथित रूप से छिपे हुए आतंकवादियों को गिरफ्तार करने के लिए तलाशी अभियान चलाने वाली पंजाब पुलिस की टीम खाली हाथ लौट गई। खान के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समाचार पत्र डॉन के मुताबिक इस टीम में लाहौर के आयुक्त मोहम्मद अली रंधावा, लाहौर के उपायुक्त रफिया हैदर, डीआईजी अभियान सादिक डोगर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (अभियान) सोहैब शामिल थे। इससे कुछ घंटे पहले पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान के आवास पर विस्तृत तलाशी अभियान के लिए वारंट हासिल किया था। समाचारपत्र डॉन ने कहा कि अवास के प्रवेश तथा निकास द्वारों तक की सघन जांच की गई और इसका मुख्य उद्देश्य वहां छिपे आतंकवादियों की तलाश करना था। बुधवार को पंजाब सरकार ने दावा किया था कि30 से 40 आतंकवादी खान के जमान पार्क स्थित आवास के अंदर छिपे हुए हैं और खान को उन्हें सौंपने के लिए 24 घंटे का समय दिया था। हालांकि खबर में बताया गया है कि खान के मुख्य सुरक्षा अधिकारी इफ्तिखार गुमान ने कहा कि पंजाब पुलिस जमन पार्क से खाली हाथ लौटी है। खान के आवास के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए गुमान ने कहा, मुझे लगता है कि वे समझ गए हैं कि यहां कुछ भी नहीं है. यहां उन्हें केवल पानी और बिस्कुट ही मिले।

पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने इमरान खान को तीन मामलों में गिरफ्तारी पूर्व जमानत दी

लाहौर। पाकिस्तान की एक आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा को लेकर उनके खिलाफ दर्ज तीन मामलों में उन्हें शुक्रवार को गिरफ्तारी पूर्व जमानत दे दी। इमरान अपने वाहन को लाहौर एटीसी परिसर में दाखिल होने की इजाजत मिलने के बाद शुक्रवार को अदालत के समक्ष पेश हुए। लाहौर एटीसी ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान (70) को आतंकवाद से जुड़े तीन मामलों में दो जून तक गिरफ्तारी से राहत प्रदान करते हुए जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। इस पर, इमरान ने अदालत को आश्वासन दिया कि वह जांच में सहयोग करेंगे।

चीन की यात्रा पर आएंगे रूस के प्रधानमंत्री

बीजिंग। रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन अगले सप्ताह चीन की यात्रा पर आएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूचना

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, 29 मई, 2023 को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ, 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु कम्पनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे।

इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.cubical90.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

वास्ते क्यूबिकल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता./-
स्थान : नई दिल्ली (अश्वनी कुमार गुप्ता)
तिथि : 19-05-2023 प्रबंध निदेशक

PUBLIC NOTICE

Public Notice be it known to all that my client Mrs. Meera Devi W/o Mr. Rajender Prasad R/o C3/505, Tower C, Bharat City, Tilla Mod, Phase 1, Ghaziabad, Uttar Pradesh 201103 has disowned and disinherited her Younger Son Rahul Kumar and his Wife Geeta from her all moveable and immoveable properties and assets. Both of them are not under the control of my client and regularly threatening her to implicate in false criminal cases. My client is having no concern with them in any manner whatsoever. If anybody dealing with them will do so at his/her own risk, cost and consequences and my client and their other family member shall not be held liable for their any of act or deeds whatsoever.

Mohd Waseem (Advocate)
Reg. No-24955/2021

PUBLIC NOTICE

Notice to all that Our Company Elite View Apartment LLP Registered Office S-233, First Floor Greater Kailash Part-I, LLP Identification No.-ABA-0690 Email ID **eliteviewapartment@gmail.com**, Mob.7836997722, is shifting its Registered Office to new address i.e. Elite View Apartment LLP, Kh-774, Bishrakh Jalalpur, Greater Noida West-201306. Any person having objection can email or send an objection within 30 days.

NOTICE

I Pankaj Kumar Sharma S/o Govind Swaroop Sharma R/o Flat No – 704, Aster – 4, Supertech Emerald Court, Sector – 93 A, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh being the Authorized Representative of M/s Investors Clinic Infratech Pvt. Ltd. Address, 21st Floor, Tower – Astralis, Supertech Supernova, Sector – 94A, Noida, Uttar Pradesh - 201301 have declared that, M/s Investors Clinic Infratech Pvt. Ltd. have purchased a property bearing No M – 803 in Project Aditya Urban Homes, address Village – Shahpur Bamheta, NH – 24, Ghaziabad, Uttar Pradesh, we have lost the original allotment letter & payment receipts of the above said property. We have requested M/s Shubhhomes Realcon Private Limited to issue the duplicate allotment letter & payment receipts of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Allegiance Conbuild Private Limited office GF, 10 New Rajdhani Enclave, Vikas Marg, Delhi Within Seven Day.

म्यांमा में चक्रवात मोखा से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढकर 145 हुई

भाषा। बैंकॉक

म्यांमा में पिछले सप्ताहांत आए विनाशकारी चक्रवात मोखा से कम से कम 145 लोगों की मौत हो चुकी है और 1.85 लाख से अधिक इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है। सरकारी टेलीविजन एमआरटीवी पर शुक्रवार को प्रसारित खबर से यह जानकारी मिली है। एमआरटीवी की खबर के मुताबिक, मृतकों की यह संख्या चक्रवात से सर्वाधिक प्रभावित रखाइन प्रांत की है जबकि देश के अन्य हिस्सों में चक्रवात के कारण हुई जनहानि के बारे में सटीक जानकारी जुटाई जानी है। वहीं, सेना द्वारा संचालित सरकार ने कहा है कि 400 से अधिक मौत के दावे वाले आंकड़े झूठे हैं। पिछले रविवार को बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात मोखा ने बांग्लादेश और पश्चिमी म्यांमा के रखाइन प्रांत में दस्तक दी थी, जिससे क्षेत्र में तेज हवाएं चलने के साथ ही भारी बारिश हुई थी। रखाइन प्रांत की सितवे बस्ती के पास टकराए इस चक्रवात के कारण इलाके में लगभग 209 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली थीं। हालांकि, सोमवार को देश के भीतरी हिस्सों की तरफ बढ़ते समय यह कमजोर होकर उष्णकटिबंधीय चक्रवात में तब्दील हो गया। मानवीय मामलों के समन्वय से जुड़े संयुक्त राष्ट्र (संरा) कार्यालय ने कहा कि पूरे रखाइन प्रांत में बड़े पैमाने पर घर और बुनियादी ढांचा तबाह हो गए हैं। उसने कहा, क्षेत्र में आश्रय, स्वच्छ पानी, खाद्य सहायता और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की तत्काल जरूरत है। संरा कार्यालय ने कहा, बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जलजनित बीमारियों के प्रसार और बारूदी सुरंगों को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। रखाइन प्रांत म्यांमा में दशकों से जारी जातीय संघर्ष का केंद्र है।

मोदी की राजकीय अमेरिका यात्रा गहन संबंधों को रेखांकित करने का अवसर: अमेरिकी अधिकारी

वाशिंगटन। राष्ट्रपति जो बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजकीय आधिकारिक अमेरिका यात्रा दोनों नेताओं को बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार, निवेश तथा रक्षा साझेदारी की समीक्षा करने और सहयोग के नए क्षेत्रों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगी। अमेरिकी विदेश विभाग की एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और उनकी पत्नी तथा प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर अगले महीने राजकीय यात्रा पर अमेरिका जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी मोदी के सम्मान में 22 जून को रात्रिभोज देंगे। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से अब तक आधा दर्जन से अधिक बार अमेरिका की यात्राएं कर चुके मोदी को अब पहली बार आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया है। यह सम्मान अमेरिका के करीबी मित्र देशों को ही दिया जाता है। दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के ब्यूरो में भारत के लिए उप सहायक विदेश मंत्री नैन्सी इज्जो जैक्सन ने कहा, हम जून में वाशिंगटन में प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करने के लिए वाकई उत्साहित हैं। यह हमारे दोनों नेताओं के लिए दोनों देशों तथा हमारी जनता के बीच गहन संबंधों को रेखांकित करने का बड़ा अवसर होगा। यह दुनिया की सबसे अहम साझेदारियों में से एक है।हमारी द्विपक्षीय साझेदारी हमारी सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक रणनीतिक प्राथमिकताओं - रक्षा, आर्थिक और व्यापार सुरक्षा, स्वास्थ्य, उभरती हुई तकनीक और लोगों से लोगों के बीच बढ़ते संबंधों आदि पर आधारित है।

PUBLIC NOTICE

I, Smt. Ravita Saroha W/O Shri Dharamvir Singh Saroha R/O Flat No.12-C, Third Floor, Near NDPL Office, Block-BI, Shalimar Bagh, Delhi-110088, have lost my property-document i.e **ALLOTMENT LETTER, POSSESSION LETTER, NOC FOR WATER & ELECTRICITY CONNECTION AND SITE POSSESSION,** of Property Bearing DDA Janta Flat No.198-A, Ground Floor, Pocket-C, Shalimar Bagh, Delhi. An FIR/NCR to this effect has been lodged in Police Station Crime Branch Delhi, Vide - LR. No. 456786/,2023 Dated-18.05.2023.
If any person finds it Please Contact Me. Smt. Ravita Saroha **#9873169608.**

शुद्धिपत्र

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

ऋण खाता संख्या एलबीजीयूआर00004983636, कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम विभोर कुमार/अनुराधा जसूजा के संबंध में सरफासी ऐक्ट धारा 13(2) के तहत के तहत मांग सूचना दिनांकित 25 मार्च, 2021 दि पायनियर (अंग्रेजी) तथा दि पायनियर (हिन्दी) दिनांकित 08 जून, 2021 में प्रकाशित की गई थी। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, उक्त मांग सूचना में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा प्रेषित सूचना की तिथि 22 अप्रैल, 2021 के स्थान पर 12 अप्रैल, 2021 वर्णित की गई है। हम अतएव, आपसे उसको 22 अप्रैल, 2021 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त सूचना दिनांकित में वर्णित सभी अन्य विवरण वही रहेगा। हम आपको इस संबंध में हुई असुविधा के लिए हार्दिक खेद व्यक्त करते हैं।

दिनांकित : 20-05-2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

भारतीयों के लिए ग्रीन कार्ड के लंबे इंतजार की वजह हर देश के लिए निर्धारित कोटा है

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत, चीन, मेक्सिको तथा फिलीपीन के लोगों के लिए ग्रीन कार्ड के लंबे और कष्टदायक इंतजार की वजह इसके आवंटन में हर देश के लिए निर्धारित कोटा व्यवस्था है जिसे संसद ही बदल सकती है। ग्रीन कार्ड को आधिकारिक रूप से स्थाई निवास कार्ड के रूप में जाना जाता है। ग्रीन कार्ड अमेरिका में आव्रजकों को जारी किया जाने वाला एक दस्तावेज है जो इस बात का प्रमाण है कि ग्रीन कार्ड धारक को स्थाई रूप से देश में रहने की अनुमति दी गई है। आव्रजन कानून के तहत हर साल तकरीबन 1,40,000 रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड जारी किए जाते हैं। हालांकि, इनमें से हर साल किसी एक देश को केवल सात प्रतिशत ग्रीन कार्ड मिल सकते हैं। अमेरिका नागरिकता एवं आव्रजन सेवाओं के निदेशक के वरिष्ठ सलाहकार डगलस रैंड ने कहा कि अमेरिका में स्थाई रूप से रह रहे किसी व्यक्ति के परिवार के सदस्यों को दिए जाने वाले ग्रीन कार्ड पर वार्षिक सीमा पूरी दुनिया के लिए 2,26,000 है जबकि रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड की वार्षिक सीमा 1,40,000 है। उन्होंने वीजा तथा दूतावास संबंधी मुद्दों पर ऑनलाइन आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय-अमेरिकियों से कहा कि परिवार के सदस्यों को दिए जाने वाले और रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड पर हर देश के लिए सालाना सात प्रतिशत का कोटा है। रैंड ने एक सवाल के जवाब में कहा, इसलिए भारत, चीन, मेक्सिको और फिलीपीन के लोगों को अन्य देशों के लोगों के मुकाबले लंबा इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण रूप से केवल अमेरिकी संसद ही इस वार्षिक सीमा में बदलाव कर सकती है। हमारा काम यह है कि जब ए ग्रीन कार्ड उपलब्ध हो, तो हम यह सुनिश्चित करें कि हर साल इनका इस्तेमाल किया जाए। गौरतलब है कि भारत के हजारों पेशेवर एक दशक से अधिक समय से ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे हैं और कई बार वीजा का इंतजार भी वर्षों तक चलता है। भारत के लोगों को हर साल करीब 7,000-8,000 रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड जारी किए जाते हैं। इनमें प्राथमिक आवेदकों के परिवार पर निर्भर लोग भी शामिल रहते हैं। भारत के करीब 2,000 एच-1बी वीजा आवेदकों को हर साल ग्रीन कार्ड मिलते हैं।

सीमा पर सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत चीन-वियतनाम मानव तस्करी को दर्शाता है : प्रशासन

बीजिंग। चीनी प्रशासन का कहना है कि शुक्रवार को चीन-वियतनाम सीमा पर सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हुई है, जिनमें नौ वियतनामी नागरिक हैं। यह घटना पर्वतीय सीमा क्षेत्र से होने वाली मानव तस्करी को दिखा रहा है। इस क्षेत्र में वियतनाम और चीन के अन्य हिस्सों के मुकाबले आर्थिक रूप से कमजोर गुआंगशी प्रांत के बीच कृषि उत्पादों और कृषि मजदूरों आदि का व्यापार होता है। स्थानीय जिंगशी काउंटी सरकार के हादसे में मरने वालों में से एक व्यक्ति चीनी नागरिक था जबकि 11वें व्यक्ति की नागरिकता की पुष्टि नहीं हुई है। 14 लोग एक वाहन में सवार थे, जो पलट गया और एक संकरी घाटी में गिर गया। उसमें कहा गया है कि यह घटना मानव तस्करी से जुड़ी हुई है। हादसे में जीवित बचे लोगों में चीनी वाहन चालक, चीनी सहायक और दो वियतनामी नागरिक शामिल हैं।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवह

बंगाल में रामनवमी हिंसा की एनआईए जांच पर उच्चतम न्यायालय ने नहीं लगाई रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में रामनवमी समारोह के दौरान हिंसा की घटनाओं की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण को सौंपने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई गर्मी की छुट्टी के बाद तक के लिए टाल दी। पीठ ने एनआईए की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को बताया, हमने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक नहीं लगाई है और गर्मियों की छुट्टी के बाद जुलाई के महीने में इस मामले पर सुनवाई करेंगे। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद आतंकवाद रोधी जांच एजेंसी ने मामला दर्ज किया है।

सुनवाई के दौरान, पश्चिम बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं अभिषेक सिंघवी और गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में चंदन नगर की घटना से संबंधित केवल एक प्राथमिकी का उल्लेख किया है। शंकरनारायणन ने कहा, हमारे पास निर्देश हैं कि अदालत चंदन नगर प्राथमिकी की जांच एनआईए द्वारा करने की अनुमति दे सकती है, लेकिन बाकी पांच प्राथमिकी की जांच राज्य पुलिस को करने की अनुमति दी जाए। सिंघवी ने कहा कि एनआईए को हिंसा के सामान्य मामलों की जांच में तब तक नहीं लाया जा सकता जब तक कि यह देश की सुरक्षा या संप्रभुता को प्रभावित न करे। एनआईए के पास एक स्पष्ट दायरा है और किसी के घटना में बम का इस्तेमाल होने के बारे में कह भर देने से उसे जांच में नहीं लगाया जा सकता। या तो एनआईए द्वारा पुलिस अधिकारियों को बुलाए जाने पर रोक लगाई जाए या उच्च न्यायालय के आदेश पर तब तक रोक लगाई जाए जब तक कि यह अदालत राज्य सरकार की अपील पर अंतिम रूप से फैसला नहीं दे देती। पीठ ने सिंघवी और शंकरनारायणन से कहा, यह मानते हुए कि उच्च न्यायालय ने एक प्राथमिकी का उल्लेख किया है, लेकिन ए सभी घटनाएं एक दूसरे से जुड़ी हैं। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया और उच्च न्यायालय ने अपना दिमाग लगाया कि इसे एनआईए को संदर्भित करने के लिए पर्याप्त सामग्री है।

पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार जांच को स्थानांतरित कर दिया गया है और यह ऐसा मामला नहीं है जहां यह अदालत हर चीज को व्यर्थ कर दे। मेहता ने कहा कि एनआईए ने मामला दर्ज कर लिया है और जब जांच एजेंसी ने कागजात सौंपने के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा तो उसे शीर्ष अदालत के फैसले का इंतजार करने को कहा गया क्योंकि उसने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। उन्होंने पीठ से आग्रह किया, कृपया स्थिति स्पष्ट करें क्योंकि हमने मामला दर्ज कर लिया है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक नहीं लगाई है। पीठ ने इसके बाद मामले की सुनवाई 22 मई से दो जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद करने की बात कही।

उद्धव सरकार ने बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों के लिए कुछ नहीं किया: फडणवीस

नागपुर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को दावा किया कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने बेमौसम बारिश तथा फसलों के खराब होने से परेशान किसानों के लिए कुछ नहीं किया और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार ने ही उन्हें राहत प्रदान की। फडणवीस ने यहां कटोल में भाजपा पदाधिकारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिंदे सरकार ने पिछले साल जून में सत्ता संभालने के बाद कई किसान कल्याण योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री सौर कृषि योजना के तहत कृषि क्षेत्र के लिए दिन में 12 घंटे बिजली आपूर्ति शुरू की जाएगी। उद्धव ठाकरे सरकार ने बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों के लिए कुछ नहीं किया। शिंदे सरकार द्वारा उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की गई। महाराष्ट्र सरकार ने 3,000 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं और यह किसानों के लिए चार योजनाओं को लागू करेगी।

नईदिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री चिंतन शिविर में बैठक करते हुए।

भारत ने सजा पूरी होने के बाद 22 पाकिस्तानी कैदियों को रिहा किया

अटारी (अमृतसर)। भारत सरकार ने शुक्रवार को सजा पूरी होने के बाद 22 पाकिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा अटारी-वाघा सीमा पर संयुक्त जांच चौकी (जेसीपी) पर पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इन सभी को दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग द्वारा जारी किए गए आपातकालीन यात्रा प्रमाणपत्र के आधार पर पाकिस्तान भेजा गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के समय उनमें से किसी के पास किसी भी तरह के यात्रा दस्तावेज नहीं थे। अधिकारियों ने बताया कि इन 22 कैदियों में से नौ मछुआरे गुजरात की कच्छ जेल से, 10 अमृतसर केंद्रीय कारागार से और तीन अन्य जेलों से यहां लाए गए। उन्होंने बताया कि मछुआरों को भारतीय नौसेना ने पकड़ा था।

पश्चिम बंगाल में अभी कोई सिनेमा हॉल केरल स्टोरी नही दिखा रहा: वितरक

कोलकाता। उच्चतम न्यायालय द्वारा पश्चिम बंगाल में फिल्म द केरल स्टोरी के प्रदर्शन की अनुमति देने के बावजूद अब तक कोई भी सिनेमा हॉल इस विवादास्पद फिल्म को दिखाने के लिए राजी नहीं हुआ है। राज्य सरकार ने पूर्व में सांप्रदायिक अशांति की आशंका के चलते फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया था। बंगाल में फिल्म के वितरक सतदीप साहा ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि उनके परिवार के थिएटर समेत राज्य में अभी तक कोई भी सिंगल स्क्रीन और मल्टीप्लेक्स द केरल स्टोरी दिखाने के लिए तैयार नहीं हुआ है। साहा ने कहा, हमने सिनेमा हॉल मालिकों और मल्टीप्लेक्स संचालकों से कहा है कि वे फिल्म दिखा सकते हैं क्योंकि अब केरल स्टोरी दिखाने में कोई बाधा नहीं है। लेकिन अब तक कोई भी यहां फिल्म रिलीज के लिए आगे नहीं आया है...हो सकता है कि वे किसी को नाराज ना करना चाहते हों। हालांकि, आईनॉक्स के क्षेत्रीय प्रमुख अमिताभ गुहा ठाकुरता ने कहा, हम (राज्य) सरकार के औपचारिक आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

फिल्म के निर्देशक सुदीप्तो सेन ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि कई हॉल मालिकों ने उन्हें बताया है कि कुछ धड़ों से धमकी मिली है और फिल्म को प्रदर्शित नहीं करने के लिए कहा है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री अदा शर्मा के साथ यहां संवाददाता सम्मेलन में सेन ने दावा किया कि देश भर में रिलीज होने के दो सप्ताह के भीतर ही करीब 1.5-2 करोड़ लोग फिल्म देख चुके हैं। सेन ने कहा, हम किसी भी विवाद में नहीं फंसना चाहते। मैं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अपील करता हूं कि वह कृपया फिल्म देखें और तय करें कि क्या यह सांप्रदायिक सद्भाव या कानून-व्यवस्था की गड़बड़ी के लिए कोई खतरा है। सेन ने कहा कि लोगों को यह तय करने दिया जाना चाहिए कि वे फिल्म देखना चाहते हैं या नहीं। सेन ने कहा, मैं बंगाली हूं, प्रोडक्शन डिजाइनर बंगाली हैं। हम हैरान और निराश हैं कि बंगाल में ऐसा हो रहा है।

सिद्धरमैया और शिवकुमार ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को आमंत्रित किया, मंत्रिमंडल गठन पर भी चर्चा की

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनने जा रहे सिद्धरमैया एवं डी.के. शिवकुमार ने शुक्रवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर उन्हें शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ मंत्रिमंडल के गठन के संदर्भ में भी चर्चा की। सिद्धरमैया 20 मई को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ डी.के. शिवकुमार भी शपथ लेंगे जो इस सरकार में उप मुख्यमंत्री होंगे। दोनों नेताओं ने कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रभारी रणदीप सुरजेवाला के साथ गहन मंथन किया। मंत्रिमंडल में सभी क्षेत्रों और वर्गों का ध्यान रखा जाएगा। सिद्धरमैया कुरुबा और शिवकुमार वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं।

सिद्धरमैया और शिवकुमार ने 10 जनपथ पहुंचकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की। उन्होंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका

गांधी को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया। दिन में दिल्ली पहुंचने के बाद कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा था, हम अपने नेताओं को आमंत्रित करने के लिए यहां आए हैं। हम गांधी परिवार और मल्लिकार्जुन खरगे को व्यक्तिगत तौर पर आंत्रित करेंगे। कैबिनेट के गठन को लेकर भी चर्चा करनी है। शिवकुमार का कहना है कि सरकार बनने के साथ ही पांचों गारंटी पर काम आरंभ हो जाएगा। कांग्रेस विधायक दल की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में सिद्धरमैया को औपचारिक रूप से नेता चुन लिया गया जिसके बाद उन्होंने राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया। सिद्धरमैया और शिवकुमार शनिवार को बेंगलुरू के कांतीरवा स्टेडियम में दोपहर साढ़े बारह बजे कुछ मंत्रियों के साथ शपथ लेंगे। सिद्धरमैया के सामने पहली चुनौती सही संतुलन के साथ मंत्रिमंडल के गठन की होगी जिसमें सभी समुदायों, धर्म, वर्गों और पुरानी तथा नई पीढ़ियों के विधायकों का प्रतिनिधित्व हो। कर्नाटक मंत्रिमंडल में मंत्रियों की स्वीकृत संख्या 34 है।

क्विक न्यूज

सावरकर की जयंती पर संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्र निर्माताओं का अपमान: कांग्रेस

नई दिल्ली। विपक्ष केकई नेताओ ने विनायकदामोदर सावरकर की जयंती केदिन 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करने केफैसले को लेकर शुक्रवार को सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने इसे राष्ट्र निर्माताओ का अपमान करार दिया। कुछ विपक्षी नेताओ ने यह सवाल भी खड़ा किया किप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद केनए भवन का उद्घाटन क्यो करेगे, जबकिवह विधायिका केनही, बल्किकार्यपालिका केप्रमुख है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, हमारे सभी राष्ट्र निर्माताओ का अपमान। गांधी, नेहरू, पटेल, बोस आदि को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है। डॉक्टर आंबेडकर का भी तिरस्कार है। उन्होने तृणमूल कांग्रेस केसांसद सुखेंदु शेखर रॉय केएक ट्वीट को रि-ट्वीट करते हुए यह आरोप लगाया। रॉय ने ट्वीट मे कहा, संसदीय लोकतंत्र को भारतीय संविधान भेट किए जाने को इस साल 26 नवंबर को 74 वर्ष हो जाएंगे। इस दिन संसद भवन का उद्घाटन किया जाना उचित रहता। परंतु 28 मई को सावरकर की जयंती है -यह कितना प्रासंगिकहै? राजद केसांसद मनोज झा ने कहा, क्या ऐसा नही होना चाहिए था किराष्ट्रपति महोदया संसद केनए भवन का उद्घाटन करती... जय हिंद।

कारोबारी को बंधक बनाकर 10 लाख रुपए वसूलने और एक करोड़ की कार लूटने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र से दिल्ली के एक कारोबारी का अपहरण करने और उसे बंधक बनाकर 10 लाख रुपए की फिरौती वसूलने तथा एक करोड़ रुपए मूल्य की उसकी ऑडी कार लूटने के मामले मे तीन आरोपियो को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। 11 मार्च को परिवादी परवेन्द्र सिंह ने जगदीश मीणा (38) और कमल सिंह मीणा (35) के खिलाफ उसका अपहरण कर उससे फिरौती के रूप मे 10 लाख रुपए वसूलने और कार लूटने का मामला दर्ज करवाया था।

प्रतिभाशाली छात्रों की माताओं को किया सम्मानित किया

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर आकाश + बायजूस द्वारा लखनऊ में माय मदर - माय सपोर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कायक्रम में विगत वर्षों में देश के विभिन्न टॉप के इंजीनियरिंग अथवा मेडिकल कॉलेजो में प्रवेश पाने वाले छात्रों की माताओं को आमंत्रित किया गया। आकाश + बायजूस के अधिकारियों ने सम्बोधित किया और अपने टॉपर्स के सफलता के पीछे उनकी माताओं के निस्वार्थ योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद् ज्ञापित किया। कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में इन सभी माताओं को आकाश + बायजूस के अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत कर उनका सम्मान किया गया। माताओं ने अपने मातृत्व के अनुभव भी साझा किए, साथ ही इस मौके पर उन्होंने परिवार के साथ साथ स्वयं के स्वास्थ्य की देखभाल करने की शपथ भी ली।

महाराष्ट्र सुशासन नियम वाला पहला राज्य : सीएमओ

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को जलवायु परिवर्तन पर कार्वाई के वास्ते एक अलग विभाग बनाने की अनुमति दी। अलग विभाग बनाए जाने को राज्य मे सुशासन के नियमन केरूप मे देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय केएक बयान मे कहा गया है किमहाराष्ट्र देश का पहला राज्य है जहां सुशासन केनियम है और इसका ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होगा कि नागरिको को तेजी से और सुचारू रूप से सेवाएं मिले। राज्य मे जलवायु परिवर्तन पर कदम उठाने के लिए एक अलग विभाग होगा, जो गर्मी मे लू , बेमौसम बारिश से निपटने के लिए एक कार्य योजना लागू करेगा और प्रौद्योगिकी केजरिए नागरिको को निर्णय लेने मे शामिल करेगा। शिंदे ने सुशासन नियम तैयार करने के लिए पिछले साल सितंबर मे सेवानिवृत्त नौकरशाहो की एक समिति गठित की थी और इसने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट सौपी। रिपोर्ट मे 16 अध्यायो मे 200 सुझाव दिए गए है।

संकटमोचन का लोकार्पण

नोएडा। वरिष्ठ रंगकर्मी एवं सुप्रसिद्ध निर्देशक सिद्धार्थ नागर जिन्हांने विगत तीन दशकों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र सहित मुम्बई फिल्म इण्डस्ट्री में तीन हजार से अधिक धारावाहिकों एवं फीचर फिल्मों का निर्माण किया। विज्ञापन फिल्म संकटमोचन का लोकार्पण उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। सिद्धार्थ नागर द्वारा आगामी तीन फीचर फिल्मों का उत्तर प्रदेश में निर्माण किये जाने की उद्घोषणा की। जिनमें सुप्रसिद्ध फिल्म लेखिका डा. अचला नागर कीलघु कथा इस्तीफा पर आधारित अवधी फिल्म बहुरिया का कन्यादान निर्देशक अजय द्विवेदी पद्म भूषण अमृतलाल नागर की कथा पाजीगुलाम्य पर आधारित हिन्दी फीचर फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ नागर तथा ब्रजभाषा की फिल्म जय जय ब्रज भूमि का निर्माण किये जाने की घोषणा की गई। सिद्धार्थ नागर ने आश्वासन दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं फिल्म बन्धु भविष्य में भी भाषाई कलाकारो एवं प्रादेशिक फिल्मों के निर्माण में अपना योगदान देती रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग की कॉर्बन डेटिंग टाली

ज्ञानवापी मामला

● कहा-इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के निहितार्थों की पड़ताल करने की जरूरत है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में कथित तौर पर मिले शिवलिंग की प्राचीनता का पता लगाने के लिए कॉर्बन डेटिंग समेत विभिन्न वैज्ञानिक जांच शुक्रवार को फिलहाल के लिए स्थगित करते हुए कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के निहितार्थों की पड़ताल करने की जरूरत है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 12 मई को आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए संरचना की प्राचीनता का निर्धारण करने का आदेश दिया था। संचरना के शिवलिंग होने का दावा किया गया है। हालांकि, मस्जिद के अधिकारियों ने कहा है कि संरचना वजू खाना में एक फव्वारे का हिस्सा है, जहां नमाज से पहले हाथ, पैर और मुंह धोते हैं।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने शिवलिंग की वैज्ञानिक जांच करने और कार्बन डेटिंग से इसकी प्राचीनता का पता लगाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और हिंदू याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किए। पीठ ने कहा कि चूंकि विवादित आदेश के निहितार्थों का सूक्ष्म अवलोकन किए जाने की जरूरत है, इसलिए आदेश में संबंधित निर्देशों का कार्यान्वयन अगली तारीख तक स्थगित रहेगा। पीठ में न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन भी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उक्त प्रक्रिया के दौरान संरचना को हुए नुकसान को लेकर चिंता जताई।

रीजीजू ने न्याय मंत्री के पद से हटाए जाने पर कहा: कुछ भी गलत नहीं

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को पृथ्वी विज्ञान मंत्री का पदभार संभाल लिया और इस बात को खारिज कर दिया कि उन्हें कुछ गलत कामों के कारण केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री के पद से हटाया गया है। रीजीजू ने अपने पिछले मंत्रालय के बारे में सवालों का जवाब देने से इनकार करते हुए कहा कि ए अब प्रासंगिक नहीं हैं और वह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सेवा देने के लिए उत्सुक हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या न्यायपालिका के साथ लगातार टकराव के कारण उन्हें हटाया गया, रीजीजू ने कहा, पिछले मंत्रालय से संबंधित सवाल न पूछें क्योंकि वे अब प्रासंगिक नहीं हैं। रीजीजू से जब पत्रकारों ने सवाल पूछा कि क्या किसी गलत काम के कारण उन्हें विधि एवं न्याय मंत्रालय से हटाया गया, उन्होंने कहा, गलती थोड़ी हुआ है? क्या आपको लगता है कि यह किसी गलत काम के कारण हुआ है? उन्होंने कहा, ए बदलाव और अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपना सरकार के काम करने का तरीका है। यह प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार है कि वह अपनी सोच के अनुसार जिम्मेदारियां सौंपे। आपको ऐसा क्यों लगता है कि कुछ गड़बड़ है।

रीजीजू ने इन बातों को खारिज कर दिया कि सरकार और न्यायपालिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण उन्हें कानून मंत्री के पद से हटाया गया है। उनसे जब पूछा गया था कि क्या न्यायपालिका के

साथ बार-बार टकराव के कारण उन्हें हटाया गया, रीजीजू ने कहा, ऐसा कुछ नहीं है। मैंने पहले भी यह कहा है। आज आप मुझे नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दें। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में बृहस्पतिवार को चौंकाने वाले एक बदलाव के तहत किरेन रीजीजू को विधि एवं न्याय मंत्री के पद से हटाकर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का जिम्मा सौंप दिया गया। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल अब देश के विधि व न्याय (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री बन गए हैं।

मेघवाल को स्वतंत्र प्रभार दिए जाने के बाद इस महत्वपूर्ण मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में काम कर रहे सत्यपाल (एसपी) सिंह बघेल को हटाकर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री का जिम्मा सौंप दिया गया। रीजीजू ने विभिन्न विभागों को संभालने और अनुभव हासिल करने का मौका देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, सबसे पहले, हम पार्टी के कार्यकर्ता हैं। हम जिस भी पद पर हैं, हमें पार्टी के लिए काम करना होगा। प्रधानमंत्री मुझे जो भी काम सौंपेंगे, मैं करूंगा, लेकिन साथ ही मैं पार्टी के लिए भी काम करूंगा। हमें दोनों काम करने हैं। हम यह नहीं कह सकते कि मैं यह करूंगा और मैं ऐसा नहीं करूंगा।

अरुणाचल प्रदेश से तीसरी बार के लोकसभा सदस्य रीजीजू ने 2021 में कानून मंत्री के रूप में कैबिनेट रैंक में पदोन्नत होने से पहले मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में गृह राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री और युवा मामलों और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्य किया है। रीजीजू द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का प्रभार संभाले जाने के अवसर पर भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र और अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार विश्वजीत सहाय भी उपस्थित थे। सचिव एम रविचंद्रन सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी जी-20 अनुसंधान एवं नवोन्मेष पहल समूह (आरआईआईजी) के सम्मेलन के लिए दीव में हैं।

शाहरुख ने नरमी बरतने की अपील की थी मेरी ईमानदारी को सराहा था: समीर वानखेड़े

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को 2021 के मादक पदार्थ मामले में नहीं फंसाने के लिए रिश्वत मांगने के आरोपी एनसीबी के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े ने अपनी याचिका में दावा किया है कि खान ने उनकी ईमानदारी की की प्रशंसा थी और उनसे आर्यन के प्रति दया दिखाने का आग्रह किया था। वानखेड़े ने रिश्वतखोरी के लिए सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध करते हुए बंबई उच्च न्यायालय के समक्ष दायर अपनी याचिका में यह दावा किया। वानखेड़े ने याचिका में कहा कि खान ने मामले में राजनीतिक बयानबाजी की निंदा की थी।

व्हाट्स ऐप पर साझा संदेशों में से एक संदेश में खान ने कहा था, भगवान आपका भला करे। जब भी आप कहें तो मैं व्यक्तिगत रूप से आऊंगा और आपको गले लगाऊंगा। जब भी आपके

लिए सुविधाजनक हो कृपया मुझे बताएं। सच तो यह है कि मैं सदा से आपकी ईमानदारी का बहुत आदर करता रहा हूं, और अब यह कई गुना बढ़ गया है। बड़ा सम्मान। लव एसआरके (शाहरुख खान)। याचिका के मुताबिक, अभिनेता ने एक अन्य संदेश में कहा, कृपया थोड़ी दया दिखाएं, मैं केवल एक पिता के नाते यह आग्रह कर रहा हूं। वानखेड़े ने एक संदेश में अभिनेता से कहा कि वह बच्चे के प्रति दयालु रहना चाहते हैं और उसे सुधारात्मक दृष्टि से देखना चाहते हैं। लेकिन इस प्रयास को निहित स्वार्थी लोगों द्वारा बदनाम किया गया। अभिनेता ने जवाब दिया कि उनका बेटा उसका (मादक पदार्थ मामले) हिस्सा नहीं था और आप जानते हैं कि उसकी संलिप्तता न के बराबर है। उसे केवल सुधार की जरूरत है।

विकास के अधिकांश पहलुओं में अग्रणी है गुजरात, कोई भी लाभों से वंचित नही होना चाहिए: भूपेंद्र पटेल

केवडिया (गुजरात)। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को कहा कि विकास के अधिकांश पहलुओं में गुजरात अग्रणी है और जब संसाधनों की कोई कमी नहीं है, ऐसे में एक भी व्यक्ति लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। पटेल राज्य सरकार के अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय चिंतन शिविर की शुरुआत के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने 10 वें चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद भारत को एकजुट किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यों के बीच सर्वोत्तम नीतियों और प्रथाओं के पारस्परिक आदान-प्रदान की व्यवस्था बनाने के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं। इस शिविर का आयोजन पांच साल के अंतराल के बाद स्टैच्यू आफ यूनिटी के पास किया जा रहा है। पहला चिंतन शिविर 2003 में आयोजित किया गया था जब मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। गुजरात के मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के सत्ता में आने से पहले "विकासै शब्द का राजनीति में कोई स्थान नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास की राजनीति ने विभिन्न राज्यों के बीच तुलना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है। गुजरात विकास के अधिकांश पहलुओं में अग्रणी है और उसने हर क्षेत्र में नेतृत्व किया है। हमें यह देखना होगा कि जब हमारे पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है तो एक भी व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद भारत को एकजुट किया, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे बेहतर बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

सीबीआई के समक्ष पेश होंगे अभिषेक बनर्जी, कहा -सबूत है तो गिरफ्तार करे एजेंसी

कोलकाता-बाकुंड़ा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को सीबीआई को चुनौती दी कि यदि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार या कदाचार का कोई सबूत है तो वह उन्हें गिरफ्तार करे। सीबीआई ने स्कूल नौकरी घोटाले की जांच के सिलसिले में बनर्जी को शनिवार को एजेंसी के कोलकाता स्थित कार्यालय में पेश होने को कहा है। सीबीआई अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि बनर्जी को एक पत्र भेजकर यहां निजाम पैलेस स्थित सीबीआई कार्यालय में जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। उन्होंने बाकुंड़ा में शुक्रवार को एक रैली में कहा, मैं सीबीआई को चुनौती देता हूं कि यदि उनके पास मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई सबूत है तो वह मुझे गिरफ्तार करें। वे पिछले कई साल से बंगाल में कई मामलों की जांच कर रहे हैं। यदि उनके पास मेरे खिलाफ कोई सबूत है तो उन्हें मुझे गिरफ्तार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह आज शाम कोलकाता लौट जाएंगे। इससे पहले बृहस्पतिवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में अदालत के एक पुराने आदेश को वापस लेने के अनुरोध वाली तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी की याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने अपने पुराने आदेश में कहा था कि सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी जांच एजेंसियां शिक्षक भर्ती घोटाले में उनसे पूछताछ कर सकती हैं। टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी का नाम घोटाले में एक आरोपी कुंतल घोष द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत में सामने आया था। घोष ने आरोप लगाया है कि केन्द्रीय एजेंसियां उन पर भर्ती घोटाले में अभिषेक बनर्जी का नाम लेने का दबाव बना रही हैं।

टीएमसी के एक नेता ने कहा, अभिषेक बनर्जी पूर्वाह्न 11 बजे निजाम पैलेस में सीबीआई के कार्यालय में पेश होंगे। वह बांकुड़ा में एक कार्यक्रम करेंगे और फिर कोलकाता के लिए रवाना होंगे। बनर्जी ने भाजपा पर टीएमसी के चल रहे जनसंपर्क अभियान को रोकने के लिए केंद्रीय एजेंसी का "उपयोगै करने का आरोप लगाया और साथ ही यह भी कहा कि भाजपा इस कार्यक्रम को मिल रहे जनता के समर्थन से डर गई है।

उन्होंने यहां एक रोडशो को संबोधित करते हुए कहा, मैं जनता के अलावा किसी के सामने अपना सिर नहीं झुकाऊंगा। भाजपा जनसंपर्क अभियान को मिल रहे समर्थन से डरती है। सीबीआई ने मुझे बुलाया है, क्योंकि वे (भाजपा) चाहते हैं कि यह जनसंपर्क अभियान बंद हो जाए। बनर्जी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने आरोपों को निराधार बताया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा, "भाजपा का सीबीआई जांच से कोई लेना-देना नहीं है। अगर उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो वह इस तरह के आरोप क्यों लगा रहे हैं" टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी ने एक वाहन के ऊपर खड़े होकर संबोधन दिया और लोगों को उनके जबरदस्त प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

राजस्थान ने कायम रखी प्लेऑफ की उम्मीदें

●पंजाब को 4 विकेट से पराजित किया

भाषा। धर्मशाला

देवदत्त पडिक्कल (51) और यशस्वी जायसवाल (50) की अर्धशतकीय पारियों के बाद शिमरोन हेटमायर के 46 रन के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियल लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर अगर-मगर के साथ प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी है। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 187 रन बनाए थे लेकिन राजस्थान ने दो गेंद शेष रहते छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम 14 मैचों में 14 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है जबकि पंजाब 14 मैचों में आठवीं हार के साथ खिताब की दौड़ से बाहर हो गई। राजस्थान के साथ मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के भी 14-14 अंक है और इन दोनों टीमों को रविवार को अपना आखिरी लीग मैच खेलना है। इन मैचों में अगर इन दोनों टीमों को हार का सामना करना पड़ता है तो बेहतर नेट रन रेट वाली टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करेगी। पडिक्कल ने 30 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के जड़ने के साथ दूसरे विकेट के लिए जायसवाल के साथ 49 गेंद में 73 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। जायसवाल ने 36 गेंद की पारी में आठ चौके लगाए और हेटमायर के साथ 22 गेंद में 47 रन की साझेदारी की। हेटमायर ने 28 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। पंजाब के लिए कागिसो रबाडा ने 40 रन देकर दो विकेट लिए जबकि सैम कुरेन, अर्शदीप सिंह, नेथन एलिस और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट लिए। सैम कुरेन की नाबाद 49 रन की पारी के अलावा पांचवें विकेट के लिए जितेश शर्मा (44) के साथ 44 गेंद में 64 और छठे विकेट के लिए शाहरुख खान (नाबाद 41) के साथ 37 गेंद में 73 रन की अटूट साझेदारी के दम पर पंजाब किंग्स ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पंजाब की टीम सातवें ओवर में 50 रन पर चौथा विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में थी लेकिन इन तीनों की बेखौफ बल्लेबाजी से टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। टीम ने आखिरी दो ओवर में 46 रन बटोरे। इंग्लैंड के हरफनमौला कुरेन ने 31 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि जितेश ने 28 गेंद की पारी में तीन छक्के और इतने ही चौके लगाए। शाहरुख ने 23 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। राजस्थान के लिए नवदीप सैनी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 40 रन देकर तीन विकेट लिए। ट्रेंट बोल्ट और एडम जम्पा को एक-एक सफलता मिली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने पहले ओवर में कुरेन के खिलाफ हैट्रिक चौका जड़ा लेकिन रबाडा ने दूसरे ओवर में जोस बटलर को खाता खोले बगैर आउट कर दिया। पडिक्कल ने क्रीज पर आते ही रबाडा और फिर अर्शदीप के खिलाफ चौका और छक्का लगाया। उन्होंने छठे ओवर में रबाडा के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाया जिससे पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 57 रन हो गया। जायसवाल इसके बाद दौड़कर रन लेने पर ध्यान दे रहे थे तो दूसरे छोर से पडिक्कल ने एलिस और राहुल चाहर के खिलाफ चौके जड़ने के बाद 10वें ओवर में अर्शदीप पर छक्का लगाने के बाद दो रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। अगली गेंद पर हरप्रीत ने शानदार कैच पकड़ कर उनकी पारी का अंत किया।राहुल चाहर ने अगले ओवर में संजू सैमसन (दो रन) को आउट कर राजस्थान को बड़ा झटका दिया। हेटमायर ने 12वें ओवर में अर्शदीप, 13वें ओवर में एलिस और 14वें ओवर में कुरने के खिलाफ छक्के लगाए तो वही जायसवाल ने इन ओवरों में चौका जड़ा। जायसवाल ने 15वें ओवर में एक रन के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में हालांकि एलिस ने उन्हें पवेलियन की राह दिखा दी।

स्कोरबोर्ड

पंजाब किंग्स पारी:प्रभसिमरन का एंव बो बोल्ट 02,धवन,पगबाधा जम्पा 17,अथर्व तायडे का पडिक्कल बो सैनी 19,लविंगस्टोन बो सैनी 09, कुरेननाबाद 49,शर्मा का स्थानापन्न (डी फ्रेरा) बो सैनी 44,शाहरुख नाबाद 41,अतिरिक्तः (नो बोलः 01, वाइडः 05) 06,कुल योगः (20 ओवर मे पांच विकेट पर) 187 रन,विकेट पतनः1-2, 2-38, 3-46, 4-50, 5-114,गेदबाजीः ट्रेंट 4-0-35-1,संदीप 4-0-46-0,सैनी 4-0-40-3,जम्पा4-0-26-1,चहल 4-0-40-0

राजस्थान रॉयल्स पारीः जायसवाल का स्थानापन्न (आर धवन) बो एलिस 50, बटलर पगबाधा रबाड़ा 00 ,पडिक्कल का हरप्रीत बो अर्शदीप 51, सैमसन का स्थानापन्न (आर धवन) बो चाहर 02, हेटमायर का शिखर धवन बो कुरेन 46,पराग का तायडे बो रबाडा 20,जुरेल नाबाद 10 बोल्ट नाबाद 01, अतिरिक्तः (लेग बाईः 01, नोबॉल 01, वाइडः 07) 09,कुल योगः (19.4 ओवर मे छह विकेट पर) 189 रन ,विकेट पतन-1-12, 2-85, 3-90, 4-137, 5-169, 6-179,गेदबाजीःकुरेन 4-0-46-1,बाडा 4-0-40-2,सिंह 4-0-40-1, एलिस, चाहर 3.4-0-28-1

आईपीएल-16 स्टेडियम से

कोहली ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया : लारा

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच ब्रायन लारा ने स्वीकार किया कि विराट कोहली ने उनकी टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन उन्होने कहा कि यह बता पाना मुश्किल है कि उनकी टीम घरेलू मैदान पर सात मे से छह मैच क्यो हारी जिससे कि उसकी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ मे पहुंचने की संभावना भी समाप्त हो गई। टूर्नामेंट से पहले ही बाहर हो चुकी सनराइजर्स हैदराबाद ने हेनरिक क्लासेन के शानदार शतक की मदद से पांच विकेट पर 186 रन का अच्छा स्कोर बनाया। लारा ने टीम की 13 मैचो मे नौवी हार के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कहा, हमारे खिलाड़ियो ने बेहतरीन क्रिकेट खेली लेकिन विराट कोहली ने हमारे खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। फाफ इस पूरे सत्र मे आरसीबी की तरफ से बेहतरीन भूमिका निभा रहा है। उसके पास अभी ऑरेंज कैप है। इस तरह से हमारा मुकाबला दो विश्वस्तरीय खिलाड़ियो से था और कुल मिलाकर मेरा मानना है कि हमारे खिलाड़ियो मे अच्छा प्रयास किया।

मोहसिन का सही से ध्यान रखने की जरुरतः मोर्केल

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेदबाज मोर्ने मोर्कल का मानना है कि भारत के बाएं हाथ के तेज गेदबाज मोहसिन खान भविष्य के सितारे की तरह है लेकिन 24 साल के इस खिलाड़ी की अच्छी तरह से देखभाल की जानी चाहिए। घरेलू क्रिकेट मे उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले मोहसिन ने इंडियन प्रीमियर लीग मे पिछले सत्र (नौ मैच मे 14 विकेट और 5.97 का इकोनॉमी रेट) के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए इस सत्र मे लखनऊसुपर जायंट्स को पिछले मैच मे मुंबई इंडियंस के खिलाफ यादगार जीत दिलाई। मोहसिन ने टिम डेविड और कैमरून ग्रीन जैसे आक्रमक बल्लेबाजो के खिलाफ आखिरी ओवर मे 11 रन का बचाव करते हुए सिर्फ पांच रन खर्च किए थे। मोहसिन गंभीर चोट के कारण लगभग 12 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे। उनकी चोट इतनी गंभीर थी कि अगर सही समय पर इलाज नही होता तो चिकित्सको को उनका हाथ काटना पड़ता।

साव ने इस सत्र में दिल्ली निराश कियाः वाटसन

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच शेन वाटसन का मानना है कि पृथ्वी साव को अपनी अद्भुत प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर राज करना चाहिए था लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र मे इस सलामी बल्लेबाज की विफलता टीम के लिए सबसे बड़ी निराशा रही। इस आईपीएल सत्र से पहले मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उम्मीद जताई थी कि साव के लिए यह सत्र सबसे सफल होगा लेकिन यह प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज बुरी तरह विफल रहा है। शुरुआती छह मैचो के बाद उन्हे टीम से बाहर कर दिया गया जिससे दिल्ली की बल्लेबाजी की समस्या और बढ़ गई। वाटसन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टीम के आखिरी लीग मैच से पहले कहा, इस सत्र मे दिल्ली कैपिटल्स के सबसे निराशाजनक चीजो मे से पृथ्वी साव एक रहे है। उनकी बल्लेबाजी देखने मे शानदार लगती है।

दुर्भाग्य से हम घरेलू परिस्थितियों का फायदा नही उठा पाएः केकेआर कोच पंडित

कोलकाता। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने शुक्रवार को घरेलू मैचो का फायदा उठाने मे नाकाम रहने का दोष आने ऊपर लेते हुए कहा कि ईडन गार्डन्स की पिच मे कुछ भी गलत नही है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 14 मई को जीत दर्ज करने के बाद केकेआर के कप्तान नीतीश राणा ने कहा था कि उनकी टीम को छोड़कर हर टीम ने आईपीएल मे घरेलू परिस्थितियो का फायदा उठाया। दो बार की आईपीएल चैंपियन केकेआर ईडन गार्डन्स पर अपने छह मे से चार मैच हारकर बाहर होने की कगार पर है। राणा की टिप्पणी के बाद केकेआर और मेजबान बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू कर दिया था। पंडित ने हालांकि कहा कि राणा की बातो का गलत मतलब निकाला गया और उन्होने यहां की पिचो पर कभी दोष नही मढ़ा।पंडित ने लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ अपने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मुझे लगता है कि आप लोगो ने इसे (राणा की टिप्पणियो) गलत समझा है। घरेलू लाभ का मतलब है कि जब हम घर पर खेलते है, तो हम जीतना चाहते है। उन्होने कहा, यह पिचो या किसी और चीज के बारे मे नही है। मै मैच जीतने की बात कर रहा हूं, और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यहां घरेलू मैदान का फायदा होने के बावजूद हम कई मुकाबले जीतने मे नाकाम रहे। पंडित से जब पूछा गया कि क्या उन्हे यहां की पिच से निराशा हुई तो उन्होने कहा, समय के साथ हर जगह पिचो मे नाटकीय बदलाव आया है। कोई भी इस बात की गारंटी नही दे सकता विशेष मैच मे पिच का व्यवहार कैसा होगा। कई टीमे इस टूर्नामेंट मे घरेलू परिस्थितियो का फायदा नही उठा पाई है।

अल्टीमेट टेटे में आकर्षण का केंद्र होंगे कादरी, शरत, साथियान और मनिका

मुंबई। स्टार खिलाड़ी शरत कमल, जी साथियान और मनिका बत्रा जैसे भारतीय खिलाड़ियों के अलावा नाइजीरिया के विश्व मे 12वें नंबर के अरुणा कादरी आगामी अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) मे आकर्षण का केंद्र होंगे। अल्टीमेट टेबल टेनिस का चौथा सत्र 13 से 30 जुलाई के बीच पुणे के बालेवाडी खेल परिसर मे आयोजित किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियो का ड्राफ्ट अगले महीने मुंबई मे जारी होगा। प्रत्एक टीम 40 खिलाड़ियो के पूल से दो विदेशी (एक पुरुष और एक महिला) और चार भारतीय (दो पुरुष और दो महिला) खिलाड़ियो का चयन कर सकती है।

गुरजोत व गनेमत को इटली में प्रशिक्षण की मंजूरी मिली

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) ने निशानेबाज गनेमत सेखो और गुरजोत सिंह को अपने विदेशी कोच क्रमशः पिएरो गेगा और एन्नियो फाल्को की देखरेख मे इटली मे प्रशिक्षण लेने की मंजूरी दे दी है। हाल मे काहिरा मे आईएसएसएफ विश्व कप मे मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाली गनेमत वर्तमान मे देश की नंबर एक महिला स्कीट निशानेबाज है। वह इटली के बारी मे 11 दिन का प्रशिक्षण लेगी। गुरजोत इटली के ही कापुआ मे 10 दिन तक अभ्यास करेंगे। यह दोनो निशानेबाज लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) मे शामिल है।

हिमालयन क्लब की जीत में जमाल का शतक

लखनऊ । मैन ऑफ द मैच जमाल काजिम-108 के शतक से हिमालयन क्लब ने द्वितीय श्री राजेश सिंह मेमोरियल नाइट कॉरपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में टीसीसी को 19 रन से हराया। पार्थ रिपब्लिक ग्राउंड पर गुरुवार रात खेले गए मैच में हिमालयन क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 203 रन का विशाल स्कोर बनाया। जमाल काजिम ने 57 गेंदों पर 10 चौके व 5 छक्के से 108 रन की आतिशी शतकीय पारी खेली। करुणेश उपाध्याय ने 46 व अजीम रहमान ने नाबाद 24 रन का योगदान किया। टीसीसी से मयंक वर्मा को दो विकेट मिले। जवाब में टीसीसी लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 184 रन ही बना सका और जीत से 19 रन दूर रह गया। टीम से मयंक वर्मा 54 ने अर्धशतक जड़ा जबकि देवेश ने 30 व आदिल पाशा ने 25 रन जोड़े। हिमालयन क्लब से अनिल, राजेंद्र कुमार व मुन्ना भाई ने दो-दो विकेट हासिल किए।

कैम्पस ने उमरान मलिक के साथ गठजोड़ किया

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े स्पोर्ट्स और एथलीजर फुटवियर ब्रांड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर ने अपनी नाइट्रोफ्लाई रेंज के लॉन्च के लिए देश के सबसे तेज गेंदबाज उमरान मलिक के साथ गठजोड़ किया है। अपने असाधारण प्रदर्शन और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध उमरान मलिक क्रि केट के प्रति अपने जुनून और दक्षता के साथ कैंपस की नाइट्रोफ्लाई रेंज से जुड़े है। टैगलाइन व्हाई रन व्हेन यू कैन फ्लाई के साथ नाइट्रो टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित ये जूते लोगों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करने में सक्षम बनाते हैं। कैंपस एक्टिववियर की नाइट्रोफ्लाई रेंज एथलेटिक फुटवियर का एक शानदार कलैक्शन है जिसे इस तरह डिजाइन किया गया है, ताकि रोजमर्रा के जीवन में पहले से ही एक्टिव रहने वाले लोगों की सक्रियता के स्तर को और बढ़ाया जा सके। सीईओ निखिल अग्रवाल ने कहा कि हमें अपनी नाइट्रोफ्लाई रेंज के लिए उमरान मलिक के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है। क्रिकेट की दुनिया में उमरान की शानदार परफॉर्मेंस के अनुसार ही कैंपस एक्टिववियर भी खास उन लोगों के लिए हैं जो किन्हीं सीमाओं को नहीं मानते और हमेशा नई ऊंचाइयों को हासिल करने में यकीन करते हैं।

प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगा लखनऊ

●लगातार दूसरे साल मिल सकता है मौका केकेआर पर जीत जरुरी

भाषा। कोलकाता

फुटबॉल की स्थानीय दिग्गज टीम मोहन बागान के रंग की जर्सी पहनकर ईडन गार्डन्स पर उतरने के लिए तैयार लखनऊसुपरजाइंट्स की टीम शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ जीत दर्ज करके लगातार दूसरे साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाना चाहेगी। केकेआर के लिए यह सत्र अच्छा नहीं रहा है और उसकी टीम विजई संयोजन तैयार करने में नाकाम रही है। इसका परिणाम यह रहा कि उसे अभी तक 13 मैचों में से सात में हार का सामना करना पड़ा और इनमें से चार मैच उसने अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स पर गंवाए। केकेआर के बल्लेबाज अब भी लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं जबकि उसके तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभव की कमी साफ नजर आती है। इसके अलावा उसका क्षेत्ररक्षण भी दोयम दर्जे का रहा है। रिंकू सिंह और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ियों के प्रदर्शन से केकेआर की टीम की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना अभी समाप्त नहीं हुई है। जिस तरह के समीकरण बन रहे हैं उसमें चार टीम 14 अंकों के साथ अपने अभियान का समापन कर सकती हैं और ऐसे में बेहतर नेट रन रेट वाली टीम प्लेऑफ में पहुंचेगी। केकेआर के अभी 12 अंक हैं और उसे न सिर्फ बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी बल्कि पंजाब किंग्स (बनाम राजस्थान रॉयल्स), गुजरात टाइटन्स (बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) और सनराइजर्स हैदराबाद (बनाम मुंबई इंडियंस) की जीत के लिए भी प्रार्थना करनी होगी। लखनऊ की टीम हालांकि इस तरह के समीकरण में नहीं फंसी हुई है और वह जीत दर्ज करने पर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएगी।

धोनी का घुटना सौ फीसदी फिट नही

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने कहा कि कप्तान महेंद्र सिंह धोनी विकेटो के बीच दौड़कर अपने घुटने पर दबाव नही डालना चाहते इसलिए बल्लेबाजी क्रम मे नीचे उतरकर फिनिश करना चाहते है। धोनी पूरे आईपीएल मे घुटने की चोट से जूझते रहे है लेकिन इसके बावजूद विकेटकीपिंग की और आठवे नंबर तक उतरकर संक्षिप्त लेकिन उपयोगी पारियां खेली। हसी ने कहा , यह स्पष्ट है कि वह आखिरी कुछ ओवर मे ही उतरना चाहते है।

चेन्नई की निगाह प्लेऑफ में जगह बनाने का, जीत के साथ सत्र का समापन करने उतरेगी दिल्ली

नई दिल्ली। करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई मे चेन्नई सुपर किंग्स शनिवार को यहां होने वाले मैच मे दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ मे अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। दिल्ली की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है और वह जीत के साथ इस सत्र का समापन करके चेन्नई के समीकरण बिगाड़ने मे कोई कसर नही छोड़ेगी। चेन्नई की टीम अभी 13 मैचो मे 15 अंको के साथ दूसरे स्थान पर है लेकिन दिल्ली के खिलाफ हार से उसकी प्लेऑफ मे पहुंचने की संभावना क्षीण पड़ जाएगी। इस मैच मे जीत से चेन्नई का प्लेऑफ मे स्थान पक्का हो जाएगा लेकिन वह दूसरे स्थान पर रहेगी या नही इसका निर्धारण लखनऊ

सुपरजाइंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाले मैच से तय होगा। लखनऊके भी 15 अंक है लेकिन चेन्नई का नेट रन रेट उससे बेहतर है। फिलेज शाह कोटला का विकेट धीमा है जो कि चेन्नई की रणनीति के अनुकूल है।

ओजस व ज्योति ने पदक पक्का किया

●तीरंदाजी विश्व कप : फाइनल कोरिया से

भाषा। शंघाई

भारत की कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने शुक्रवार को यहां फाइनल में जगह बनाकर विश्वकप के दूसरे चरण में पदक पक्का किया लेकिन रिकर्व तीरंदाजों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेनम की भारतीय जोड़ी ने एक रोमांचक सेमीफाइनल में इटली की अपनी प्रतिद्वंदी टीम को 157-157 (19-19) से हराकर विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। भारत की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से होगा। पिछले महीने अंताल्या में विश्वकप के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय जोड़ी की फाइनल में यहां कड़ी परीक्षा होगी। भारतीय जोड़ी ने प्री-क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश को 158-151 से आसानी से पराजित किया, जबकि अगले दौर में उन्होंने तुर्की की मजबूत टीम पर 157-156 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में इटली की एलिसा रोनर और एलिया फ्रीगनन ने पहले चक्र में परफेक्ट 40 का स्कोर बनाते हुए एक अंक की बढ़त हासिल की। इटली की टीम ने तीसरे चक्र में 40 का स्कोर बनाया और अपनी बढ़त दो अंकों (117-119) की कर दी।लेकिन ओजस और ज्योति ने बेहतरीन वापसी की और चौथे दौर में 40 का स्कोर बनाकर मुकाबले को शूट ऑफ तक खींच दिया जिसमें भारतीय जोड़ी के तीर केंद्र के अधिक करीब रहे और इस आधार पर उसने फाइनल में जगह बनाई। लेकिन ओलंपिक में शामिल रिकर्व स्पर्धा में भारत को निराशा हाथ लगी।

यौन उत्पीड़न रोकथाम संबंधी नीति को एसजीएम में मंजूरी देगा बीसीसीआई

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड अहमदाबाद में 27 मई को होने वाली आमसभा की विशेष बैठक में यौन उत्पीड़न रोकथान (पीओएसएच) संबंधी नई नीति को मंजूरी देगा। इसके साथ ही अक्टूबर नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों की देखरेख के लिए कार्यसमूह का गठन भी किया जाएगा। एसजीएम के पांच सूत्रीय एजेंडे में बुनियादी ढांचा विकास और सब्सिडी उपसमिति का गठन, प्रदेश टीमों में फिजियोथेरेपिस्ट और ट्रेनर की नियुक्ति संबंधी दिशा निर्देश, आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए कार्यसमूह का गठन, महिला प्रीमियर लीग की समिति का गठन और यौन उत्पीड़न रोकथाम नीति को स्वीकृति देना शामिल है।

डब्ल्यूटीसी फाइनल में कोहली के विकेट पर रहेगी आस्ट्रेलिया की नजरें : पोंटिंग

भाषा। नई दिल्ली

आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का मानना है कि अगले महीने होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में विराट कोहली के विकेट पर आस्ट्रेलिया के हर गेंदबाज की नजरें होंगी चूंकि उसका आत्मविश्वास आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद काफी बढ़ा है। सात जून से इंग्लैंड के ओवल पर भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के पूर्वावलोकन के मौके पर आस्ट्रेलिया के सफलतम पूर्व कप्तान ने कहा , एक महीने पहले बेंगलोर में आईपीएल मैच के दौरान मेरी विराट से बात हुई और उसने बताया कि वह महसूस कर रहा है कि अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आया है। कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बृहस्पतिवार को खेले गए मैच में आईपीएल में अपना छठा शतक जड़ा और अब तक 13 मैचों में 538 रन बना चुके हैं। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की गदा के अनावरण के मौके पर पोंटिंग ने कहा , मुझे यकीन है कि आस्ट्रेलिया के सभी गेंदबाजों की नजरें उसके विकेट पर होगी। फाइनल मुकाबला भारत के शीर्षक्रम और आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों के बीच रहेगा ।

टेस्ट के विकास के लिए भुगतान सुधार जरूरी

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छोटे टेस्ट देशों के खिलाड़ियों को भी टेस्ट खेलने के लिए अच्छा भुगतान किया जाए। पोंटिंग ने वेस्टइंडीज के क्रिकेटरो का उदाहरण दिया जो वित्तीय कारणों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर फ्रेंचाइजी क्रिकेट को तरजीह देते है। सात जून से भारत और आस्ट्रेलिया के बीच ओवल पर होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले आईसीसी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम मे पोंटिंग से पूछा गया था कि क्या टी20 लीग के दौर मे युवा टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहेंगे। अलग अलग देशो मे इस सवाल के अलग अलग जवाब है। वेस्टइंडीज मे टेस्ट क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाले युवाओ को तराशना काफी मुश्किल होता जा रहा है। फ्रेंचाइजी लीग की तुलना मे उन्हे उतना पैसा नही मिलता। श्रीलंका और बांग्लादेश का भी यही हाल है। भारत , इंग्लैड और आस्ट्रेलिया मे ऐसा नही है जहां टेस्ट क्रिकेट खेलने पर अच्छा पैसा मिलता है और अधिकांश क्रिकेटर टेस्ट खेलना चाहते है।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जीत की राह पर लौटना चाहेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

एडीलेड। निराशाजनक शुरूआत के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जीत की राह पर लौटकर श्रृंखला में बराबरी करना चाहेगी। इस साल के आखिर में होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी के लिए अहम मानी जा रही इस श्रृंखला के पहले मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत को 4 . 2 से हराया। आस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड पंक्ति ने भारतीय डिफेंस को शुरू ही से दबाव में रखा। पहले क्वार्टर में कोई टीम गोल नहीं कर सकी लेकिन दूसरे क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने छह मिनट के भीतर दो गोल दागे। तीसरे क्वार्टर में दो और गोल हुए। वहीं भारतीय टीम के लिए संगीता कुमारी ने 29वें और शर्मिला देवी ने 40वें मिनट में गोल किया। भारतीय टीम ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। कप्तान सविता ने कई गोल बचाए लेकिन बाकी डिफेंडरों से उन्हें इतना सहयोग नहीं मिल सका जिससे आस्ट्रेलिया ने आसानी से गोल दागे।

मेदवेदेव इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में

● अब मुकाबला सिटसिपास से

भाषा। रोम

दानिल मेदवेदेव ने क्ले कोर्ट पर अपने खेल में सुधार जारी रखते हुए इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला स्टेफानोस सिटसिपास से होगा। विश्व में तीसरी रैंकिंग के रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव ने जर्मन क्वालीफायर यानिक हैनफमैन को 6-2, 6-2 से पराजित किया। इससे उन्होंने 28 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन की पुख्ता तैयारियों का सबूत भी पेश किया जहां वह 2021 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। सिटसिपास ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में बोर्ना कॉरिच को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरी बार इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। फ्रेंच ओपन में इस बार 14 बार के चैंपियन राफेल नडाल हिस्सा नहीं लेंगे जिससे किसी ने चैंपियन के लिए रास्ता खुल गया है।

अंडर-17 फुटबॉल टीम जर्मनी में अपना दूसरा अभ्यास मैच खेलेगी

नई दिल्ली। थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप की तैयारी के तहत भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम शनिवार को जर्मनी के रॉटलिंगन में अपने दूसरे अभ्यास मैच में एसएसवी रॉटलिंगन अंडर-16 टीम से भिड़ेगी। स्पेन में कुछ अभ्यास मैच खेलने के बाद भारतीय टीम को जर्मनी पहुंचे तीन दिन हो चुके हैं। भारत की इस अंडर-17 टीम ने स्पेन में एटलेटिको डी मैड्रिड, रियल मैड्रिड, लेवांते, गेटाफे जैसी क्लबों की युवा टीमों के खिलाफ अभ्यास मैचों में भाग लिया। जर्मनी में शुरुआती अभ्यास मैच में टीम को वीएफबी स्टुटगार्ट की युवा टीम से 1-3 की हार का सामना करना पड़ा। स्टुटगार्ट की टीम में अंडर-16 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी थे। भारतीय अंडर-17 टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने एक विज्ञप्ति में कहा, जर्मनी में हमारी शुरुआत काफी व्यस्त रही। हम मंगलवार को पहुंचे और बुधवार को हमारा पहला मैच था, लेकिन खिलाड़ियों के लिए यह अच्छा अनुभव है।

हमारे पदकों पर बृजभूषण की टिप्पणी अपमानजनक : प्रदर्शनकारी पहलवान

भाषा। नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की उनके इस कथित बयान के लिए आलोचना की है कि एक पदक 15 रूपए का आता है और पहलवानों को वह करोड़ों रूपए भी वापिस करने चाहिए जो सरकार ने उनके प्रशिक्षण पर खर्च किए हैं। महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप झेल रहे बृजभूषण ने एक वीडियो इंटरव्यू में कहा है कि पहलवानों को सिर्फ पदक ही नहीं , करोड़ों रूपए भी लौटाने चाहिए जो उनके प्रशिक्षण पर खर्च हुए हैं। जंतर मंतर पर प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे बजरंग ने शुक्रवार को कहा कि जिस पदक की बृजभूषण ने 15 रूपए का बताकर तौहीन की है, उसके पीछे 15 साल की मेहनत है। उन्होंने मुझे पदक दान में नहीं दिया है। मैने अपने खून पसीने से देश के लिए जीता है। अगर हमारी उपलब्धियों का जरा भी सम्मान होता तो वह ए शब्द नहीं बोलता। साक्षी मलिक ने कहा कि गुडियों से खेलने की उम्र में वह अखाड़े में कुश्ती लड़ रही थी।

पहलवानों की जायज मांगें पूरी हों, निष्पक्ष जांच होः सचिन पायलट

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने शुक्रवार को कहा कि प्रदर्शनकारी पहलवानो की जायज मांग जल्द से जल्द पूरी करके देश के कानून के दायरे मे निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई खेलो की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट सहित प्रदर्शनकारी पहलवानो के समर्थन मे पायलट सुबह जंतर मंतर पहुंचे थे। पायलट ने कहा, जो भी मेरी बात सुन रहे है उन से मेरा अनुरोध है कि खिलाड़ियों की सभी जायज मांगो को जल्द से जल्द पूरा किया जाए और देश के कानून और संविधान के तहत कार्वाई की जाए। (संविधान मे